

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

खबरों की बुलंद आवाज

उज्ज्वल दुनिया

वर्ष, 09 | पृष्ठ 12 | अंक 287 | रांची, बुधवार, 17 अप्रैल 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com

नवरात्रि

नवरात्रि के नौवें दिन मां दुर्गा की 9वीं शक्ति माता सिद्धिदात्री की पूरे विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की जाती है। माता दुर्गा का यह स्वरूप सिद्ध और मोक्ष देने वाला है इसलिए माता को मां सिद्धिदात्री कहा जाता है। इनकी पूजा अर्चना करने से सभी कार्य सिद्ध होते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। मां दुर्गा के इस स्वरूप की पूजा देव, दानव, ऋषि-मुनि, यक्ष, साधक, किन्नर और गृहस्थ आश्रम में जीवनयापन करने वाले भक्त मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना करते हैं। इनकी पूजा अर्चना करने से धन, यश और बल की प्राप्ति होती है।

नेशनल गेम्स घोटाला मामले में पंकज यादव ने प्रोटेस्ट पीटीशन दाखिल की

रांची। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को 34वें नेशनल गेम्स घोटाला मामले में सुनवाई हुई। इस दौरान हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर करने वाले आरटीआई कार्यकर्ता पंकज यादव ने मामले की सीबीआई जांच के लिए प्रोटेस्ट पीटीशन दाखिल की। साथ ही उन्होंने विधानसभा कमिटी की रिपोर्ट भी कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया।

आरटीआई कार्यकर्ता ने कोर्ट के समक्ष अपनी सुरक्षा का मामला भी उठाया है। पंकज यादव ने कोर्ट को बताया है कि उन पर पिछले दिनों एक केस किया गया है, ताकि जांच प्रभावित की जा सके। इसके बाद कोर्ट ने दोनों ही बिंदुओं पर सीबीआई से जवाब मांगा है।

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 23 अप्रैल को

रांची। जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी ने अदालत में जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। अब अदालत ने मामले में 23 अप्रैल को अगली सुनवाई निर्धारित की है। फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं।

नेशनल गेम्स घोटाला मामले में पंकज यादव ने प्रोटेस्ट पीटीशन दाखिल की

रांची। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को 34वें नेशनल गेम्स घोटाला मामले में सुनवाई हुई। इस दौरान हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर करने वाले आरटीआई कार्यकर्ता पंकज यादव ने मामले की सीबीआई जांच के लिए प्रोटेस्ट पीटीशन दाखिल की।

यूपीएससी परीक्षा में गढ़वा डीसी की पुत्री को 89वां रैंक, तीसरे प्रयास में सफलता

पलामू, एजेंसी

पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढ़वा के उपायुक्त शेखर जमुआर की बेटी साक्षी जमुआर ने यूपीएससी परीक्षा में 89वां रैंक हासिल किया है। साक्षी जमुआर (24) का यह तीसरा प्रयास था। वह साल 2021 से लगातार यूपीएससी की परीक्षा दे रही थी। पिछली दो परीक्षाओं में उसे असफलता प्राप्त हुई थी, लेकिन अपने तीसरे प्रयास में उसने ऑल ओवर इंडिया 89वां रैंक प्राप्त किया है। साक्षी गढ़वा में ही उपायुक्त आवास पर अपने माता-पिता के साथ रहती है।

यूपीएससी के रिजल्ट की घोषणा होने के बाद उपायुक्त शेखर जमुआर एवं साक्षी जमुआर को बधाई देनेवालों का तांता लग गया। गढ़वा के प्रशासनिक पदाधिकारियों, कर्मियों एवं अन्य चाहनेवालों ने उपायुक्त को फोन कर एवं मिलकर उनके पुत्री की इस सफलता के लिये उन्हें बधाई दी।

बीपीएससी में भी प्राप्त किया था 48वां स्थान

साक्षी ने बताया कि उसकी प्राथमिक शिक्षा डीपीएस रांची में हुई है। इसके बाद उसने डीबीएम श्यामली से ह्यूमनिटी विषय से 12वीं तक की पढ़ायी की। इसके बाद उसने साल 2021 में एनएलयू रांची से लॉ पूरा किया है। साक्षी ने बीपीएससी में भी सफलता प्राप्त की है। इसी साल जनवरी में आये रिजल्ट में उसे 48वां रैंक प्राप्त हुआ है और प्रोबेशनल ऑफिसर के रूप में उसे जेल में ज्वाईन करने को कहा गया है, लेकिन उसने यूपीएससी का रिजल्ट आने तक इसे ज्वाईन नहीं करने का फैसला लिया था। यदि साक्षी को यूपीएससी में सफलता नहीं मिलती तो वह इसे ज्वाईन कर लेती। साक्षी का एक बड़ा भाई भी है, जो डेटा साईंस से आईआईटी कर रहा है।

10वीं में ही लक्ष्य तय कर लिया था, जुट गयी थी तैयारी में: साक्षी जमुआर

अपनी सफलता के बारे में साक्षी जमुआर ने बताया कि जब वह 10वीं में थी, तभी उसने यह निर्णय कर लिया था कि उसे यूपीएससी की तैयारी करनी है। वह तभी इस लक्ष्य को तय कर तैयारी करने में लग गयी थी। उसने कहा कि वह प्रतिदिन चार से पांच घंटे तक पढ़ाई करती थी। परीक्षा के दिनों में पढ़ायी के घंटे 10 से 12 हो जाते थे। उसने कहा कि जो भी विद्यार्थी यूपीएससी की तैयारी में लगे हुये हैं, वे सिलेबस को अच्छी तरह से परख लें, उसके अलावे दायें-बायें नहीं देखें। इसके अलावे प्रैक्टिस पर ध्यान दें। उसने बताया कि यूपीएससी की परीक्षा के लिये उसने ऑनलाईन पढ़ाई कर तैयारी की है। उसे बैडमिंटन खेलना, पेंटिंग बनाना एवं डायरी लिखने का शौक है। उसने बताया कि वह अधिकारी बनकर ग्रास रूट पर काम करना पसंद करेगी।

गढ़वा मेरे लिये काफी लक्की साबित हुआ: शेखर जमुआर

अपनी पुत्री की सफलता पर उपायुक्त शेखर जमुआर ने बताया कि किसी भी मां-बाप के लिये इससे ज्यादा बड़ी खुशी की बात दूसरी नहीं हो सकती है। जब बच्चे सफलता प्राप्त करते हैं, तो मां-बाप को खुशी होती ही है।

झुमरीतिलैया के सिद्धांत ने यूपीएससी में 114वां स्थान पाया

कोडरमा। झुमरीतिलैया शहर के बिशनपुर रोड निवासी श्याम नंदन सिंह के पुत्र सिद्धांत कुमार ने यूपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल की है। उन्होंने ऑल इंडिया रैंक 114वां स्थान प्राप्त किया है। इससे पहले वह बीएससी में पांचवा स्थान प्राप्त कर टैक्स कमिश्नर बने थे और अभी बिहार के गया जिला में प्रतिस्थापित हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के साथ पूरे परिवार को दिया। इधर उनकी सफलता पर सीडी कॉलोनी मोहल्ले में उत्साह है। उनके चाचा रघु प्रताप सिंह ने मोहल्ले वासियों का मुंह मीठा कराया।

भाजपा को बड़ा झटका, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने दिया इस्तीफा

कोडरमा। चुनाव से पहले कोडरमा संसदीय क्षेत्र में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। बरकट्ठा से भाजपा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव समेत उनके 117 सहयोगी कार्यकताओं ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी कार्यकताओं ने मंगलवार को बरकट्ठा में चिंतन बैठक कर सामूहिक रुप से इस्तीफा दिया।

जानकी यादव के इस्तीफा देने के बाद अटकलें काफी तेज हो गई हैं कि अब वे किस पार्टी का दामन थामेंगे। जानकी प्रसाद यादव ने इस्तीफा देने के बाद भाजपा पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि कोडरमा लोकसभा सीट से चुनाव समिति में जगह नहीं मिला जिसके कारण बहुत दुखी हूं। 2019 के लोकसभा चुनाव में कोडरमा सीट से बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से भारी मत मिला था। पर इसके बाद भी पार्टी एक बार पूछने भी नहीं आई। 2024 लोकसभा चुनाव में पार्टी ने मेरा नाम काटकर निर्दलीय विधायक अमित यादव को शामिल किया है, जिसे पार्टी ने 6 साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया था। इस कारण से कार्यकताओं में काफी रोष है। हालांकि इस्तीफा के बाद जानकी प्रसाद के दूसरे पार्टी में शामिल होने की अभी तक कोई सूचना नहीं मिली है। पर सम्भावना है कि वे राजद या झामुमो का दामन थाम सकते हैं।

संभावित हार को देखते हुए मोदी टीम उतर आयी धर्म पर : सुप्रियो भट्टाचार्य

रांची। झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि इंडी गठबंधन 21 अप्रैल को उलगुलान न्याय महारैली के माध्यम से झारखंड में शंखनाद करेगा। इंडी गठबंधन के सभी बड़े नेता इस महारैली में आ रहे हैं और सभी जानते हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ क्या हुआ है। भाजपा खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे का काम कर रही है। इस रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, शरद पवार, प्रियंका चतुर्वेदी, सीताराम येचुरी, दीपांकर भट्टाचार्य, डी राजा, फारूख अब्दुल्ला सहित कई राष्ट्रीय नेता शामिल होंगे।

भट्टाचार्य मंगलवार को हरमू रोड स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और उनकी टीम संभावित हार को देखते हुए धर्म पर उतर रही है। बेरोजगारी, महंगाई पर बहस करना तो दूर उसे अपने घोषणा पत्र में भी शामिल नहीं किया। अब कोई चारा नहीं देखकर फिर से मोदी टीम धर्म का सहारा लेने लगी है। सनातन, हिंदू-मुस्लिम की बातें होने लगी है। हद तो तब हो गयी कि बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे को चुनावी एजेंडा में नहीं डाला, मगर 2037 में ओलपिंग गेम्स होस्ट करने की बात उसमें कही गयी। क्या ऐसा घोषणा पत्र या चुनावी एजेंडा आज तक किसी भी राजनीतिक दल का भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में किसी ने देखा है। क्या यह राजनीतिक एजेंडा या मामला है।

यूपीएससी में जमशेदपुर की स्वाति शर्मा को मिला 17वां रैंक

रांची। यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग 2023) सिविल सेवा का रिजल्ट मंगलवार को जारी हो गया, जिसमे झारखंड की बेटी स्वाति को 17वां रैंक मिला है। स्वाति जमशेदपुर जिले के कालिका नगर मानगो की रहने वाली है। वह पूर्व थल सैनिक (सीएमपी) संजय शर्मा की पुत्री है। उधर, गढ़वा डीसी शेखर जमुआर की बेटी साक्षी जमुआर को 89वां रैंक मिला है। रांची की मोनिका पटेल ने भी यूपीएससी क्रैक किया है। मोनिका को 708वां रैंक मिला है। रांची के सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड दरभंगा हाउस में पदस्थापित मुख्य प्रबंधक वीरेश कुमार के बेटे वैभव कुमार ने भी यूपीएससी क्लीयर कर लिया है। वैभव कुमार को 151वां स्थान प्राप्त हुआ है।

यूपीएससी की परीक्षा में ऑल इंडिया 17वां रैंक लाने वाली स्वाति शर्मा ने बताया कि पिता सेना में थे, इसलिए आरंभिक पढ़ाई देश के कई हिस्सों में हुई। स्वाति ने मैट्रिक की परीक्षा आर्मी सेकेंडरी स्कूल कोलकाता से पास की। इसके बाद 12वीं की पढ़ाई उन्होंने साकची स्थित टैगोर एकेडमी से पूरी की। इसके बाद 2019 में उन्होंने बिष्टुपुर स्थित जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज से पॉलेटिकल साइंस में एमए किया। टैगोर एकेडमी में उनके एक शिक्षक जाकिर अख्तर ने उन्हें यूपीएससी एग्जाम के लिए मोटिवेट किया था।

उनकी बातों से प्रभावित होकर माता-पिता से इस बात की जानकारी शेयर की तो उन्होंने आगे की पढ़ाई के लिए सभी मार्ग प्रशस्त कर दिये। यह उनका तीसरा प्रयास था। पहले दो प्रयास में उन्होंने जमशेदपुर में ही रहकर पढ़ाई की, परीक्षा दी लेकिन उनका सेलेक्शन नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने तय किया कि अंतिम प्रयास करना है लेकिन इसके लिए दिल्ली जाने का फैसला किया गया।

हमारे लिए हमारा संविधान 2047 का सपना पूरा करने का संकल्प : मोदी

पटना, उज्ज्वल दुनिया सं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बिहार के गया में राजग उम्मीदवार जीतनराम मांझी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी भाजपा आगे बढ़ती है, झूठ फैलाया जाता है कि संविधान बदल देंगे। मोदी और भाजपा तो क्या, स्वयं बाबा भीमराव अंबेडकर भी इस संविधान को नहीं बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे लिए हमारा संविधान 2047 का सपना पूरा करने का संकल्प है। पूरी दुनिया में इस वक्त अस्थिरता है, देश को जरूरत है, इस वक्त मजबूत फैसले लेने वाली सरकार की।

मोदी ने 19 अप्रैल को पूरी ताकत से भाजपा नीत राजग गठबंधन को विजयी बनाने के लिए मतदान की अपील करते हुए राजद पर जमकर प्रहार किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि लालटेन वाले आपको आधुनिक युग में नहीं जाने देंगे। इनका राज होता तो आपके मोबाइल की बैटरी भी चार्ज नहीं हो पाती। यह कहते थे कि हमलोग प्रगतिशील नहीं हैं। हमने दिखा दिया चंद्रयान में जाने की ताकत किसमें है। जब भी भाजपा आगे बढ़ती है, यह झूठ फैलाते हैं कि संविधान बदल देंगे। मोदी और भाजपा तो क्या, स्वयं बाबा भीमराव अंबेडकर भी इस संविधान को नहीं बदल सकते हैं। झूठ फैलाना बंद करो। उन्होंने कहा कि इन्हें पता होना चाहिए यह जो संविधान सभा थी, डॉ. राजेंद्र बाबू उसका नेतृत्व करते थे। बाबा के दिल, दिमाग और कलम उसे शब्दों में डाल रहे थे। देश के गणमान्य लोग देश की भावनाओं और देश की परिस्थितियों को समझकर देश का संविधान बना रहे थे। जो लोग सनातन को गाली देते हैं, यह जो संविधान इतना महान बना है, यह जो संविधान हमें देश को आगे ले जाने की ताकत देता है, इस संविधान को बनाने के लिए जो संविधान सभा थी उसमें 80-90 प्रतिशत से भी ज्यादा सनातनी थे। उन सनातनियों ने इतना उत्तम संविधान बनाने में बाबा भीमराव अंबेडकर का साथ दिया। हमारे लिए हमारा संविधान 2047 का सपना पूरा करना है।

रांची में जमीन घोटाला मामले में ईडी की छापेमारी

रांची। प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने मंगलवार सुबह से जमीन घोटाले मामले में एक बार फिर रांची सहित कई अन्य जिलों में छापेमारी कर रही है।

ईडी की अलग अलग टीमें रांची के तुपुदाना, बरियातू, मोरहाबादी और पंडरा इलाके में छापेमारी कर रही है। ईडी की टीम झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता अंतु तिर्की सहित अन्य नेताओं के यहां भी छापेमारी कर रही है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार राजधानी रांची में कुल नौ जगहों पर ईड की रेड जारी है। उल्लेखनीय है कि नौ अप्रैल को ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाले केस में फर्जी डीड बनाने के मास्टरमाइंड सद्दाम को गिरफ्तार किया था। इसके बाद ईडी ने सद्दाम को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। सद्दाम से मिली जानकारी के बाद ईडी की टीम छापेमारी कर रही है।

श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में श्री राम लला को सूर्य तिलक की तैयारी परिपूर्ण

अयोध्या। श्रीराम लला का सूर्य किरणों से महामस्तकाभिषेक की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कई बार के ट्रायल के बाद जो समय निश्चित किया गया है वह दोपहर सवा बारह बजे का है। मंदिर व्यवस्था से जुड़े लोग इसे विज्ञान और अध्यात्म का समन्वय मानते हैं। यह जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र संवाद केन्द्र से मंगलवार को प्राप्त हुई।

दरअसल, वैज्ञानिकों ने बीते करीब बीस वर्षों की पृथ्वी की गति के हिसाब से अयोध्या के आकाश में सूर्य की सटीक दिशा आदि का निर्धारण करके ऊपरी तल पर मिरर स्थापित करने की जगह और कोण तय किया। कुछ अलग करने की सोच का ही परिणाम है कि लंबे विमर्श के बाद रुड़की की सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च संस्थान के वैज्ञानिकों ने सूर्य तिलक की व्यवस्था करने का बीड़ा उठाया।ट्रस्ट के एक पदाधिकारी ने बताया कि सूर्य रश्मियों को घुमा फिराकर राम लला के ललाट तक पहुंचाने में कहीं भी बिजली का प्रयोग नहीं किया गया है।आप्टोमैकेनिकल सिस्टम के तहत उच्च गुणवत्ता वाले दर्पण और लेंस के साथ पीतल की वर्टिकल पाइपिंग की व्यवस्था की गई। सूर्य की किरणें ऊपरी तल के मिरर पर पड़ेंगी, उसके बाद तीन लेंस से होती हुई दूसरे तल के मिरर पर आपतित होंगी। अंत में सूर्य की किरणें राम लला के ललाट पर 75 मिलीमीटर के टीके के रूप में दैदीप्तिमान होंगी।

कांग्रेस ने गोड्डा से दीपिका सिंह पांडेय, धनबाद से अनुपमा सिंह और चतरा से केएन त्रिपाठी को बनाया उम्मीदवार

रांची। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए तीन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

गोड्डा से दीपिका पांडेय सिंह को बीजेपी के निशिकांत दूबे के खिलाफ अिकट दिया गया। चतरा से कृष्णानंद त्रिपाठी और धनबाद से अनुपमा सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है। इस संबंध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को लिस्ट जारी कर दी।

आर्किटेक्ट विनोद सिंह की जमानत पर 18 अप्रैल को होगी सुनवाई

रांची। जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोगी आर्किटेक्ट विनोद सिंह के जमानत याचिका पर 18 अप्रैल को ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई होगी। मामले में विनोद सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से सोमवार को कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी।फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद मनी 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था।

खूंटी की महिलाओं का सवाल, 17 चुनाव में सिर्फ एक बार टिकट क्यों?

खूंटी, एजेंसी

भाजपा या झारखंड पार्टी ने अब तक किसी महिला को नहीं दिया टिकट

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद 1952 से लेकर अब तक खूंटी संसदीय सीट पर हुए 17 लोकसभा चुनावों में मात्र एक महिला को अब तक संसद पहुंचने का का मौका मिला है और वे थीं बिहार की पूर्व मंत्री और बिरसा कॉलेज खूंटी की प्राचार्या सुशीला केरकेट्टा।

सुशीला केरकेट्टा ने 2004 कें लोकसभा चुनाव में छह बार के सांसद कड़िया मुंडा को मात दी थी। उसके पहले या बाद में किसी महिला को लोकसभा पहुंचने का मौका नहीं मिला। वैसे कांग्रेस ने सुशीला केरेट्टा के पहले या बाद में किसी भी पार्टी ने महिला उम्मीदवारों को टिकट नहीं दिया। भाजपा ने भी अब तक किसी महिला प्रत्याशी को मैदान में नहीं उतारा है। वैसे दयामनी बारला ने 2009 के लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के टिकट पर भाग्य आजमाया था, लेकिन वह अपनी जमानत तक बचा नहीं पाई थी। ऐसा नहीं है कि इस ससंदीय सीट से अन्य महिला प्रत्याशियों ने चुनाव नहीं लड़ा हो, पर किसी बड़े राजनीतिक दल के टिकट पर उन्हें किस्मत आजमाने का मौका नहीं मिला। खूंटी संसदीय सीट से 1952, 1957, 1962 के लोकसभा चुनाव में झारखंड पार्टी के जयपाल सिंह मुंडा ने लगतार जीत दर्ज की थी। 1967 में उन्होंने प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के कहने पर झारखंड पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया और उस वर्ष हुए लोकसभा चुनाव में वे कांग्रेस के टिकट पर संसद पहुंचे, लेकिन झारखंड पार्टी के ही कद्दावर नेता एनई होरो सहित कई लोगों ने विलय का विरोध किया और 1971 में झारखंड पार्टी के संगठन को मजबूत कर चुनाव लड़ा और वे लोकसभा पहुंचे गये। आपातकाल के बाद 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में कड़िया मुंडा जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव जीत गये, लेकिन 1980 के चुनाव में एनई होरो ने फिर उन्हें मात दे दी। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या से उपजी सहानुभूति की लहर में कांग्रेस के प्रत्याशी साइमन तिग्गा खूंटी से सांसद बने। उसके बाद 1989, 1991 1998 और 1999 में भाजपा के कड़िया मुंडा ने लगातार जीत दर्ज की, लेकिन 2004 में कड़िया मुंडा कांग्रेस प्रत्याशी सुशीला केरेकेट्टा से मात खा गये। 2009 के चुनाव में कांग्रेस ने सुशीला केरेकेट्टा को टिकट नहीं देकर नियेल तिर्की को मैदान में उतारा, लेकिन वे भी कड़िया मुंडा से परास्त हो गये। 2014 में कड़िया मुंडा आठवीं बार जीत हासिल की थी।

घाघरा बीडीओ ने प्रखण्ड क्षेत्र के कई मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण,

घाघरा : आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार ने प्रखंड क्षेत्र के कई मतदान बूथ केंद्रों का मंगलवार को दिन के 2ः00 बजे निरीक्षण किया। इस क्रम में विद्यालयों में बने मतदान बूथ केंद्र घाघरा एस एस हाई स्कूल,बेलागडा स्कूल,गोमट स्कूल,कस्पोडया स्कूल, हालमाटी स्कूल,गोया आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे।जहां मूलभूत सुविधा पेयजल, बिजली, शौचालय, फर्नीचर भवन सहित कई चीजों को देखा। व्यवस्था को दुरुस्त रखने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश शिक्षकों को दिया ।इसके साथ ही मतदान केंद्रों के पास मतदाताओं और मतदान कर्मियों को कोई परेशानी ना हो। जिसे लेकर सभी सुविधाओं को जल्द से जल्द पूरा करने की बात कही। मौके पर शिक्षक संजय कुमार, सतीश कुमार बंसल सहित कई कर्मी उपस्थित थे.।

रामनवमी पर्व के मद्देनजर उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक के साथ किया फ्लैग मार्च

लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की, किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने को कहा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

रामगढ। पुरे जिले में रामनवमी पर्व के शांति व सौहार्दपूर्ण आयोजन के मद्देनजर उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मार्च किया जा रहा है। पर्व को लेकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा चितरपुर, दुलमी एवं माण्डू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों तथा मंगलवार की सुबह रामगढ़ शहर अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा सभी से शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने एवं कोई भी अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी जिला प्रशासन, रामगढ़ को देने की अपील की। वहीं उन्होंने पर्व की शुभकामनाएं देने के साथ ही सभी का ध्यान लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत प्रभावी आदर्श आचार संहिता की तरफ भी आकृष्ट किया एवं पर्व के दौरान किसी भी हालत में किसी भी तरह का कोई भी राजनीतिक प्रचार प्रसार का कार्य न होने देने का निर्देश दिया गया।

इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, उप निर्वाचन पदाधिकारी सह नजारत उप समाहर्ता संबंधित थाना प्रभारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

एक-नजर

जेएसपी फाउंडेशन ने लगाया मेगा रक्तदान शिविर, 53 लोगो ने किया रक्तदान,133 लोगों ने कराया रक्त जांच

भुरकुंडा (रामगढ)।जेएसपी फाउंडेशन और रिम्स रांची के संयुक्त तत्वावधान में जिंदल क्लब बलकुदरा पतरातू में मेगा रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन जेएसपी पतरातू के प्लांट प्रमुख आशीष जैन द्वारा किया गया। शिविर में 133 लोगो ने रक्त जांच कराया। और 53 लोगो द्वारा रक्तदान किया गया। इस अवसर पर प्लांट प्रमुख आशीष जैन ने कहा कि रक्तदान मानवता के हित में सराहनीय कदम है। मानव जीवन के लिये रक्तदान करनी चाहिए। न्होंने कहा कि आपका दिया हुआ रक्त किसी की जान बचा सकता है। जेएसपी फाउंडेशन निरंतर इस तरह का कार्य मानवीय सेवा के लिये करता रहता है।

फाउंडेशन द्वारा हर वर्ष रक्तदान शिविर लगाया जाता है। रक्तदान में जिंदल के अधिकारी, कर्मचारी सहित ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ-चढकर हिस्सा लिया। रक्तदान करने वालो में मुख्य रूप से सीएसआर प्रमुख रवि निवास, ओपी जेसीसी के प्रिंसिपल संबित साहू, दीपक कुमार, कृष्णा कुमार रवि, खुर्शीद आलम, देवकुमार पटेल, जितेन्द्र कुमार, बिपिन कुमार आदि शामिल थें। मौके पर प्लांट प्रमुख के साथ एचआर प्रमुख अजय झा, रिम्स की ओर से पैथलॉजी विभाग के डॉ. अभिरूप, दीपक चौधरी, दीपनारायण प्रसाद, रविंद्र पासवान एवं जेएसपी सीएसआर की ओर से डॉ. मंजू मिश्रा, गजाला मतीन, कुमार राहुल, सुरेन्द कुमार, रस्मिता दास सहित अन्य लोग मौजूद थें।...

होसिर में चैत रामनवमी महापर्व के पूर्व निकाला गया भव्य मंगला जूलूस रही धूम जय श्रीराम के नारे से गुंजा पूरा गाँव

गिद्दी- होसिर गाँव में चैत रामनवमी महापर्व के अवसर पर भव्य मंगला जूलूस 3 बजे से शाम 5 बजे तक जय श्री राम के नारे के साथ निकाला गया।पूरे गांव में परम्परागत हथियारों के साथ जुलुस जय श्रीराम के नारे से पूरा गाँव गूँजता रहा।परम्परागत हथियार भाजते हुए युवा जूलूस में आगे चल रहे थे।पूरे गांव में लाठी सहित हथियार के साथ लोग करतब दिखाते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम राम की महिमा का गुणगान कर रहे थे। मंगला जूलूस में अध्यक्ष नारायण प्रसाद साव, सचिव पंचित कुमार महतो, कोषाध्यक्ष सुजीत महतो, उपसचिव हीरालाल महतो, उपाध्यक्ष नागेश्वर पटेल, संरक्षक पूर्व मुखिया प्रमोद कुमार महतो, पंचायत समिति सदस्य गणेश महतो, रामभक्त रामप्रवेश ठाकुर, महेश साव, रुपचंद महतो, सकलदीप महतो, दौलत महतो, संजय राम, रामधनी साव, आनंद ठाकुर, सुमित कुमार, बासुदेव चौधरी, गणेश चौधरी, सुधान प्रसाद, कुमेश्वर महतो, महावीर महतो, कुंदन कुमार, सुधीर महतो, दीपेंद्र कुमार, जितेंदर साव, मुकेश कुमार, बलराम महतो, रोशन, विवेक कुमार, अनुज साव, अजीत कुमार, दयाल महतो, ह्रदय कुमार आदि उपस्थित थे।...

चितरपुर महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया सरहुल पूजा

रामगढ़/चितरपुर। चितरपुर महाविद्यालय के प्रांगण में सांस्कृतिक विभाग द्वारा प्रकृति का पर्व सरहुल बड़े धूम-धाम से मनाया गया। सबसे पहले पाहन द्वारा सरई वृक्ष की डाल स्थापित कर विधिवत पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्राचार्या द्वारा महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों को गमछा देकर सम्मानित किया गया। प्रसाद वितरण के बाद छात्र-छात्राओं द्वारा झारखंडी नृत्य झूमर प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संज्ञा ने कहा कि यह पर्व हमें प्रकृति से प्रेम करना सिखाता है और हमें प्रकृति के और करीब ले आता है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक विभाग की समन्यवक प्रो. जूही उपाध्याय, प्रो. निरंजन महतो, प्रो. मनोज झा, डॉ शाहनवाज खान, प्रो. अंजू कुमारी, प्रो. रेवालाल पटेल, प्रो. ताराशंकर अग्रवाल, प्रो. उत्तम कुमार, प्रो. शबाना अंजुम, प्रो. दीपक कुमार, प्रो. मीना मुंडा, जफरुल हसन खान, रवि कुमार, पिंटू प्रजापति, सोनू कुमार, कुसुम कुमारी, आसिया आफरीन, राजेश तिवारी, आकाश, प्रकाश, पूनम, करमी के साथ सभी विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।..

आजसू प्रखंड सचिव को मातृ शोक, शोक संवेदनाओं का लगा तांता

भुरकुंडा (रामगढ)।आजसू पतरातु प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा की माता रीता सिन्हा का मंगलवार को इलाज के दौरान रांची पारस अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन से पतरातू प्रखंड के भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल क्षेत्र में शोक की लहर दौ गई। जानकारी के अनुसार दिवंगत रीता सिन्हा को अचानक पेट में दर्द और पित की थैली फट जाने से निधन हों गया। वे अपने पीछे पति आनंद किशोर प्रसाद, दो पुत्र, दो पुत्री, दो नतनी, एक पोता-पोती सहित भरापूरा परिवार छोडकर गई हैं। बुधवार को रिवर साइड-गिद्दी दामोदर नदी तट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। शोक व्यक्त करने वाले में प्रो. आरके दास, रौशन लाल चौधरी, मनोज राम, प्रदीप मांझी, दिलीप दांगी, सतीश सिन्हा, संजय मिश्रा, लव कुमार महतो, सरोज झा, उत्तम सिन्हा, राकेश सिन्हा, सलील मोहन सिन्हा, प्रशांत कुमार, विकास सिन्हा, सुबोध सिन्हा, ललन सिन्हा, सुनील सिन्हा सहित चित्रांश परिवार के दर्जनों लोग शामिल हैं।

डीएवी गिद्दी ए में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्रीराम जन्मोत्सव

बच्चों को श्रीराम के पदचिन्हों पर चलना चाहिए: मनप्रिय चटर्जी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

गिद्दी। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का अवतरण दिवस गिद्दी ए डीएवी में अत्यंत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।एक विशेष प्रार्थना सभा में विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत झांकी और भजन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।अदिति और उमंग के द्वारा प्रस्तुत रामभजन (राम कहानी सुनो रे राम कहानी) ने उपस्थित सभी लोगों को भक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। राम आयेंगे तो अंगना सजाऊंगी के धुन पर माधवी,आयुषी,शिक्षा, शगुन आमेया,संस्कृति,अंकिता ,जस्सी,वंशिका,रीवा,वंदना,श्रृष्टि और जहवी आदि का नृत्य सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। झांकी में प्रस्तुत राम, लक्ष्मण और माता जानकी का अदभुत रूप सभी को मंत्रमुग्ध और प्रफुल्लित कर दिया।

इस पुनीत अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य मनप्रीय चटर्जी ने कहा कि बच्चों में अगर नैतिक मूल्यों को विकसित करना है तो मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जीवन से सीखना चाहिए। वीरता, त्याग, धैर्य, दया, करुणा, मित्रता, भातृ प्रेम आदि गुण तो सिर्फ प्रभु श्री राम में ही हो सकता है। जिनके जीवन से सभी को सिख लेनी चाहिए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को चैत्र नवरात्र और रामनवमी की शुभकामनाएं दी।.

बुंडू में हुई हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझाई, पडोसी ही निकला हत्यारा

गिद्दी। थाना क्षेत्र के बुंडू गांव में एक 55 वर्षीय सुकर उरांव की हत्या की गुत्थी गिद्दी पुलिस द्वारा 24 घंटे के अंदर सुलझा लि गई। थाना प्रभारी कुंदन कुमारी ने बताया कि विगत सोमवार को अहले सुबह बुंडू गांव के पुराने सरकारी विद्यालय में शव बरामद किया गया था। छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतक सुकर उरांव के पडोसी तालो मांझी द्वारा ही गुस्से में आकर टांगी से प्रहार कर सोये अवस्था में ही सुकर उरांव कि हत्या कर दी। कुंदन कुमार ने इस सन्दर्भ में बताया कि पूर्व में सुकर उरांव के द्वारा तालो मांझी कि पत्नी के साथ कुछ वर्षो से दुर्व्यव्हार किया जा रहा था। इस बार होली के दिन भी सुकर उरांव के द्वारा तालो मांझी की पत्नी के साथ दुर्व्यवहार किया गया था।जिस बात को लेकर तालो मांझी का?ी गुस्से में था।और इसी क्रम में सुकर उरांव की हत्या की योजना बनाया गया था।और विगत 15 अप्रैल की रात्रि तकरीबन 1 से 2 बजे के बीच सरकारी विद्यालय के बरामदे में सो रहे सुकर उरांव की हत्या टांगी से मारकर कर दी।तालो मांझी द्वारा अपना अपराध स्वीकार कर लिया गया है। और घटना में उपयोग किए गए टांगी भी बरामद कर लिया गया है।इस संबंध में गिद्दी कांड संख्या 33/24 दिनांक 15.04.24 भादवी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर तालो मांझी पिता बुधन मांझी को जेल भेज दिया गया है।

विदित हों कि सोमवार को बुंडू गाँव में सुकर उरांव कि हत्या तेज धार हथियार से कर दी गई थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी कुंदन कुमार के नेतृत्व में अवर निरीक्षक रथू उरांव, दामूराम बोपाई, सहायक अवर निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, आरक्षी उदय कुमार महता सहित सशस्त्र बल के साथ छापामारी की गई।..

प्रसाद का अर्थ प्रभु का साक्षात दर्शन करना है : गजानंद प्रसाद

भुरकुंडा (रामगढ)। भुरकुंडा नलकारी नदी तट स्थित छठ मईया मंदिर ल समीप रहे सात दिवसीय श्रीश्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ के संपन्न हो जाने के बाद मंगलवार को भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इसके पूर्व पूरे विधि-विधान से मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी गजानंद प्रसाद, संजय मिश्रा, संजय वर्मा, मुखिया अजय पासवान, उपेंद्र शर्मा, डब्लू पांडेय, संजीत राम, दीपक कुमार, आलोक सिंह, सतीश सागर, जग्गू घासी, शशि कुमार, योगेंद्र, अशोक तिवारी, अमृत सागर, भास्कर,, पंसस दीपक भुइयां, अरुण, सौरभ, बादल, विक्की, धर्मवीर, अमित, सागर आदि ने भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण कर किया।

सरला बिरला पब्लिक स्कुल में रामनवमी उत्सव

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

रांची : छात्रों के बीच भारतीय संस्कृति के गुणों और सिद्धांतों को विकसित करने के लिए, सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने रामनवमी उत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर छात्रों ने एक विशेष सभा का आयोजन किया जिसमें छात्रों ने भक्ति गीत प्रस्तुत किया। श्री राम के जीवन पर एक प्रश्नोत्तरी के साथ-साथ एक कथात्मक भाषण भी आयोजित किया गया। छात्रों ने खुद को पारंपरिक रूप से रामायण के पौराणिक पात्रों के रूप में तैयार किया और एक झांकी प्रस्तुत की। पात्रों का अभिनय करते समय छात्र खुशी और उत्साह से भर गए।

प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों को संबोधित किया और सभी को इस अवसर पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह अवसर नैतिक मूल्यों को बनाए रखने, किसी के कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का सम्मान करने और अन्याय और अत्याचार के खिलाफ खडे होने के महत्व की याद दिलाता है।.

जिले में इस बार होगा दिन भर मतदान...

मतदान करने का समय सुबह के 7 बजे से संध्या 5 बजे तक निर्धारित है।

गुमला- गुमला जिले में आगामी 13 मई को लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत मतदान की तिथि निर्धारित है। जिले में चुनाव के इस महापर्व में जिले वासियों को सम्मिलित करने के उद्देश से जिला के स्वीप कोषांग द्वारा सुदूरवर्ती क्षेत्रों से लेकर शहरी मतदाताओं को जागरूक करने हेतु कई रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी के द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर जिले के सभी क्षेत्रों के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से पहल किए जा रहा है। जहां सुदूरवर्ती क्षेत्रों एवं क्ष्ङ्क्ष्ञ्त ग्रामों में ग्रामीणों के बीच जागरूकता रैली शपथ ग्रहण समारोह, आंगनवाड़ी केंद्रों/ विद्यालयों आदि जैसे सार्वजनिक संस्थानों में खेल खेल में चुनाव जागरूकता कार्यक्रम, रंगोली एवं मेहंदी लगाने जैसे कई गतिविधियों से जिले के मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। वहीं शहरी क्षेत्रों में भी उक्त गतिविधियों के अलावा रात्रि चौपाल जैसे गतिविधि का भी आयोजन करते हुए शहरी क्षेत्र के मतादतों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता वाहन का संचालन, एलईडी एवं अन्य वाहनों के माध्यम से चुनाव जागरूकता के गाने बजाते हुए मतदाताओं को चुनाव से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुमला मुख्यालय के पास दफ्तरों में चाय देने वाले विजय उरांव एवं मुमफली बेचने वाले राजा बाबू को स्वीप के तहत जागरूकता पहनाया गया। दरअसल विजय उरांव एवं राजा बाबू बरसों से जिला मुख्यालय के पास चाय एवं मुंफली बेचने का कार्य कर रहें है एवं दोनो के ही चाय एवं मुंफली के चर्चे पूरे मुख्यालय में फैली है एवं आस पास के सभी लोग विजय के चाय की चुस्की एवं राजा बाबू के मुमफली का स्वाद अवश्य लेते हैं। स्वीप कार्यकर्ताओं द्वारा दोनो को ही स्वीप की पहनाते हुए प्रति दिन सैंकड़ों लोगों को चाय ।

हमारे दुकान के सामने ऑटो नहीं लगेगी बोलकर ऑटो चालक के पेट में घुसेड दी चाकू

गुमला – गुमला जिला अंतर्गत स्थित, सिसई मेन रोड़ में प्रेस स्टोर दुकान के आगे ऑटो (टेंपो) खड़ा देखकर , दुकानदार ने गन्दी गन्दी गाली गलौज करते हुए , अपने दुकान का शटर खोलकर अपना स्कूटी अंदर किया और ऑटो (टेंपो) चालक पर बेल्ट खोलकर भरनो थाना स्थित कुलंगकेरी ग्राम निवासी राहुल सोनी (पिता जगन्नाथ सोनी) को मारना शुरू किया और अन्य सात आठ सहयोगियों के साथ मिलकर,लात घूसों और बेल्ट से मारने लगे और फिर अन्त में दुकानदार ने अपने दुकान से चाकू लेकर आया और राहुल सोनी के पेट में में सीधे घुसेड दिया, इसी क्रम में राहुल सोनी की मां जो बगल की दुकान में कपड़ा खरीद रही थी , को लोगों ने बताया की तुम्हारे बेटे को लोग मर रहे हैं, यह सुनकर राहुल सोनी की मां लक्ष्मी देवी दौड़ते हुए उक्त घटनास्थल पर पहुंची और अपने पुत्र राहुल सोनी को बचना चाही तो उक्त लोगों ने लक्ष्मी देवी के साथ में भी मारपीट किया गया, फिर राहुल सोनी दर्द से बेचैन होकर अपने पेट पकड़कर भागने लगा , इसी क्रम में भरनो थाना स्थित शिवनाथपुर की मुखिया सोरेस देवी ने गंभीर रूप से घायल राहुल सोनी को पहचान ली ,की वह युवक उसके गांव का हैं , तो वह अपने साथ राहुल सोनी को सिसई थाना ले गई और फिर आनन-फानन में इलाज के लिये रेफरल अस्पताल सिसई ले गयी , जहां डॉक्टरों ने राहुल सोनी का प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति गंभीर होते देख कर , बेहतर इलाज के लिये रांची रिम्स रेफर कर दिया गया हैं, इस संबंध में राहुल सोनी के दोस्त राम साहू और अजय कुमार ने घटनास्थल पर उपस्थित लोगों को बताया ,की राहुल सोनी की मां सिसई मेन रोड में ही बगल के कपड़ा दुकान में राहुल सोनी की मां लक्ष्मी देवी कपड़ा खरीद थी, और हम लोग प्रेस स्टोर दुकान बंद होने के कारण , उक्त स्थान पर ऑटो (टेंपो) खड़ा कर उक्त ऑटो (टेंपो) में बैठकर हमलोग चना (बुट) खा रहे थे, इसी क्रम में प्रेस स्टोर के मालिक उक्त दुकानदार अपने स्कूटी से आया और कहा कि मेरे दुकान के सामने ऑटो (टेंपो) नहीं लगेगा हटाओ , तो राहुल सोनी ने कहा कि चना (बुट) खा कर ऑटो (टेंपो) को हटा देते हैं , बस फिर क्या था , उक्त दुकानदार आग बबूला हो गया और राहुल सोनी को गली गलौज देते हुए अपना बेल्ट खोल कर सीधे मरने लगा और अपने अन्य सात आठ सहयोगियों के साथ मिलकर, लात ,घुंसा, फैट और बेल्ट से मारता रहा , और उक्त दुकानदार ने एकाएक बोला की रूको इसे चाकू मारते हैं ,और फिर वह अपने दुकान से चाकू लेकर आया और राहुल सोनी के पेट में सीधे चाकू घुसेड दिया , हम दोनों (राम साहू और अजय कुमार) लोग डर से किनारे हो गये , फिर इसी क्रम में भरनो थाना स्थित शिवनाथपुर की मुखिया ।

ट्रक के जोरदार टक्कर से युवक की घटना स्थल पर हुई मौत

गुमला – गुमला जिला अंतर्गत रायडीह थाना क्षेत्र स्थित जोड़ा जाम के समक्ष एक लाइन ट्रक के जोरदार टक्कर से आजाद बस्ती रजा कॉलोनी निवासी 27 वर्षीय मोहम्मद शाहबाज (पिता अब्दुल कादिर) की घटनास्थल पर हुई दर्दनाक मौत । घटनास्थल पर उपस्थित लोगों ने उक्त घटना की जानकारी रायडीह थाना पुलिस और , 108 एंबुलेंस को दी गई, उक्त सूचना मिलते ही रायडीह थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें , घटनास्थल पर उपस्थित लोगों के सहयोग से उक्त युवक को घटनास्थल से उठाकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल लाया भेजवाया गया , जहां परिजनों के अनुरोध पर डॉक्टर ने जांचोपरांत उक्त युवक को मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त युवक थाना रोड गुमला के एक जूता दुकान में काम करता था और वही से सोमवार के अपराह्न बाइक से रायडीह प्रखंड मुख्यालय में तगादा का पैसा लेने जा रहा था, तभी जोड़ा जाम के समक्ष पीछे से एक अनियंत्रित तेज रफ्तार लाइन ट्रक ने जोरदार टक्कर मारकर भागने में सफल रहा। बाद में रायडीह थाना पुलिस के राकेश कुमार सिंह अपने दलबल के साथ सदर अस्पताल गुमला पहुंचकर , उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल परिसर स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेजवाया गया और पोस्टमार्टम हाउस के शीतगृह में रखवाया गया , आज पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।.

जय श्रीराम का जयघोष करते निकली शोभा यात्रा

चान्हो-मांडर श्री रामनवमी शोभा यात्रा विश्व हिन्दु परिषद सह बजरंग दल के तत्वावधान में मंगलवार को विगत सात वर्षों की भांति ही भव्य शोभायात्रा निकाली गयी. मांडर प्रखंड के ब्राम्बे चौक से निकली शोभायात्रा का शुभारंभ राम भक्तो द्वारा राम दरबार की आरती से हुई. इसके बाद प्रारंभ हुई शोभायात्रा अपने तय रूट के अनुरूप रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग ब्राम्बे, मुड़मा, कंदरी , सोसई आश्रम, बिजूपाड़ा, चान्हो चौक, सोंस , मदरसा चौक स्टेशन होते हुए सोंस मेला ताड़ पहुंचकर संपन्न हुई. शोभायात्रा में सुसज्जित लाउडस्पीकर की धुन पर रामभक्त जय श्रीराम के जयघोष के साथ गंतव्य की ओर बढ़ते रहे. सुसज्जित रथ पर रहे राम दरबार के साथ ही मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम, वीर बजरंगबली, शिवाजी महाराज और भारतमाता के ध्वज व तस्वीर आकर्षण के केंद्र बने रहे. राम धुन में मगन चल रहे विशाल हुजूम में चान्हो-मांडर प्रखंडों से सनातन प्रेमी शामिल रहे. कार्यक्रम को सफल बनाने में अभाविप के सैकड़ों, कार्यकर्ता की बेहतर सहभागिता रही। ज्ञात हो कि कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्व हिन्दु परिषद सह बजरंग के सैकड़ों कार्यकर्ता की बेहतर सहभागिता रही. ज्ञात हो कि कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए बीते कई दिनों से प्रचार- प्रसार और चौक चौराहा को सजाने का काम किया जा रहा था. हनुमान पताकों और जय श्रीराम के जयघोष बीच बढ़ती शोभायात्रा हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती रही. जगह-जगह शोभायात्रा पर चना ,गुड, शरबत का वितरण किया जा रहा था ।मोके पर प्रवीण रॉय ,बजरंग सिंह, रामबालक ठाकुर, खदी उरांव, बाबू पाठक,अजित सिंह, सरजू साहू राज कुमार सिंह, बैजनाथ महतो, तपेश्वर सिंह, नवल तिवारी, प्रवीन सिंह, सहित सेकड़ो की संख्या राम भवतो मौजूद थे।

अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन

मांडर। मांडर शिव दुर्गा मंदिर समिति के द्वारा सोमवार को अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बजरंगी डंके के साथ जय श्री राम का नारा गुंजायमान हुआ। अखाड़े धारियों के द्वारा अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब का प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता में मांडर, चान्हो, बुढ़मू प्रखंड क्षेत्रों के विभिन्न गाँवो से आए अखाड़ेधारियों ने अपने अस्त्र शस्त्र चालन के अनोखे कला कौशल का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को मन्त्रममुग्ध किया । प्रथम पुरस्कार चान्हो सोपारम की टीम को शंकर आचार्या के द्वारा अपने पूज्य पिता स्व. रवि आचार्या के नाम पर 31,00 रू दिया गया। वहीं द्वितीय पुरस्कार कंजिया मांडर को स्व. गणेश केशरी के नाम पर ढ 21,00 तथा तृतीय पुरस्कार चान्हो पहाड़टोली की टीम को मांडर मुखिया प्रकाश खलखो ने 15,00ढ देकर प्रोत्साहित किया। थाना प्रभारी राहुल ने कार्यक्रम का आगाज राम भक्तों, अखाड़ा धारियों समिति के सभी स्त्री पुरुष एवं बच्चों के साथ बजरंग बली की जय के नारे के बीच रामनवमी डंका बजा कर सभी को झूमाकर किया। उन्होंने सभी को अपने सम्बोधन में कहा कि भक्ति ही हमें संस्कार एवं अनुशासन सिखाती है। हम सभी को धर्म शास्त्रों में बताए मार्गो पर चलकर अपने परिवार, समाज, तथा देश को विकास के मार्ग में अग्रसर करना है. रामनवमी की शुभकामनायें आप सभी को राँची पुलिस की ओर से देते हुए आप सभी से अनुरोध है कि आप सभी सरकारी गाइड लाइन का उलंघन ना करते हुए श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा अर्चना या शोभा यात्रा संपन्न करें। मौके पर शंकर आचार्या, पिंटू तिवारी, शैलवाहन कुमार, मुखिया प्रकाश खलखो, बेबी देवी, प्रीति केशरी, सुबोध शाहा, रमेश केशरी, पप्पू तिवारी, गीता देवी, शशि देवी, रेणु देवी, प्रमिला देवी, राकेश लहकार, ब्रज बिहारी ओझा, बजरंग साहु विक्की नाग, मनोज सोनी, कांति देवी अशोक अग्रवाल सहित समिति के सदस्य मौजूद थे।

उपायुक्त ने किया इवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण, दिये निर्देश

खूंटी, । जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त खूंटी लोकेश मिश्रा ने मंगलवार को इवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने इवीएम वेयर हाउस की विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की। इवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी उपायुक्त ने जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी से ली।

मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। उपायुक्त ने सीसीटीवी कैमरे और अन्य उपकरणों की स्थिति तथा रख रखाव का जायजा लिया। सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। साथ ही तैनात सुरक्षा बलों के लॉग बुक, अग्निशमन यंत्र आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने कार्य एवं दायित्वों के प्रति सचेत व सक्रिय रहने के निर्देश डीसी ने दिया। अनुमंडल पदाधिकारी,खूंटी अनिकेत सचान, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद कुमार सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

वज्र गृह को खोला गया

इवीएम के प्रथम दौर के रेंडमाइजेशन के पश्चात लोक सभा निर्वाचन 2024 के लिए विधान सभावार बीयू, सीयू और वीवीपैट को अलग-अलग रखने के लिए मंगलवार को हॉल और व्रज गृह को खोला गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 60- खूंटी (एसटी) सह अनुमंडल पदाधिकारी,खूंटी अनिकेत सचान, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद कुमार सिन्हा, के अलावा विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

फैमिली वोटिंग का संदेश देने वाली लघु फिल्म 'उड़ चली' का लोकार्पण

रांची, । इस बार राज्य में मतदान की अवधि पूर्वाह्न सात बजे से अपराह्न पांच बजे तक है। मतदान के दिन ड्यूटी करने वाले मतदाताओं और दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक वैसे मतदाता के लिए पोस्टल बैलेट की व्यवस्था की गई है।

यह जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मंगलवार को निर्वाचन सदन सभागार में कही।

इससे पहले लोकसभा निर्वाचन के विविध जागरुकता सामग्रियों लोकार्पण भी किया। इसमें फैमिली वोटिंग वाली एक लघु भी भी शामिल है। कार्यक्रम के बाद उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव आयोग 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक वैसे मतदाता जो मतदान केंद्र जाने में सक्षम नहीं हैं वैसे मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट के जरिये होम वोटिंग की भी व्यवस्था की गई है। निर्वाचन आयोग मतदान के लिए लोगों को जागरूक कर रहा है। इसके लिए जागरुकता सामग्रियों का लोकार्पण किया गया है।

इन सामग्रियों का हुआ लोकार्पण

इस अवसर पर क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा मतदाता जागरूकता के निमित्त बनाई गई लघु फिल्म उड़ चली को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने रिलीज किया, जिसका निर्देशन झारखण्ड के सैकत चटर्जी द्वारा किया गया है। इस फिल्म के माध्यम से लोगों के बीच निर्वाचन और एक-एक वोट के महत्व को बताया गया है। साथ ही परिवार गढ़ने से पहले देश गढ़ने की बात कही गयी है। इस फिल्म में निर्वाचन को उत्सव की भांति मनाने एवं पूरे परिवार के साथ मतदान में भाग लेने जैसी बातों पर बल दिया गया है।

विकास पुरुष सह समाजसेवी स्वर्गीय डॉ नन्दकिशोर मेहता की पुण्यतिथि मनाई गई

पिस्का नगड़ी:संत जगत ज्ञान सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, पिस्का नगड़ी, रांची में विकास पुरुष सह समाजसेवी स्वर्गीय डॉ नन्दकिशोर मेहता की तृतीय पुण्यतिथि मनाते हुए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल के प्राचार्य इंजी. संदीप राज के द्वारा अतिथियों का स्वागत तथा परिचय प्रदान कराते हुए उन्हें गुलदस्ता, बैच तथा मोमेंटो द्वारा सम्मानित करते हुए किया गया। तत्पश्चात अतिथियों के द्वारा स्वर्गीय डॉ नन्दकिशोर मेहता की तस्वीर तथा मूर्ति पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन किया गया। विद्यालय की शिक्षिकाओं ज्योत्सना कुमारी तथा ग्रुप के द्वारा स्वर्गीय डॉ नन्दकिशोर मेहता को समर्पित एक गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के शिक्षक संतोष कुमार चौबे के द्वारा स्वर्गीय डॉ नन्दकिशोर मेहता के दृष्टिकोण तथा उनके उद्देश्यों को जीवन परिचय के रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, कला तथा संस्कृति, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा का क्षेत्र, रक्तदान करने वाले रक्तवीर, कोरोना काल योद्धा, महिला सशक्तिकरण तथा नगड़ी प्रखण्ड में दसवीं तथा बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को शाल तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के निर्देशक डॉ पंकज राज के द्वारा स्वर्गीय डॉ नन्दकिशोर मेहता का स्मृति शेष प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची के सांसद श्री संजय सेठ, भाजपा के जिला प्रभारी श्री शशिभूषण भगत, जोहार पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष श्री विजय महतो , चन्दन प्रजापति, शशांक राज, राहुल मेहता, मारुति मंगल परिवार, केदार महतो, चुड़ामणि महतो, कुलदीप तिवारी, गौरव राज, इन्द्रदेव महतो, चम्पा उरांव, अवधेश भगत, रामजीवन केशरी, भोला महतो, बालकरण महतो, धरम महतो, शम्भू महतो, प्रमोद महतो, डॉ एम एन सिंह, डॉ सुबोध, डॉ आलोक कुमार, डॉ राजकुमार साहू, डॉ रुपक, डॉ विभा, डॉ नीधि, डॉ राजीव कुमार, डॉ असिम, डॉ आभा, डॉ दीपक कुमार, डॉ सौरभ सुमन, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ रंजीत कुमार, डॉ स्वेता, डॉ राजीव, विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र संदीप कुमार जो जर्मनी में कार्यरत हैं, नितिन मौर्या, रविकांत मौर्या, सुजीत तिग्गा, मुस्लिम अंसारी सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान प्रदान करने वाले सैकड़ों छात्र उपस्थित थे। समस्त कार्यक्रम में मंच का संचालन विद्यालय के शिक्षक संतोष कुमार चौबे तथा शिक्षिका अन्नू मिश्रा के द्वारा किया गया। अंत मे डा एन. के. मेहता हास्पिटल के संचालक डॉ अजय कुमार राज के द्वारा अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन प्रदान करते हुए कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा की गई। समस्त कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा अतिथियों तथा शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई।

झारखंड हाई कोर्ट ने सीबीआई के जवाब पर जताया असंतोष

रांची,। झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में एमएलए-एमपी कोर्ट में विधायकों और सांसदों के केस के त्वरित निष्पादन से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में सीबीआई की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर राज्य में एमपी-एमएलए से संबंधित केस का स्टेटस प्रस्तुत किया गया। सीबीआई ने बताया कि पिछले दो साल में एमएलए-एमपी के खिलाफ दर्ज किसी केस का निष्पादन नहीं हुआ है।

कोर्ट ने सीबीआई के जवाब पर असंतोष जताते हुए कहा कि मामले में एसपी रैंक से नीचे के अधिकारी हाई कोर्ट में शपथ पत्र दाखिल न करें। शपथ पत्र दाखिल करने वाले पुलिस अधिकारी का पद कम से कम एसपी रैंक का होना जरूरी है। कोर्ट ने सीबीआई और ईडी को निर्देश दिया कि अगली सुनवाई में समुचित शपथ पत्र दाखिल करते हुए बताएं कि राज्य में एमपी-एमएलए के खिलाफ कितने केस पेंडिंग हैं और निचली अदालत में एमपी-एमएलए के खिलाफ चल रहे ट्रायल को तेज करें। ट्रायल के दौरान गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करें ताकि समय से उनकी गवाही हो सके और मामले का जल्द निष्पादन हो सके।

कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 8 मई निर्धारित करते हुए सीबीआई और ईडी से जबाव मांगा है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सीबीआई को शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा था कि एमपी-एमएलए के खिलाफ निचली अदालत में जो केस चल रहे हैं, उसके ट्रायल में क्यों देरी हो रही है? इनके खिलाफ ट्रायल की वर्तमान स्थिति, कितने में ट्रायल पूरा हो गया और कितने में अभी बचा है? ट्रायल के दौरान गवाहों की गवाही सुनिश्चित क्यों नहीं हो पा रही है? कोर्ट की पिछली सुनवाई के आलोक में मंगलवार को सीबीआई की ओर से हाई कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की गई थी।

झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का पांच सदस्य प्रतिनिधि मंडल मध्य प्रदेश के दौरे पर

पिस्का नगड़ी। नगर निकाय एवं ग्राम पंचायत चुनाव में पिछले वर्गो के आरक्षण को लेकर झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का पांच सदस्य प्रतिनिधि मंडल मध्य प्रदेश के दौरे पर है।

नगर निकाय एवं ग्राम पंचायत चुनाव में पिछले वर्गो के आरक्षण के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित ट्रिपल टेस्ट के संबंध में दिए गए निर्देश के आलोक में झारखंड राज्य से पांच सदस्य प्रतिनिधिमंडल मध्यप्रदेश के भोपाल में पहुंचकर एमपी पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के कार्यालय में दो दिवसीय बैठक कर वहां के अधिकारियों एवं सदस्यों से मिलकर सारी जानकारियां एकत्र की इस दौरान बैठक में मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग द्वारा ट्रिपल टेस्ट ने पूर्ण जानकारियां एकत्रित किए जाने के लिए जारी की गई पत्र प्रारुप एवं अन्य संपूर्ण जानकारियां झारखंड के प्रतिनिधि मंडल को दिया गया प्रथम प्रतिवेदन भाग-01 एवं भाग- 02 तथा दितीय प्रतिवेदन की रतिया जो मानिए सर्वोच्च न्यालय के समक्ष प्रस्तुत की गई थी उन अभी की प्रतिया उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही पिछड़े वर्गो के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

बैठक में झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के तीन सदस्य केशव महतो कमलेश, नंदकिशोर मेहता एवं लक्ष्मण यादव सहित झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अपर सचिव मोहम्मद मजहर हुसैन वह सहायक प्रशाखा पदाधिकारी अनिल पाठक शामिल हुए इनके साथ मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के सचिव डॉक्टर सूरज खोदरे एवं मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अनुसंधान पदाधिकारी डॉक्टर अश्विनी कुमार विद्यार्थी बैठक में शामिल हुए।इस

दौरान पिछड़े वर्गो से संबंधित मुद्दों पर एक अन्य बैठक हुई जिसमें मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान विधायक प्रदीप कुमार पटेल के साथ चर्चा हुई जिसमें उन्होंने विस्तारपूर्वक सभी बिंदुओं की जानकारी दी एवं पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन भी दिया।

झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने मध्य प्रदेश पिछला वर्ग कल्याण आयोग तथा पिछड़ा वर्ग आयोग के पदाधिकारियों का खुले मन से सहयोग दिए जाने के लिए धन्यवाद दिया था उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

लोकसभा में जीत के लिए संकल्पित होकर कार्य करें कार्यकर्ता: सुदेश महतो

रांची, । आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि हमारी तैयारी राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीतने की है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी इसके लिए संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं। तमाड़ की जनता हमारे लिए एक परिवार है। इस सीट पर एनडीए के पक्ष में एक बड़ा जनादेश पाने और भविष्य में यहां पर एक बेहतर नेतृत्व देने की हमारी तैयारी है।

आजसू अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मंगलवार को बुंडू में पार्टी कार्यालय के उद्घाटन के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्राम और पंचायत प्रभारियों के साथ लोकसभा चुनावों को लेकर संवाद किया। उन्होंने कहा कि पार्टी का यह कार्यालय क्षेत्र की जनता और पार्टी के कार्यकताओं व पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का काम करेगा। यह कार्यालय क्षेत्र की जनता की सेवा में हमेशा कार्यरत रहेगा। तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के विकास में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। सुदेश महतो ने कहा कि पार्टी कार्यकताओं पर दोहरी जिम्मेदारी है। लोकसभा चुनाव के साथ ही आने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी में कार्यकताओं और पदाधिकारियों को लगना है। पार्टी ने पूरे राज्य में ग्राम प्रभारी सुनिश्चित किया है। हर गांव में महिला और

रामनवमी को लेकर रांची पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

रांची, । रांची पुलिस ने अल्बर्ट एक्का चौक से रामनवमी को लेकर मंगलवार को फ्लैग मार्च किया। सिटी एसपी राजकुमार मेहता और कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया, जो अल्बर्ट एक्का चौक से डेली मार्केट, एकरा मस्जिद, कर्बला चौक, चर्च रोड तक गया। इस दौरान कई थानों के प्रभारी के साथ भारी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद थे।रांची पुलिस ने रामनवमी को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हैं। त्योहार में कोई गड़बड़ी न हो, इसका खास ध्यान रखा जा रहा है।सुरक्षा को लेकर चार आईपीएस, 10 डीएसपी, 300 दरोगा, 30 इंस्पेक्टर सहित तीन हजार सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है।इसके अलावा रामनवमी जुलूस के दौरान ड्रोन कैमरा और सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की व्यवस्था की गयी है।

सार-संक्षेप

सारूबेडा पुराना हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा रामनवमी त्योहार : महेश सिंह

कुजू कुज्जू के सीसीएल क्षेत्र के पुराना हनुमान मंदिर में बुधवार को रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाया जाएगाह्न इस बात की जानकारी हनुमान मंदिर पूजा समिति के संरक्षक कुमार महेश सिंह ने दीह्न उन्होंने बताया कि पुराना हनुमान मंदिर में दशकों से रामनवमी का त्यौहार मनाया जाता रहा ह्न 12:00 बजे रात्रि के बाद से ही मंदिर में पूजा प्रारंभ हो जाएगी तथा प्रभु श्री राम की पूजा के साथ हनुमान की भी पूजा होगी एवं ध्वजारोहण का भी कार्यक्रम चालू रहेगा बुधवार कोह्न पुरोहित के रूप में रमाशंकर पांडे, यजमान के रूप में तेज प्रताप सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी नीलम सिंह रामनवमी की पूजा संपन्न करेंगेह्न रामनवमी त्योहार को मानने को लेकर हनुमान पूजा समिति के अध्यक्ष आर दक्षिणी के मुखिया रोजे करमाली, उपाध्यक्ष पारस महतो एवं अशोक साव, सचिव अजय सिंह सह सचिव तेज प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज मिश्रा एवं इंदल सिंह चंदा प्रभारी नवल महतो के अलावे सदस्य सुधीर सिंह, प्रकाश सिन्हा,प्रकाश महतो, संजय साव, एवं सुजीत सिंह रामनवमी पर मनाने को लेकर सक्रिय हैं

राजेश कोड़ा की जमानत याचिका पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने जवाब के लिए मांगा समय

रांची। अपर न्यायायुक्त पीके शर्मा की अदालत में आयकर रिटर्न नहीं भरने के एक मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के भाई राजेश कोड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गयी। मामले में अदालत ने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को जवाब दाखिल करने के लिए एक और मौका दिया है। राजेश कोड़ा की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र कुमार ने पैरवी की। इससे पूर्व भी छह अप्रैल को मामले में सुनवाई हुई थी। इस दौरान भी जवाब दाखिल करने के लिए अदालत की ओर से इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को समय दिया गया था।

उल्लेखनीय है कि राजेश कोड़ा पर आयकर रिटर्न नहीं भरने का आरोप लगा है।

नेशनल गेम्स घोटाला मामले में पंकज यादव ने प्रोटेस्ट पीटीशन दाखिल की

रांची। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को 34वें नेशनल गेम्स घोटाला मामले में सुनवाई हुई। इस दौरान हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर करने वाले आरटीआई कार्यकर्ता पंकज यादव ने मामले की सीबीआई जांच के लिए प्रोटेस्ट पीटीशन दाखिल की। साथ ही उन्होंने विधानसभा कमिटी की रिपोर्ट भी कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया।

आरटीआई कार्यकर्ता ने कोर्ट के समक्ष अपनी सुरक्षा का मामला भी उठाया है। पंकज यादव ने कोर्ट को बताया है कि उन पर पिछले दिनों एक केस किया गया है, ताकि जांच प्रभावित की जा सके। इसके बाद कोर्ट ने दोनों ही बिंदुओं पर सीबीआई से जवाब मांगा है।

हत्या मामले के दोषी को उम्र कैद की सजा

रांची। अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने मंगलवार को हत्या मामले के दोषी करार बलजुरिया खेरवार उर्फ बबलू चौधरी को उम्र कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने उसपर 50 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। इससे पूर्व अदालत ने बलजुरिया खेरवार को 12 अप्रैल को हत्या मामले में दोषी करार दिया था।

बलजुरिया खेरवार पर पुरानी दुश्मनी को लेकर रातू थाना क्षेत्र के एतवार बाजार के शेड में सो रहे बिनोद रवानी की गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। हत्या के बाद आरोपित ने बिनोद रवानी का सिर काट कर अपने साथ ले गया था।

पांच दिवसीय हनुमान शिव देवी प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र चंडी यज्ञ का समापन

मांडर। प्रखंड के मुड़मा में आयोजित पांच दिवसीय हनुमत शिव, देवी प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र चंडी यज्ञ का समापन मंगलवार को हुआ। आयोजन समिति की ओर से आयोजित कथावाचन में कथावाचिका देवी रौशनी शास्त्री को सुनने सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। बताते चलें कि मुड़मा स्थित पांच धार्मिक स्थलों को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया था, जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। यज्ञ को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष मनोहर साहू, समाजसेवी बाबू पाठक , बिंदु भूषण दुबे, अंबिका प्रसाद, विनोद साहू, अर्जुन महतो, सुरेश उरांव, राम तिलक साहू, पंकज ठाकुर, जितेंद्र साहू, संजय साहू, तारकेश्वर केशरी, बसंत साहू, बबलू साहू, रामचरण साहू, ओमप्रकाश आनंद, आदित्य सोनी, विजय साहू, दिनेश गोप आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

वीडियोग्राफर और फोटोग्राफरों को दिया गया चुनाव संबंधी प्रशिक्षण

खूंटी, । लोकसभा निर्वाचन 2024 के आलोक में बिरसा कालेज, खूंटी परिसर में विभिन्न टीम में शामिल वीडियो ग्राफर, फोटोग्राफर के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कोषांग के मास्टर ट्रेनर विष्णुनंद तिवारी और श्रवण बारला ने उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों के संबंध में जानकारी दी। लोकसभा चुनाव 2024 में खूंटी संसदीय क्षेत्र के अधीन 40 वीडियोग्राफर, फोटोग्राफर, वेबकास्टिंग, फ्लाइंग इस्क्वाड टीम, सर्विलांस टीम में लगे कर्मियों को मंगलवार को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।उन्हें बूथ, एफएसटी, एसएसटी, वेबकास्टिंग टीम को कैसेऔर कहां रिकार्ड करना है, इसकी जानकारी दी गई।बताया गया कि उनके द्वारा की गयी वीडियोग्राफी अज़ैर फोटोग्राफी को साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन क्षेत्र में संवेदनशील आयोजनों और बड़ी सार्वजनिक रैलियों की वीडियो ग्राफी को साक्ष्य के रूप दर्ज करने के क्रम में नाम, प्रकार, तारीख, स्थान और घटना का संचालन करने वाली पार्टी एवं अभ्यर्थी का नाम स्वर प्रणाली में रिकार्ड करने की जानकारी दी गयी। उन्हें बताया गया कि वे किसी भी टीम में रहें, वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी के दौरान किसी भी राजनीतिक दल की सभा में लगने वाले वाहन, फर्नीचर, बैनर, कट आउट सहित स्वर प्रणाली संवर्धन का भी साक्ष्य के रूप में रिकार्ड करने का दायित्व रहेगा।

महुदी गांव में 40 वर्ष से रुका रामनवमी का जुलूस

अष्टमी के दिन बिना प्रशासन के देख रेख का शांतिपूर्वक जुलूस निकल कर सोनपुरा गांव मेलाटांड़ पहुंचा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता/ अरुण कुमार गुप्ता

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड के महुदी गांव में 40 वर्ष से रुका रामनवमी का जुलूस अष्टमी के दिन बिना प्रशासन के देखरेख का शांतिपूर्वक निकल कर सोनपुरा गांव मेलाटांड़ पहुंचा। जुलूस निकलने की सूचना पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई एवं खुशी का माहौल हो गया। जुलूस निकलने की सूचना मिलते ही बड़कागांव प्रशासन महुदी गांव पहुंचकर पूर्व की भांति हरकत में आ गई। महुदी गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर वापसी जुलूस को पुनः प्रशासन द्वारा रोक दिया गया है। प्रशासन द्वारा वापसी जुलूस को रोके जाने के बाद जुलूस में शामिल लोग महुदी उत्क्रमित मध्य विद्यालय के पास समाचार लिखे जाने तक धरना में बैठ गए हैं। जुलूस को वापस ले जाने के लिए काफी मशक्कत की जा रही है। जुलूस में शामिल लोगों का कहना है कि जब बिना प्रशासन का ही हम लोग शांतिपूर्वक अष्टमी का जुलूस निकाल लिए और किसी प्रकार कोई अप्रिय घटना नहीं घटी तो फिर प्रशासन वापसी जुलूस को क्यों नहीं जाने दे रही है। इधर प्रशासन द्वारा जुलूस रोके जाने के बाद महुदी गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर पूर्व की भांति ब्रैकेटिंग लगा दी गई है। जुलूस के समय दूसरे समुदाय के लोगों का कोई विरोध तो नहीं हुआ लेकिन जुलूस पार होने के बाद प्रशासन पहुंचते ही विरोध जताना शुरू कर दिया। स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। इस संबंध में प्रशासन का कहना है कि जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध लोगों द्वारा प्रशासन के साथ चीटिंग किया गया है। समझौता के लिए प्रखंड मुख्यालय में बैठक के नाम पर साजिश के तहत जुलूस निकाला गया। जैसे ही इसकी सूचना मिली गांव में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। ज्ञात हो कि उक्त जुलूस निकालने के लिए प्रखंड में कई दिनों से प्रयास हो रही थी। कई दौर की बैठकें की गई। सप्तमी 16 अप्रैल से महुदी गांव में हिंदू संगठन द्वारा धरना प्रदर्शन शुरू कर दी थी। 16 अप्रैल की रात में भी हजारीबाग सदर एसडीओ शैलेश कुमार एवं बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार के नेतृत्व में पूरा प्रशासन महुदी गांव पहुंचकर धरना पर बैठे लोगों से वार्ता करते हुए गांव में प्रवेश करने का प्रयास किया गया लेकिन धरना में बैठे लोगों ने सोनपुरा-महुदी सीमा पर ही प्रशासन को रोक देने के कारण वापस लौटना पड़ा था। समाचार लिखे जाने तक हजारीबाग एसडीओ शैलेश कुमार, बड़कागांव सीडीपीओ कुलदीप कुमार, अंचलाधिकारी बालेश्वर राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह सहित डीएसपी रैंक के कई पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड के सभी आला अधिकारी, संबंधित कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बैठक के साथ विभिन्न पंचायतों का भ्रमण किया गया

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार एवम अंचल अधिकारी विकास कुमार टुडू की अध्यक्षता में आगामी लोक निर्वाचन चुनाव को लेकर मंगलवार को मतदान प्रतिशत को बढ़ाने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इसी कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बीडीओ अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में सहिया एवम पंचायत प्रतिनिधियों संग बैठक कर मतदाताओं को जागरूक करने एवम अपने मताधिकार का सदुपयोग करने को लेकर बैठक की गई साथ ही निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने का संकल्प लिया गया। तत्पश्चात बीडीओ एवम अंचल अधिकारी के नेतृत्व में बूथ स्तरीय जागरूकता समूह (बैग)के तहत प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया जिसके तहत भेलवारा, गोविंदपुर, कुसुंभा, नवादा एवम विष्णुगढ़ पंचायत सचिवालय भवन में वीवीपैट (वोटर वैरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल) मशीन की जानकारी दी गई साथ ही जिनकी आयु 18 वर्ष हो चुकी है और उनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है उन्हें मतदाता सूची में जोड़ने को लेकर संबंधित जानकारी दी गई। इसके अलावा उक्त पंचायतों में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाताओं को जागरूक भी किया गया। मौके पर बीडीओ अखिलेश कुमार, सीओ विकास कुमार टुड्डू, रामचंद्र दांगी, अभय कुमार सिंह, मुखिया रामचंद्र यादव, दुलारचंद पटेल, लक्ष्मी कुमारी, पूनम कुमारी दास,आभा देवी समेत काफी संख्या में सहिया एवं शिक्षक गण मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

डिवाइन स्कूल मे एनसीसी का रैंक समारोह संपन्न

बरकट्ठा। प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल मे एनसीसी का रैंक वितरण समारोह संपन्न हुआ। निदेशक इंद्रदेव प्रसाद भारती की अध्यक्षता मे समारोह की शुरूआत हुई। मुख्य अतिथि के रूप मे मौजूद गंगपाचो मुखिया चिंता देवी ने बच्चों को अनुशाशन का पाठ पढ़ाया और समाज कल्याण मे सहयोग प्रदान करने की बात की। मानव जीवन में युवावस्था विकास और निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। युवावस्था भावी जीवन के लिए आधारशिला तैयार करती है। राष्ट्रीय कैडेट कोर युवाओं में असीम ऊर्जा का संचार करता है। उक्त् बाते प्रधानाचार्या स्वाती रंजन ने कहा। इसके उपरान्त कुंदन कुमार, हेमंत कुमार, आदित्य कुमार, सत्यम कुमार, पीयूष कुमार, सौरभ कुमार, सोनू कुमार, पूजा कुमारी, वर्ष कुमारी, कृति कुमारी, साक्षी कुमारी को रैंक प्रदान किया गया। समारोह को सफल बनाने मे अनिल उपाध्याय, अविशेष कौशल, प्रीती प्रभा, विवेक कुमार, पूनम कुमारी और का अहम योगदान रहा।

रामनवमी के पूर्व संध्या पर निकला मंगला शोभा यात्रा

केरेडारी। केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में रणावामी त्योहार के अंतिम मंगलवार को हिंदुत्व संगठनों द्वारा मंगला शोभा यात्रा निकाली गई! मंगला शोभा यात्रा क्षेत्र के गरी कलां चट्टी बरियातू समेत अन्य स्थानों पर निकली गई! शोभा यात्रा क्षेत्र के मंदिरों से शुरू हो कर गांव भ्रमण करते हैं पुनः मंदिर में विसर्जित किया गया! इस दौरान लोग जय श्री राम पवन पुत्र हनुमान की जयकारा लगा रहे थे! मंगला शोभा यात्रा निकालते शोभा यात्रा में शामिल लोगों ने कहा कि हम सभी प्रसन्न हो कर प्रभु श्री राम चंद्र जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मना रहे हैं!

कांग्रेस इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने किया हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का दौरा

- रामनवमी पर्व को लेकर महासमिति एवं अखाड़ा धारियों से की मुलाकात
- गुरुद्वारा में माथा टेक कर सिख समाज को बैशाखी की दी शुभकामनाएं

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल का चुनावी दौरा जारी है। वो लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर जनसंपर्क कर रहे हैं। समाज के सभी वर्गों के लोगों से मुलाकात कर अपने जनसम्पर्क के क्रम को लगातार मजबूती प्रदान कर रहे हैं। इसी क्रम में वो कल बैशाखी के शुभ अवसर पर हजारीबाग गुरु गोबिंद सिंह रोड स्थित गुरुद्वारा में सिख समुदाय के लोगों के साथ मत्था टेका और शुभकामनाएं दिया। उन्होंने समस्त हजारीबाग लोकसभा क्षेत्रवासियों के अमन-चैन, खुशहाली और उन्नति की दुआ मांगा। इस दौरान उन्होंने संदेश दिया कि अमन -चैन और खुशहाली, उन्नति का यह पर्व सभी के जीवन मे खुशियां और उन्नति लेकर आये। आपसी सौहार्द के साथ सब को मिलकर रहना है और हजारीबाग के विकास में अपनी भूमिका तय करने का समय है। जयप्रकाश भाई पटेल ने हजारीबाग रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष जीतू यादव से भी मुलाकात किया। रामनवमी पूजा को लेकर हो रही तैयारियां एवं विभिन्न मुद्दों पर बातचीत किया। इस दौरान वो सनराइज ग्रुप द्वारा आयोजित रामनवमी शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। आरती लेकर प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण में कैसे रामनवमी का आयोजन हो उसको लेकर भी कई बिंदुओ पर सुझाव दिया। साथ ही हजारीबाग के रामनवनी की ख्याति पूरे देश में है उसको भी हमें मिलकर बनाये रखने का संदेश दिया।

रामगढ़ के दर्जनों स्थानों में कार्यकताओं ने किया स्वागत

प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ में कॉलेज रोड, मेन रोड, चैनगढ़ा, पोचरा, बरकाकाना, मतकमा चौक भुरकुंडा आदि कई स्थानों में जनसंपर्क किया। इस बीच कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने माँ वनजारी दुर्गा मंदिर में माता का आशीर्वादलिया। स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदिया एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कल उन्होंने रिवर साइड भुरकुंडा में आयोजित सरहुल पूजा के केंद्रीय मिलन समारोह सह शोभायात्रा में भी सम्मिलित हुए। जनसंपर्क में उनके साथ मुख्य रूप से कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, मनोज नारायण भगत (नगर अध्यक्ष), गणेश प्रसाद मेहता (सदर प्रखंड प्रमुख), जयकुमार महतो, अनिल कुमार रॉय आदि कई लोग उपस्थित रहे एवं इंडिया महागठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील लोगों से किया।

पूर्व विधायक जानकी यादव ने सैकड़ों समर्थकों साथ भाजपा से दिया त्यागपत्र

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बरकट्ठा। बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के आवासीय कार्यालय परिसर में भाजपा की एक चिंतन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष गोपाल प्रसाद ने की व संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष बीरेंद्र यादव ने किया। मौके पर वरिष्ठ नेता महाबीर यादव के नेतृत्व में सैकड़ो समर्थको के साथ लिए गए प्रस्ताव के आलोक में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिए। उन्होंने जानकारी दी कि भाजपा के द्वारा पिछले पांच वर्षों से उपेक्षित महसूस कर रहा था, भाजपा के द्वारा मेरे समर्थकों व कार्यकर्ताओ को हासिये पर रख पिछले 2019 विधानसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी करने वाले को इस बार भाजपा लोकसभा चुनाव में संयोजक बना दिया। इस तरह की उपेक्षा अपने कार्यकताओं की नही देख सकते, जानकी यादव संघर्ष का दूसरा नाम है हम पुनः संघर्ष करेंगे जनता के बीच जाएंगे। वही बैठक में मौजूद नेताओ व कार्यकर्ताओ ने पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव का समर्थन करते हुए भाजपा के प्राथमिक सदस्यता व पदों से इस्तीफा दिया। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि लोकसभा में उनकी क्या भूमिका रहेगी यह कार्यकर्ताओ के साथ बैठकर निर्णय लेंगे। चिन्तन बैठक में मुख्य रूप से भाजपा मजदूर संघ प्रदेश अध्यक्ष अलोक सिंह,सांसद प्रतिनिधि सुखदेव यादव,पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष चंदन देवी,उप प्रमुख सुरजी देवी, प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी राजकुमार नायक, देवीलाल साव, दुर्गा चौधरी,केदार यादव, बिहारी , बीरेंद्र यादव, बाबूलाल बिहारी, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, पूर्व मुखिया बसन्त समेत बड़ी संख्या में नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

जेट में बायोटेक्नोलॉजी विषय शामिल नहीं, विद्यार्थी परेशान

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। विश्वविद्यालय व कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति तथा पीएचडी करने के लिए होने वाली झारखंड पात्रता परीक्षा (जेट) में लाइफ साइंस के अंतर्गत केवल जंतु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान को ही शामिल किया गया है। लेकिन, राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में लाइफ साइंस के सभी विषयों जैसे बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, प्लांट, बायोटेक्नोलॉजी, बायोफिजिक्स को शामिल किया गया है। जबकि, इन विषयों की पढ़ाई झारखंड के लगभग सभी विश्वविद्यालयों में होती है। विषयों को शामिल नहीं किये जाने पर विद्यार्थी चिंतित हैं। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के हजारीबाग जिला अध्यक्ष अभिषेक राज ने आज विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलसचिव के नाम ज्ञापन सौंपा और बताया की बायोटेक्नोलोजी विषय की पढ़ाई झारखण्ड में (पूर्व में बिहार) स्नातक स्तर पे वर्ष 1994-1995 और स्नातकोतर स्तर पे वर्ष 2004-2005 और इसके कुछ वर्षों के बाद ही पीएचडी भी करवाई जा रही है। इस विषय की पढ़ाई पूर्वोतर भारत में कुछ ही गिने चुने महाविद्यालयों में स्नात्तक स्तर पे हुई थी। इस विषय की आवश्यकता को देखते हुए पुनः इसकी पढ़ाई स्नात्तकोत्तर पे भी हो रही है, साथ ही साथ पीएचडी भी कराई जाती है। यह विषय सेल्फ फाइनेंस तरीके से संचलित होता है। राज्य के विभिन्न पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति एवं दूसरे राज्य के छात्र भी झारखण्ड में आकर इस विषय का अध्ययन करते हैं। छात्राएँ भी बहुत अधीक संख्यों में इस विषय का अध्ययन करती है। विगत कई वर्षों में ये छात्र ना सिर्फ सरकारी, बल्कि विभिन्न निजी कम्पनीयों में भी कार्यरत हैं।

टाटीझरिया के बेडम में आयोजित श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में शामिल हुए एनडीए के सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। जिले के टाटीझरिया प्रखंड के बेड़म गांव में आयोजित हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल मंगलवार को शामिल हुए। इस दौरान यज्ञ मंडप में मत्था टेक कर उन्होंने सबके लिए मंगल कामना की। उन्होंने क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना किया। महायज्ञ समिति के सदस्यों ने उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यज्ञ से क्षेत्र में शांति, सुख समृद्धि आती है वहीं समाज में एक दूसरे के प्रति समरसता और विश्वास बढ़ता है। धार्मिक अनुष्ठानों से क्षेत्र में सकारात्मक एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। यज्ञ के आयोजन होने पर पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो जाता है और जहां तक मंत्रोच्चारण की ध्वनि पहुंचती है पूरा वातावरण शुद्ध हो जाता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलासपति सिंह, एमके पाठक, राजू यादव, शंकर प्रसाद, पंकज मंडल, निखिल सिंह, सुशांत सिंह, यज्ञ कमेटी के रोहित प्रसाद, भोला शर्मा, जीवाधन प्रसाद, बिरेंद्र प्रसाद, बबलू सिंह, राजेंद्र मंडल, प्रकाश मंडल, पप्पून शर्मा, जागेश्वर मंडल, राजकुमार मंडल, नारायण मंडल, सहदेव मिस्त्री, सचिन मंडल समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहें।

टाटीझरिया में चखा गुलाबजामुन का स्वाद, चाय पर की चुनावी चर्चा

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का टाटीझरिया ₹गुलाबजामुन₹ के लिए बेहद फेमस है। विष्णुगढ़ से लौटने के क्रम में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने यहां गुलाबजामुन का स्वाद चखा और चाय पर स्थानीय बीजेपी कार्यकताओं और स्थानीय लोगों संग आगामी चुनाव को लेकर चर्चा- परिचर्चा की ।

जिला परिषद के जिला अभियन्ता स्व.सी.बी.सिंह के श्रद्धांजलि सभा में हुए शामिल, श्रद्धासुमन अर्पित कर किया नमन

हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के हुटपा पंचायत स्थित ग्राम बानाहप्पा निवासी हजारीबाग जिला परिषद के जिला अभियन्ता स्व.सी.बी.सिंह और उनकी मां के संयुक्त श्रद्धांजली सभा में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल शामिल हुए और दिवंगत मां-बेटे की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया एवं श्रद्धासुमन अर्पित किया ।

जब हमारा घर, समाज सुखी होगा तभी हम राज्य और देश के लिए कुछ कर पाएंगे : वीणा मिश्रा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बड़कागांव। सांढ़-छपेरवा गांव के यज्ञ में कथावाचक वीणा मिश्रा ने कहा कि आज समाज में इतनी कुरीतियां बढ़ गई है की हर व्यक्ति दुखी है ।इसका कारण है की हम दूसरों की बराइयो को देखते है पर अपनी कमी हमे नजर नहीं आती। यदि आप चाहते है की हमारा समाज सुखी हो, राज्य सुखी हो और देश सुखी हो तो, इसकी शुरूआत हमे सबसे पहले अपने घर और अपने आप से करना चाहिए। जब हमारा घर सुखी होगा तभी हम समाज को सुखी कर पाएंगे, और जब समाज सुखी होगा तभी हम राज्य और देश के लिए कुछ कर पाएंगे। आज हमारे देश भारत में पश्चिमी सभ्यता इतनी तेजी से बढ़ रही है की भारत की छवि को धूमिल कर रही है। हमारा भारत देश ही ऐसा देश है की जहां की धरती पर राम और कृष्ण का अवतार हुआ। इसी धरती पर भगवान राम ने मर्यादित जीवन जीकर लोगों को मयार्दा में रहना सिखाया।अधर्मियो का नाश करके धर्म की स्थापना की। भाई के संग भाई के प्रेम का ऐसा उदाहरण दिया की राम भगवान बन गए ।कृष्ण भी अर्जुन को गीता का ज्ञान देकर उसे सही मार्गदर्शन दिया। समाज और देश का भला करने के लिए हमे अपने संस्कारों को बचाना होगा ।सनातन धर्म को अपनाना होगा। दिन दुखियों के लिए तत्पर रहना होगा। धर्म के साथ जीवन जीना होगा। प्रभु राम के पद चिन्हों पर चलना होगा तभी हम सुंदर राष्ट की कल्पना कर सकते है। मानवतापूर्ण जीवन ही सुखी जीवन का आधार है उक्त बातें कथा वाचक मीणा मिश्रा ने कहीं। कथावाचक में सुंदर सी झांकियां प्रस्तुत करवाया गया। जिसमें मयार्दा पुरुष श्री राम, लक्ष्मण, माता सीता, वीर बजरंगी हनुमान के साथ-साथ, शिव शंकर भगवान, पार्वती माता की झांकी में शिव विवाह की झांकियां प्रस्तुति कर श्रद्धालुओं का मन मोहा। मौके पर मुखिया सुलेखा कुमारी, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार, यज्ञ समिति अध्यक्ष हरिशंकर प्रसाद, सचिन पुरन महतो, कोषाध्यक्ष कृतियानंद महतो, पूर्व जीप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, पूर्व मुखिया भीखन महतो, कार्तिक महतो, गुरुदयाल कुमार जिज्ञासु, राजीव कुमार रंजन, संतोष महतो, मनोज कुमार, ओमप्रकाश कुमार, विष्णु दयाल कुशवाहा सहित सैकडों लोग शामिल थे।

उड़ते धूल कण प्रदूषण से बालेदेवरी काबेद के ग्रामीण त्रस्त

उज्जवल दुनियां संवाददाता

फोटो कैप्शन उड़ता धूल कण का नजारा

केरेडारी। एनटीपीसी के केरेडारी कोल माइंस और चट्टी बरियातू कोल माइंस से उड़ते धूल कण प्रदूषण से बड़ी आबादी त्रस्त है! क्षेत्र में बढ़ते तापमान और बढ़ती गर्मी के साथ गर्म हवाओं के झोंके के साथ उड़ते धूल कण से काबेद और बालेदेवारी समेत अन्य गांवों के लोग कोयले का धूल लू और प्रदूषण की दोहरी मार झेलने को विवश है! गर्म हवाओं के साथ कोयला के उड़ते धूल कण गर्दा लोगों के घरों तक पहुंच रहा है! लोगों की दैनिक दिनचर्या उड़ते धूल कण के साथ व्यतीत हो रहा है! पूरा क्षेत्र कोयला के गर्दा से धुआं धुआं दिखाई पड़ता है।

क्या कहते हैं संबंधित क्षेत्र के ग्रामीण

इस संदर्भ में बालेदेवारी गांव के रामकुमार दुबे ने कहा कि बालेदेवरी काबेद पांडू समेत अन्य कई गांव के लोगों का केरेडारी प्रखंड मुख्यालय आने जाने का मुख्य रास्ता बालेदेवरी काबेद पगार मुख्य सड़क है! पगार काबेद मुख्य सड़क के सटे हुए एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोल माइंस का सीएचपी क्रेशर बनाया गया है उक्त क्रेशर के उड़ते धूल कण प्रदूषण को झेलते हुए प्रखंड मुख्यालय समेत अन्य स्थलों पर आना जाना होता है! सीएचपी क्रेशर के उड़ते धूल कण के प्रकोप से लोग बीमार हो जा रहे हैं! कोयले की उड़ते धूल कण प्रदूषण को रोकने के लिए पूर्व में ग्रीन प्रदा लगाया गया था जो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है! कोयले की गर्दा रोकने के लिए उक्त सड़क पर पानी का छिड़काव प्रबंधन द्वारा नही किया जाता है! ना ही कोयले की उड़ते प्रदूषण को रोकने के लिए कारगार व्यवस्था किया गया है। सुबोध दुबे बलराम दुबे समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पहले एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोल माइंस के उड़ते धूल कण प्रदूषण से पीड़ित थे अब एनटीपीसी के केरेडारी कोल माइंस के गर्दा और केरेडारी कोल माइंस से हो रहे कोयले की ढुलाई से उड़ रहे गर्दा से प्रदूषण की दोहरी मार झेल रहे हैं! दोनो तरफ से माइंस हो जाने से पानी की भी बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है! गांव के कुआं तालाब नदी नाला सुख चुके हैं सीएसआर मद से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी नही किया गया है! लोग धूल कण प्रदूषण और सुध पानी की समस्याओं से जूझ रहे हैं! एनटी पीसी जीएम एजीएम समेत प्रबंधन को कई बार गुहार लगा चुके हैं पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है।

उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में देर शाम तक प्रशासन के अधिकारीयों ने जुलूस मार्ग का किया निरीक्षण

सड़क किनारे पड़े ईट, पत्थरों और झूलते तारों को व्यवस्थित करने का निर्देश दिये

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। रामनवमी के पर्व में शांति और भाईचारगी बनी रहे, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। सोमवार को देर शाम तक उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह की अगुवाई में सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए प्रशासनिक टीम सम्पूर्ण जुलूस मार्गों में रामनवमी पर्व के दौरान विधि व्यवस्था का जायजा लिया तथा रूट मार्ग में पड़े ईट,पत्थरों,पेड़ों की डालियों, झूलते तारों आदि को ससमय दुरूस्त करने निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में प्रशासनिक टीम छडवा डैम, कटकमदाग, खिरगांव, झंडा चौक, बड़ा अखाड़ा, महावीर मंदिर, जामा मस्जिद रोड आदि मार्गों पर भ्रमण कर बारीकी से निरीक्षण किया।

उपायुक्त ने बताया कि रामनवमी के पर्व को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। इसके लिए कई चरणो में विभिन्न अखाड़ों के साथ बैठक की गई है। वहीं जुलूस को लेकर मूलभूत सुविधाएं जैसे पीने के पानी की सुविधा, सड़कों का निर्माण, बैरिकेटिंग, लाइट की व्यवस्था, मंच निर्माण जैसे तमाम बिंदुओं पर पहले से काम चल रहा है, उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि जिला प्रशासन और आम जनता समन्वय के साथ सहयोगात्मक रुख रखें।उन्होंने हजारीबाग की जनता से अपील की है कि प्रशासन आपके साथ हर कदम पर खड़ी है, पूरी भव्यता और शांतिपूर्वक तरीके से पर्व मनाएं और शोभायात्रा का आनंद लें। मौके पर उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित,अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, एसडीओ सदर शैलेश कुमार, एसडीपीओ शुभाशीष कुमार, सहायक समाहर्ता सुलोचना मीणा, सीओ सदर मयंक भूषण, डीपीआरओ रोहित कुमार, नजारत उपसमाहर्ता प्रदीप कुमार व अन्य मौजूद रहे।

रामनवमी के मद्देनजर प्रखंड प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च

केरेडारी। महा रामनवमी त्योहार को लेकर केरेडारी प्रखंड प्रशासन द्वारा एहतियातन तौर पर थाना क्षेत्र के संवेदनशील जगहों पर रामनवमी के एक दिन पूर्व फ्लैग मार्च किया गया! फ्लैग मार्च केरेडारी गरी कलां पांडू समेत अन्य संवेदन शील जगहों पर किया गया! फ्लैग मार्च के दौरान सीओ राम रतन कुमार वर्णवाल थाना प्रभारी अजीत कुमार ने जुलूस मार्ग का निरीक्षण करते हुए विधि व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों से शांति पूर्ण माहौल और आदर्श आचार संहिता के दायरे में रामनवमी त्योहार मनाने की अपील किए! फ्लैग मार्च में सीओ राम रतन कुमार वर्णवाल थाना प्रभारी अजीत कुमार थाना के पुलिस कर्मी और पुलिस बल के जवान शामिल थे!

लोकसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन को लेकर माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण स्थानीय नगर भवन में दिया गया

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। लोकसभा चुनाव 2024 को सफल संचालन के लिए सभी माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण आज स्थानीय नगर भवन हजारीबाग में आयोजित किया गया। इस मौके पर माइक्रो आब्जर्वर के कार्य एवं दायित्व के साथ-साथ उनके अपने निर्धारित बुथ पर सूक्ष्म से सूक्ष्म अवलोकन करने के बारे मे बताई गई। इस दौरान पोस्टल बैलेट कोषांग के नोडल उज्जवल चौरसिया ने पोस्टल बैलेट से वोट देने की प्रक्रियाओं को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया की जिन भी मतदाताओ का अभी तक मतदाता सूची में नाम नही है, वें 23 अप्रैल 2024 तक फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवा सकते है। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी माँ देवप्रिया, नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग के निर्भय कुमार, मृत्युंजय कुमार, इन्दू प्रभा खलखो, उज्जवल चौरसिया एवं जिला मास्टर प्रशिक्षक के रूप मे धीरज कुमार, सुनील कुमार पांडेय, राकेश रंजन, अनिल पांडेय, महेंद्र कुमार एवं देवकांत शर्मा उपस्थित रहे।

हजारीबाग के हर क्षेत्र में पूर्ण वैभव के साथ निकला अष्टमी का शोभायात्रा

हजारीबाग। जिले में रामनवमी की आगाज हो चुकी है। मंगलवार को महा अष्टमी के अवसर पर जिले भर के विभिन्न क्षेत्रों में पूर्ण वैभव और हर्षोल्लास के साथ अष्टमी शोभायात्रा निकला। श्री चैत रामनवमी महासमिति, विष्णुगढ़ की ओर से प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी के पूर्व संध्या आयोजित भव्य और आकर्षक झंडा शोभा यात्रा में विशेषरूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल शामिल हुए और रामभक्तों और श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया। श्री जायसवाल यहां श्रद्धालुओं के साथ सड़क पर तलवार और भगवा ध्वज के साथ कदमताल करते नजर आए। मनीष जायसवाल को अपने बीच पाकर शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर दिखा। जय श्री राम के नारे की गूंज के साथ पूरा विष्णुगढ़ और बनासो क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। विष्णुगढ़ प्रखंड के सभी 24 पंचायतों के हजारों लोग सड़कों पर श्रीराम की उद्घोष के साथ

विष्णुगढ़ में रामनवमी से पूर्व निकला शानदार शोभायात्रा, एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने शामिल होकर बढ़ाया रामभक्तों का उत्साह

रामनवमी की आगाज करते दिखे। यह शोभा यात्रा विष्णुगढ़ के दुर्गा मन्दिर चौक से शुरू होकर हॉस्पिटल चौक, अखाड़ा चौक, क्रोंज मोड़, जमुनिया नदी, नवादा होते हुए बनासो स्थित मां बागेश्वरी धाम पहुंचकर समाप्त हुआ। भगवा ध्वज के साथ बाइक पर सवार रामभक्तों का उत्साह चरम पर दिखा। यहां आयोजन समिति ने आत्मीय भाव से विभोर होकर सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का अंग- वस्त्र भेंटकर अभिनंदन किया। मौके पर मनीष जायसवाल ने आत्मीय स्वागत के लिए विष्णुगढ़ वासियों का हमेशा आपका ऋणी रहने की बात कही। सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने शोभायात्रा में शामिल लोगों को रामनवमी की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी ।

संक्षिप्त खबरें

मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के नेतृत्व में शस्त्र पूजा के साथ हुआ शक्ति प्रदर्शन, निकाली बाइक रैली

बरही। बरही में मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की ओर से अस्त्र शस्त्र पूजा के साथ ही बेटियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से शक्ति प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में महिलाओं के साथ युवतियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में शस्त्र की पूजा कर इसे धारण करने की युवतियों से अपील की गई। महिलाएं मोटरसाइकिल व बाइक पर सवार होकर घरेलू महिलाओं को जागरूक करती नजर आई। कार्यक्रम में महिलाओं के हाथों में डंडा और तलवार नजर आ रही थी। कार्यक्रम में शामिल हुई दुर्गा वाहिनी की पदाधिकारी ने कहा कि उनका उद्देश्य महिला में आत्मरक्षा के भाव पैदा करने के साथ ही उनके अंदर बने अबला नारी के सोच की समाप्त करना है। वहीं स्थानीय महिलाओं ने कहा कि आज के समय मे पुरुषों के साथ ही महिलाओं को भी मजबूत होकर हर विपरीत परिस्तिथि का मुकाबला करने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है।

अष्टमी पूजा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, माता के जयकारों के साथ गुंजा क्षेत्र

दारू । चैत्र नवरात्रि में जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। साधक दिन भर उपवास कर रात्रि में आरती-अर्चना के बाद फलाहार करते हैं। मेरू, रामदेव खरिका, हरली के दुर्गा मंडप में षष्ठी के दिन मां दुर्गा का पट खुलते ही मां के अलौकिक दर्शन पाने को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड पड़ी। पूरा क्षेत्र भक्तिमय एवं माता के जयकारों के साथ गुंजयमान हो गया। वही अष्टमी के दिन सुबह से ही श्रद्धालु अष्टमी पूजा करते उत्साहित नजर आए। शाम 4:17 बजे के बाद से संधि बलि को लेकर भक्तों की लंबी कतार लगी रही।

सात दिवसीय राम कथा का समापन

बरकट्ठा। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम शिलाड़ीह में रामनवमी पूजा के अवसर पर सात दिवसीय राम कथा का आयोजन किया गया, जिसमें अंतिम दिन में प्रसिद्ध कथावाचक अयोध्या के विव्यांशु महाराज के द्वारा कथा और भजन जय चंदा रे जयचंद तूने देश को बर्बाद कर दिया, अयोध्या जी को फैजाबाद कर दिया गाकर लोगों का दिल जीत लिया।वहीं विद्यांशु महाराज जी को माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर विदाई दी गयी।

मीत यादव ने नशामुक्त रामनवमी मनाने का युवाओं से किया अपील

हजारीबाग। रामनवमी को नशामुक्त व भक्तिमय वातावरण मे मनाने को लेकर मीत यादव के द्वारा एक अच्छी व अनोखा पहल किया गया है. उनके द्वारा घोड़े का रथ रवाना किया गया . इस रथ मे नशामुक्त रामनवमी मनाने को लेकर संदेश लिखा हुआ है साथ ही साथ ऑडियो के माध्यम से भी लोगो से नशामुक्त होकर व भक्तिमय वातावरण मे रामनवमी मनाने कि लोगो से अपील कि जा रही है. इस संबंध मे मीत यादव ने बताया कि हम सब आदर्श पुरुषोत्तम श्री राम का जन्मोत्सव मना रहे है, वह राम जिनका संपूर्ण जीवन त्याग, तपस्या, सेवा, धर्म की रक्षा और समाज को दुराचार से मुक्ति दिलाकर सभी वर्ग के लोगों को न्याय दिलाने का रहा था वे हम सब के आराध्य हैं इसलिए हजारीबाग की रामनवमी के उत्सव में उनका आचरण और उपदेश दिखना चाहिए। राम के परम भक्त बजरंग बली की पूजा अर्चना भी हम सभी पूरे भक्ति के साथ करते है।

रामनवमी को लेकर प्रशासन अलर्ट

फ्लैग मार्च निकाल शांति और सद्भाव से त्योहार मनाने की अपील की

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

दारू। प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी को लेकर स्थानीय प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। क्षेत्र में पुलिस की गश्तियां तेज कर दी गई है। मंगलवार को बीडीओ मो हारून रशीद, अंचलाधिकारी नवीन भूषण कुल्लू और थाना प्रभारी सफीक खान के नेतृत्व में प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसमे भारी संख्या में सशस्त्र बल शामिल रहे। फ्लैग मार्च दारू थाना से प्रारंभ होकर प्रखण्ड के दारू, हरली, पेटो, झुमरा, सहित अन्य क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए लोगो से शांति और सौहार्द वातावरण में रामनवमी मनाने की अपील की। सोशल मीडिया और हुड़दंगियों, असामाजिक तत्वों व भ्रांतियां फैलाने वालों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर होगी। थाना प्रभारी सफीक खान ने कहा कि पुलिस प्रशासन आपकी सेवा के लिए 24 घंटे तत्पर है। किसी भी प्रकार के अप्रिय घटना या वारदात के लिए प्रशासन को त्वरित खबर करें।

रामनवमी के पूर्व संध्या पुलिस प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च, शांति की अपील, एसडीओ एसडीपीओ रहे शामिल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बरही। रामनवमी के पूर्व संध्या पर मंगलवार शाम अनुमंडल पुलिस प्रशासन ने ने बरही मुख्य बाजार में फ्लैग मार्च किया। एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ सुरजीत कुमार के नेतृत्व में बरही थाना से चौक होते हुए सभी सड़को में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान संवेदनशील क्षेत्र सहित रामनवमी के त्योहार पर निकलने वाले झंडा जुलूस के रूट चार्ट का भी अवलोकन किया गया। जुलूस के दौरान किसी भी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए दुकानदारों तथा सड़क किनारे ठेला खोमचा

लगाने वालों को भी निर्देश दिया गया कि जुलूस के दौरान सड़क के किनारे किसी भी तरह का ठेला खोमचा लगाकर रूट जाम ना करें। एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी तरह की अफवाह से बचने का प्रयास करें और पुलिस प्रशासन को इसकी जानकारी दें। फ्लैग मार्च में सीओ रामनारायण खलखो, प्रभारी थाना प्रभारी सुमित कुमार समेत महिला व पुरुष बल के जवान शामिल थे।

चतरा के लोग रेल पर चढ़ेंगे, हमारा सपना संपूर्ण करने की दिशा में होगा सार्थक प्रयास : कालीचरण सिंह

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता/ गीतांजलि

- **चतरा संसदीय क्षेत्र में खनिज संपदा पर आधारित कल कारखानों का बिछेगा जाल: भाजपा**
- **जिनको किसी ने नहीं पूछा,उनको मोदी जी पूजते हैं,सबका साथ,सबका विकास का भाव ही है भाजपा का संकल्प पत्र**
- **चतरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह, विधायक किशुन कुमार दास ने भाजपा जिला मुख्यालय में संयुक्त रुप से किया प्रेस कॉन्फ्रेंस**

चतरा। चतरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहां है कि चतरा के लोग रेल पर चलेंगे। उन्होंने कहा है कि रेल का सपना हम सबों का सपना है और आने वाले 5 वर्षों में रेल लाने के लिए सार्थक प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि चतरा संसदीय क्षेत्र खनिज संपदा से भरा और परिपूर्ण क्षेत्र है, इसीलिए यहां के लोगों को रोजगार, तरक्की, प्रगति और उन्नति के लिए खनिज संपदा पर आधारित कल कारखानों का जाल भी बिछेगा। उन्होंने झारखंड की वर्तमान झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार पर भी तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिस प्रदेश का तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जो भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हो, उसे प्रदेश में विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी और प्रदेश और देश की तरक्की दिन दुगनी रात चौगुनी होगी। लोगों की मूलभूत समस्याओं से निजात दिलाकर चतरा संसदीय क्षेत्र में इंजीनियरिंग मेडिकल एवं अन्य तकनीकी कॉलेज भी खोले जाएंगे। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में चतरा संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी कालीचरण सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा सह सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा के संकल्प पत्रों के बारे में पत्रकारों को जानकारी दी। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन योजना के तहत आने वाले समय में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण की व्यवस्था पूरे देश में की गई है। इसके साथ ही आधी आबादी की तकरीबन 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जाएगा ।उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी की बातों की अक्षरशः गारंटी होता है।2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में जितने भी वायदे किए गए थे सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की सरकार ने लोगों के लिए समर्पित किया है ।

विजय शंखनाद संस्था सभी झांकियां और रामभक्तों पर पुष्प वर्षा करेगी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

- **हनुमान बालरुप सज्जा प्रतियोगिता हनुमान जयंती पर आयोजित होगी**
- **भारत सरकार के पर्यटन विभाग ने अपने वेबसाइट पर हजारीबाग राममवमी की जानकारी डाली,**

हजारीबाग । विजय शंखनाद संस्था ने मंगलवार को एक प्रेस वार्ता प्रेस क्लब सभागार में आयोजित की गई। संस्था के अध्यक्ष अमरदीप यादव ने बताया कि 500 वर्षों बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला विराजमान हुए और 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा हुआ है। पूरी दुनिया के सनातन धर्म प्रेमी गौरान्वित है इसलिए इस शुभ वर्ष में संस्था अपने शिविर से सभी झांकियों और रामभक्तों पर पुष्प वर्षा करेगी। अधिक फूल उपलब्ध कराने के लिए फूल विक्रेताओं से संपर्क किया गया है। अमरदीप ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार के पर्यटन विभाग के वेबसाइट ४३२५.ङ्क५ल्ल में हजारीबाग रामनवमी का संक्षिप्त इतिहास और तस्वीरें अपडेट कर दिया गया है। इससे विदेशी पर्यटक हजारीबाग इंटरनेशनल राममवमी के बारे में जानकारी प्राप्त कर रामनवमी में हजारीबाग रामनवमी, विजयादशमी और एकादशी जुलूस देखने आने के लिए आकर्षित और प्रेरित होंगे। इससे रोजगार की संभावनाएं बढ़ेगी।

रामनवमी संरक्षण समिति ने बड़ा अखाड़ा प्रांगण में कराया कुश्ती दंगल प्रतियोगिता आज भी होगा भव्य दंगल का आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

- **हरियाणा, बनारस, अयोध्या, पंजाब व नेपाल से आए हुए पहलवानों ने लिया दंगल में भाग**
- **नशा मुक्त रामनवमी के लिए अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें युवा : प्रशांत कुमार प्रधान**

हजारीबाग। राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हजारीबाग की रामनवमी में जहां हर साल एक ओर भव्य रूप से सैकड़ों अखाड़ों के द्वारा दशमी को झांकियां निकाली जाती है , जो कि एकादशी के देर रात तक चलती है । इस दौरान रामभक्तों का जोश व उत्साह देखने को बनता है । राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हजारीबाग की रामनवमी की आगाज होते ही हजारीबाग संरक्षण समिति ने भी रामनवमी को लेकर तैयारियों में जुटा हुआ है । आज इसी क्रम में समिति ने हजारीबाग बड़ा अखाड़ा में रामनवमी संरक्षण समिति के बड़ा अखाड़ा के प्रांगण में कुश्ती दंगल का कार्यक्रम आयोजित किया गया । इसमें हरियाणा, पंजाब , बनारस व हजारीबाग के भी पहलवानों ने भाग लिया । वहीं प्रशांत प्रधान ने पहलवानों का हौसला आफजाई करते हुए कहा कि हजारीबागवासी मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों को मानने वाले लोग हैं और हमारा कर्तव्य है की हम उनके पद चिन्हों पर चलते हुए प्रेम और सद्भाव पूर्वक नशा मुक्त रामनवमी मनायें । रामनवमी संरक्षण समिति के हर साल विभिन्न कार्यक्रमों आयोजित किया जाता रहा है । इसी निमित्त आज भी कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया है । दंगल में आए लोगों एवम मीडिया के माध्यम से हजारीबाग के युवाओं से रामनवमी संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने अपील करते हुए कहा है की हजारीबाग के युवा हजारीबाग के आने वाले कल के भविष्य हैं आप सब नशा मुक्त रामनवमी के लिए अपनी महत्ती भूमिका सुनिश्चित करें आगे उन्होंने बताया की आज बुधवार नवमी तिथि को भी दंगल (कुश्ती) समयः 3:00 स्रे से 7:00स्रे बडा अखाड़ा परिसर स्थित मैदान में किया जायेगा । वहीं संध्या 7:15 से श्रीराम शोभा यात्रा बड़ा अखाड़ा से महावीर स्थान चौक से ग्वाल टोली पंच मंदिर होते हुए झंडा चौक से पुनः बड़ा अखाड़ा आएगा , जहां शोभा यात्रा का समापन होगा । मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव, दीपक नाथ सहाय कार्यकारी अध्यक्ष निशांत कुमार प्रधान,परमेश्वर मेहता, पूर्व महासमिति अध्यक्ष राजकुमार यादव सुनील केशरी, संजीव लाल भगत, ओम प्रकाश गोप ,अजय कुमार साव, ज्योति सिन्हा, लब्बु गुप्ता, ओम प्रकाश सिन्हा, केदार कुमार, मोहन कुमार,धर्मेंद्र शुक्ला, समेत रामनवमी संरक्षण समिति के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

महिलाओं के आड़ में अधिकारियों से बदसलूकी राजद के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता को पड़ा महंगा, गए जेल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बगैर अनुमति बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित करने पहुंचे ग्रामीणों को बाउंसर संग पहुंचे सुबोध ने उकसाकर बिगाड़ा था माहौल

चतरा। संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर बगैर अनुमति प्रतिमा स्थापित करने पहुंचे ग्रामीणों के द्वारा राजद नेता के बहकावे में आकर चुनाव आदर्श आचार संहिता की खुलेआम धज्जी उड़ाने का मामला प्रकाश में आया है। इतना ही नहीं नाजायज तरीके से जुटाई गई भीड़ ने मौके पर बतौर दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त अधिकारियों और पुलिस पदाधिकारी के अलावे जवानों के साथ भी बदसलूकी व दुर्व्यवहार की घटना को अंजाम दिया है। जिसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अंचल अधिकारी नित्यानंद दास के लिखित शिकायत पर कार्रवाई करते हुए हुए भीड़ को उकसाने के आरोपी राजद के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता

सुबोध पासवान व उसके एक अन्य समर्थक बब्लू पासवान को मौके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पूरी घटना प्रतापपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समीप स्थित गोलंबर के पास की है। मामले में पुलिस ने अंचल अधिकारी के शिकायत पर सात अन्य नामजद उपद्रवियों समेत दो दर्जन से अधिक असमाजिक तत्वों व ग्रामीणों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।

अनुमति निरस्त होने की सूचना के बावजूद जुटे ग्रामीण, जबरन प्रतिमा स्थापित करने का प्रयास

अनुमंडल पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव ने बताया कि प्रतापपुर थाना क्षेत्र के टंडवा गांव निवासी योगेश दास ने लिखित आवेदन दिया था कि भीमराव अंबेडकर जयंती के मौके पर निजी भूमि पर प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना करेंगे। जिसके बाद कार्यक्रम की अनुमति दे दी गई थी। साथ ही साथ अंचल अधिकारी को दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त करने व स्थानीय पुलिस को विधि-व्यवस्था संधारण का निर्देश दिया गया था। लेकिन कार्यक्रम के अनुमति के पश्चात अंचल अधिकारी प्रतापपुर के द्वारा सूचना प्राप्त हुआ कि जिस स्थान पर प्रतिमा स्थापित करने और पूजा अर्चना की अनुमति मांगी गई है वह निजी नहीं बल्कि प्रखंड मुख्यालय का सार्वजनिक स्थल है। उन्होंने बताया कि आवेदक के द्वारा अनुमंडल कार्यालय को गुमराह कर कार्यक्रम की अनुमति ली गई थी। मामले का खुलासा होते ही तत्काल प्रभाव से कार्यक्रम के अनुमति को निरस्त करते हुए सार्वजनिक स्थान पर प्रतिमा स्थापित करने पर रोक लगाने का निर्देश अंचल अधिकारी और प्रतापपुर पुलिस को संयुक्त रूप से दिया गया था।

सुबोध की एंट्री के बाद बिगड़ा माहौल, अधिकारियों व जवानों से हुई धक्का-मुक्की

प्रखंड प्रशासन के अधिकारी जब प्रतिमा लेकर पहुंचे ग्रामीणों को समझा रहे थे। उसी दौरान राजद के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता प्रतापपुर के बौद्धाडीह गांव निवासी सुबोध पासवान भी चतरा से अपने पांच बाउंसरों के साथ मौके पर पहुंच गए। और ग्रामीणों को उकसाकर अधिकारियों व जवानों से उलझाने का प्रयास करने लगे। जिसके बाद मामला बढ़ता देख घटना की सूचना अनुमंडल पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन को दी गई। सूचना मिलते ही दोनों अधिकारी भी प्रखंड मुख्यालय स्थित हंगामा स्थल पहुंचे। जहां एसडीओ, एसडीपीओ के साथ-साथ प्रतापपुर थाना के प्रभारी थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस शुभम खंडेलवाल ने भी अन्य अधिकारियों और जवानों की मौजूदगी में हंगामा कर रहे राजद नेता और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराने का अथक प्रयास किया। अधिकारियों ने हंगामा और नारेबाजी कर रहे राजद नेता व ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया कि चुनाव आदर्श आचार संहिता में किसी भी सार्वजनिक स्थान पर प्रतिमा स्थापना और अनावरण की अनुमति नहीं होती है। लेकिन इसके बाद भी सुबोध पासवान लगातार मौके पर मौजूद महिलाओं और भीड़ में शामिल लोगों को प्रशासन और अधिकारियों के विरुद्ध उकसाते नजर आए।

राजद का रहा है ये पुराना चाल-चरित्र, इसके नेता करते रहते हैं जेल यात्रा

इधर लोकसभा चुनाव के दौरान राजद नेता सुबोध पासवान के द्वारा खुलेआम आचार संहिता उल्लंघन और अधिकारियों व पुलिस के साथ दुर्व्यवहार का मामला राजनीतिक रूप भी ले चुका है। मामले में भाजपा नेताओं ने चुटकी लेते हुए इसे राष्ट्रीय जनता दल का पुराना चाल-चरित्र बताया है। कहा है कि राजद नेताओं का पुराना इतिहास रहा है कि वह कानून को चुनौती पेश कर जेल की यात्रा करते रहते हैं। मामले में त्वरित कार्रवाई के लिए भाजपा ने जिला प्रशासन और पुलिस के प्रति आभार जताया है। कहा है कि कानून अपना काम इसी तरह ईमानदारी से करता रहे।

भाजपा का एक दिवसीय बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

सतगावां – प्रखंड के साप्ताहिक हॉट मैदान में मंगलवार को भाजपा का एक दिवसीय बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता प्रखंड भाजपा अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद व संचालन बालमुकुंद सिंह ने किया। सम्मेलन में बतौर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह वर्तमान सांसद व कोडरमा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ,कोडरमा विधायक डॉ.नीरा यादव तथा भाजपा जिलाध्यक्ष -अनूप जोशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।सम्मेलन में प्रखंड सभी 14 शक्ति केंद्र के संयोजक ,सह संयोजक, बूथ अध्यक्षों तथा पन्ना प्रमुखों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।सम्मेलन को भाजपा प्रत्याशी सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ,सबका विकास सिर्फ नारा ही नहीं दिया है,बल्कि भाजपा सरकार उसी मंत्र पर काम कर रही है। हमारी सरकार युवाओं के रोजगार को ध्यान में रखकर तमाम योजनाओं को लागू कर रही है।सरकार ने 10 लाख युवाओं को विभिन्न विभागों में रोजगार मेला के माध्यम से नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं से इस बार बुथों पर 10 प्रतिशत मतदान बढाने की अपील की।वहीं उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार बच्चियों के लिए सैनिक स्कूल में नामांकन की व्यवस्था की। वहीं उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को रामनवमी की शुभकामनाएं दी और कहा कि यहां की जनता से 25 वर्षो सहयोग व आशीर्वाद मिलते आ रहा है ,आशा है इस बार भी यहां की जनता का आशीर्वाद व सहयोग मिलेगी ।साथ ही आगामी 2 मई को नामांकन के दिन कार्यकर्ताओं को आने का न्योता दी।वहीं उन्होंने कार्यकर्ताओं से 20 मई को एक एक वोट भाजपा को देने तथा केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाने की अपील की।वहीं विधायक डॉ0नीरा यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने गरीब परिवार के इलाज के लिए 5 लाख तक का इलाज की व्यवस्था किया गया ।वहीं महिलाओं को फ्री गैस कनेक्शन देकर हमारी बहनों को चूल्हे के धुंए से निजात दिलाई। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं से 20 मई तक तन मन क्षेत्र में पूरी तरह डटे रहने की अपील की।वहीं सम्मेलन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि विगत लोक सभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को करीब 4लाख 80 हजार से जीत मिली थी। इस बार 6 लाख मतों से जीत हो ये संकल्प लें।

वहीं सम्मेलन के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी के आदेशानुसार आदर्श आचार सहिंता लागू करवाने को लेकर एफ.एस.टी.सह प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी -राहुल कुमार,वी.एस.टी.-कनीय अभियंता -मनीष कुमार तथा पंचायत सचिव -रंजीत यादव मौजूद रहे। सम्मेलन का धन्यवाद ज्ञापन अनिल यादव ने किया। मौके पर,विनय कुमार सिंह, विवेक विकास मिश्रा,अभिमन्यु प्रसाद,सुधीर सिंह, राजकुमार यादव,डॉ.बालगोविंद प्रसाद यादव, विनोद यादव,प्रदीप कुमार,बब्लू सिंह ब्रह्मदेव प्रसाद यादव, चंद्रिका प्रसाद यादव,सुबोध सिन्हा,शम्भू मोदी,मो.नईम उद्दिन, रंजीत सिंह ,दुर्गा राय, नरेश राय,शिव राज सिंह,कंचन कुमारी ।

डीएवी में मनाया गया प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम

झुमरीतिलैया – डीएवी कोडरमा में प्रेरणा उत्सव के अंतर्गत अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।विद्यालय स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में अनेक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें विकसित भारत को व्यंग्य चित्र द्वारा कक्षा दसवीं के इकजोत,रिया और ऋषिका ने दिखाया। विकसित भारत के विभिन्न रूपों को कक्षा दसवीं की वर्तिका शुक्ला,यशी जायसवाल, शौर्य संस्कार, सत्यम कुमार और रिया राज ने चित्रकला के माध्यम से दिखलाया। कहानी लेखन द्वारा कृतिका देबनाथ, जिज्ञासा रानी, तेजस्वी सिंह ,पल्लवी कुमारी, आर्यन राज और वंश कपूर, ने भारत के विकास को समझाया। भारत के विकास की विकास गाथा को अपनी कविता में दिव्या राणा,अरात्रिका सिन्हा ,रोनित राज, सतीश यादव, कृतिका देबनाथ ,शौर्य प्रताप सिंह और तन्वी कुमारी ने प्रस्तुत किया। विकसित भारत पर निबंध अरात्रिका सिन्हा, रुद्र प्रताप सिंह चंदेल, अमीषा सिंह,प्रतुल्य संजीवनी और रणवीर सिंह सलूजा ने लिखा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने बताया भारत सरकार ने प्रेरणा उत्सव के अंतर्गत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए उनकी विभिन्न योग्यताओं को उभारने का प्रयास किया है। यह छात्रों को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकों की सराहना की।....

सेक्रेड हार्ट स्कूल में रामनवमी कार्यक्रम किया गया आयोजित

कोडरमा : सेक्रेड हार्ट स्कूल में रामनवमी को लेकर विशेष असेंबली का आयोजन किया गया। असेंबली में राम और सीता के वेश में पहुंचे बच्चों ने लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी और कहा कि रामनवमी भगवान राम का जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हमें भगवान राम के जीवन से उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतरने की आवश्यकता है। राम का जीवन आदर्श और मर्यादाओं के बंधन से बंधा हुआ था। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें भी अपने लिए एक मर्यादा और अनुशासन की लक्ष्मण रेखा खींचकर अपने जीवन को आदर्शमय बनाने की जरूरत है। इस मौके पर राम और सीता के बीच में आए बच्चों में मानसी मिश्रा, आद्यया कुमारी, काव्या कुमारी, वर्तिका कुमारी, प्रत्यूशा शर्मा, अवंतिका सिंह, मंगल पांडेय, श्रेया कुमारी, अपराजिता कुमारी और एंजेल कुमारी के नाम शामिल हैं। इस मौके पर विद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर विनोद कुमार, अकादमी कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, दीपक सर्राफ, किशोर कुणाल, सुभय कुमार, संजय तिवारी, संजय मिश्रा, सुनील पाठक, विक्रम कुमार, शंकर कुमार, सतीश कुमार, विक्की कुमार, फैयाज केसर, अनमोल रतन, हंसपाल, रजनी वाला, चंदन पांडेय, विशाल आनंद, राहुल कुमार, अभिलाष सिंह, प्रीति कुमारी, पायल सिंह, रमेश कुंज, जयप्रकाश सिंह, राकेश पांडेय, कुंदन राणा, आशुतोष गौतम, रणजीत सिंह, मनोज सिंह, विनय कुमार सिंह समेत अन्य शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे।....

स्वस्थ शरीर के लिए रक्तदान महत्वपूर्ण

गिरिडीह : जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग, गिरिडीह के तत्वाधान में प्रखंड कार्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 48 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। रक्तदान शिविर में वरीय अधिकारियों समेत कई अधिकारियों व कर्मचारियों/महिलाओं व आमजनों ने भी स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस दौरान उपायुक्त महोदय, नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य, प्रभारी पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, स्वीप कोषांग की टीम समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इसके साथ ही रक्तदान शिविर के साथ-साथ मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र ।

माँ भगवती की विधि-विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठान के बाद मंदिर का पट का हुआ उद्घाटन

मरकच्चो – बसंती दुर्गा पूजा की खुशी एवं उल्लास में पूरा प्रखंड डूब चुका है। बज रहे मां के भक्ति गीतों एवं मंत्रोच्चारण की गूंज से वातावरण मां की भक्ति में सराबोर हो चुका है। सोमवार को नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत लहरियाटांड गांव स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा मंडप प्रांगण में माँ भगवती की विधि-विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठान के बाद मंदिर का पट का उद्घघाटन स्थानीय समाजसेवी महाबीर यादव फीता काटकर किया.जिसके बाद माँ दुर्गा के दर्शन को लेकर काडी संख्या में श्रद्धांलुओ की भीड उमड पडी . इस मौके पर पूर्व मुखिया कौशल्या देवी,पूजा समिति अध्यक्ष पंकज राणा, सचिव रंजीत यादव,संरक्षक रामधनी यादव, यमुना रवानी, विजय शर्मा,ब्रह्मदेव यादव, रामप्रसाद राणा, लालु यादव, अरुण पाण्डेय, राजेंद्र यादव, भुनेश्वर यादव, सरयू राणा,सोनू राणा समेत कई लोग मौजूद थे.।

स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से चलाया जा रहा है मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

कोडरमा – जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम के तहत लोकसभा निर्वाचन 2024 के निमित्त मतदाताओं में जागरूकता लाने के उद्देश्य से झुमरी तिलैया नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नं0-9 एवं 10 में वोट देने की तिथि, समय के बारे में मतदाताओं को जानकारी दी गई एवं जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, उनका फॉर्म-06 भरा गया। इसके साथ साथ जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जेएसएलपीएस की सखी मंडल द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कर मतदाताओं से 20 मई को मतदान करने एवं अन्य लोगों को भी जागरूक करने की अपील की गई। स्वीप गतिविधि के तहत चंदवारा प्रखंड के बेंदी पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती ग्राम भीतिया में रहने वाले ग्रामीणों को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त जिले के विभिन्न क्षेत्रों में ÷मतदाता पंजीकरण महाअभियान÷ अंतर्गत गठित स्वीप टीमों द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से चुनाव संबंधित प्रश्न पूछे जा रहें हैं एवं श्वक्क्रष्ट कार्ड चेक किया जा रहा है। साथ ही जिन मतदाताओं का एपिक कार्ड नहीं है, उनका ऑन स्पॉट पपत्र-06 भरकर मतदाता सूची में नाम जोडा जा रहा है। जिलेवासियों से है अपील, मतदाता सूची में अपना नाम जुडवाएं और लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागी बनें। जिले के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों ने चुनावी पाठशाला, शपथ, पोस्टर, स्लोगन राइटिंग, वाद-विवाद समेत अन्य गतिविधियां कर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया।..

घर-घर और मंदिरों में लहरेंगें आज बजरंगबली के पताखे, हवन का हुआ आयोजन

झुमरीतिलैया – बासंती नवरात्रा व रामनवमी को लेकर गांव से लेकर शहर में भगवा रंग चढ गया है।झुमरीतिलैया के झंडा चौक,स्टेशन रोड के अलावा रांची पटना रोड गली, मुहल्ले को भगवा व सफेद कपडो और महावीरी झंडों से सजाया गया है। शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में अखाडा समितियों के द्वारा झांकिया निकाले जाने को अंतिम रूप दिया जा रहा है।इधर लोग केशरिया कुर्ता,गमछा,शर्ट आदि की रीदारी मे जुटे रहे।रामनवमी को लेकर झंडा चौक पर श्री रामनवमी झंडा महासमिति के द्वारा 40 फिट लंबा और 20 फिट चौ?ा मंच बनाया गया है।इसी के ठीक सामने ढोल नगा?ा का मंच और प्रशासनिक अधिकारियों के लिए बैठने की अलग-अलग व्यवस्था किया गया है।समिति के अध्यक्ष संतोष यादव और सचिव चंदन चक्रवर्ती ने बताया कि संध्या 7 बजे से शहर के 11 कमिटियों के द्वारा खेल के अलग-अलग प्रदर्शन झाकियां क्रमवार कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी।इस बार लडकियों के द्वारा शौर्य प्रदर्शन किया जाएगा।वहीं एलईडी और यूट्यूब से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा।इधर रामनवमी को सम्पन्न कराने के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद है।विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैयारी की गई है ।शहर में 16 कमिटियों के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन होगा। वही 5 स्थलों पर दुर्गा पूजा मनाई जा रही है। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर रुट के अनुसार समितियों को झांकी और शोभायात्रा निकलने का निर्देश दिया गया है।संबंधित रूटों का एसडीओ रिया सिंह,एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, एएसपी दिवाकर कुमार,सीओ गिरेंद्र टूटी,बीडीओ सुमन गुप्ता,थाना प्रभारी बिनय कुमार आदि ने उपस्थित होकर किया।इधर रामनवमी को लेकर झंडे के लिए बांस और डंडे और झंडे की बिक्री परवान पर रही।अष्टमी के दिन श्रद्धालु भक्त उपवास पर रहे। पर्व को लेकर मिठाई, फल,बतासा, नारियल इत्यादि की भी खूब बिक्री हुई। रामनवमी को लेकर कई मंदिरों और अखाडा कमिटियों के द्वारा मंगलवार की रात्रि अष्टमी पूजन के बाद झंडा रोपण किया गया।साथ ही विविध कार्यक्रम का भी अयोजन किया गया। दुर्गा पूजा को लेकर माता के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा अर्चना की गई।मंत्रोचारण और मातारानी के भजनों से हर कोना-कोना भक्तिमय हो गया है।चहुओर भक्ति की आराधना मे बच्चे से लेकर युवा,युवती,महिला,पुरुष जूटे हुए है।

अयोध्या के राम मंदिर की झांकी बनेगी आकर्षण का केंद्र बिंदु

शहर में बुधवार को हनुमान मंदिर में सुबह से ही भक्तों की कतार लगेगी और इस दौरान जयकारों से शहर गुंजायमान होंगी।देर शाम को झाकियां निकाली जाएगी।

असनाबाद रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष चंदन चक्रवर्ती व सचिव अरविंद सिंह ने बताया कि राम दरबार,बजरंगबली के झांकी के साथ समुन्द्र मंथन का दृश्य दिखाया जाएगा।वहीं सार्वजनिक रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष सौरभ यादव व सचिव बौधि सिंह ने बताया कि दिल्ली की टीम के द्वारा राम, लक्षमण, माँ सीता और हनुमान की जीवंत झांकी के साथ अयोध्या का राम मंदिर और भस्म आरती के तहत अखाडा समितियों के द्वारा नृत्य सहित कई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।वही अन्य कमिटियां भी अलग-अलग थीम पर आधारित झाकियां प्रस्तुत करेंगी।

एक-नजर

जेजे कॉलेज के नए बड़ा बाबू रितेश माधव को अभाविप ने किया स्वागत

कोडरमा :मंगलवार को जगन्नाथ जैन महाविद्यालय झुमरी तिलैया के नए बड़ा बाबू रितेश माधव को जिला संयोजक मिथलेश विश्वकर्मा एवम् अभाविप कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ एवम् मिठाई खिलाकर स्वागत किया मौके पर उपस्थित कोडरमा जिला संयोजक छात्र नेता मिथलेश विश्वकर्मा, कोडरमा के नगर मंत्री प्रिंस कुमार, राजा कुमार, दीपक कुमार , सतीश कुमार, कुणाल कुमार, रोहित कुमार , सुजीत कुमार उपस्थित रहे।.

महाष्टमी के दिन माँ दुर्गा के खुले कपाट, श्रद्धालुओं की पूजा को लेकर उमडी भीड

सतगावां – श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा मंदिर का महाष्टमी के दिन पट खुलते ही सैकड़ों की संख्या में मां काली के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी पड़ी। कहा जाता है कि आज के दिन तंत्र-मंत्र साधना शक्ति की पूजा होती है। आज जो भी साधक रात में निशा पूजा करते हैं। उसकी हर एक मनोकामना पूर्ण होती है।आचार्य लखन पंडित के द्वारा बताया गया कि नवरात्रि की अष्टमी तिथि को मां दुर्गा के मां महागौरी स्वरूप की उपासना की जाती है। मां महागौरी का रंग पूर्णता गोरा होने के कारण ही इन्हें महागौरी या श्वेताम्बरधरा भी कहा जाता है । मान्यता है कि मां महागौरी की पूजा करने से धन व सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है तथा आज पूजा करने से बुरी शक्तियों का नाश होता है. साथ ही नाकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बंद हो जाता है. ऐसे में आज के दिन पूजा अर्चना करने से बुद्धि, बल, विवेक, सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है. पट खुलने के साथ ही मंदिरों और पंडालों के आसपास मेला भी शुरू हो गया और बच्चे, बुजुर्ग, युवक- युवतियां घूम-घूमकर मेले का आनंद लेते दिखाई दिए।.

अवैध शराब के विभिन्न स्थानों पर किया गया छापामारी

कोडरमा – लोक सभा आम चुनाव 2024 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष कराने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, कोडरमा के आदेशानुसार दिनांक-15.04.2024 को अधीक्षक उत्पाद, कोडरमा के पर्यवेक्षण में अवर निरीक्षक उत्पाद, चलिष्णु दल, कोडरमा, अवर निरीक्षक उत्पाद, कोडरमा अंचल एवं अवर निरीक्षक उत्पाद, चलिष्णु दल-2, कोडरमा के द्वारा डोमचांच थानान्तर्गत सिमरिया एवं ढाब थानान्तर्गत गोरयाडीह में स्थित अवैध शराब के विभिन्न स्थानों पर छापामारी किया गया।

छापामारी में कुल 10 लीटर अवैध चुलाई शराब जप्त एवं 800 कि0ग्रा0 अवैध जावा महुआ बरामद कर विनष्ट किया गया। साथ ही अवैध शराब के व्यापार में संलिप्त कुल 03 व्यक्तियों यथा राजू यादव, परेश यादव एवं मदन तुरी के विरूद्ध उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत फरार अभियोग दर्ज किया गया।.

बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद द्वारा जिले के डोमचांच नगर क्षेत्र में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

डोमचांच/कोडरमा : जिले के डोमचांच क्षेत्र में बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकल गई जिसमें मुख्य रूप से कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा के विधायक डॉ नीरा यादव और कोडरमा पूर्व जीप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, डोमचाँच नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार मेहता संयुक्त रूप से बजरंग दल की शोभा यात्रा रैली में शामिल हुए। डोमचांच में बजरंग दल ने मंगलवार को हजारों की संख्या में कार्यकर्ता के साथ भव्य जनसमूह के साथ रैली निकाली। जिसमें बालिकाओ ने भी भाग लिया रैली की शुरुआत चंद्रावती स्मारक उच्च विद्यालय के प्रांगण से की गई जो गिरिडीह रोड, महेशपुर , नवलशाही, पचगांव, फुलवरिया बेहराडीह ,मसनोडीह, नवाडीह , शिवसागर, ढाब रोड, शहीद चौक सहित पूरे नगर का भ्रमण किया रैली में लगभग सैकड़ो लोग शामिल थे सैकड़ो दर्जनों से अधिक मोटरसाइकिल शामिल रहे। यहां शोभायात्रा के आकर्षक के केंद्र रही। वहीं सुरक्षा की कमान डोमचांच थाना प्रभारी प्रेम कुमार समेत भारी संख्या में सुरक्षा बल के जवान मौजूद थे। इस रैली के दौरान प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त रही । वहीं डोमचांच थाना प्रभारी प्रेम कुमार ने कहा कि कमेटी द्वारा ताई मार्ग से चलें ताकि किसी को आने जाने मे कोई समस्या नहीं और लोग अपने सयंम का परिचय दें क्योंकि भगवान श्री राम जी इनके सबसे बड़ा उदाहरण है । मौके पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, बजरंग दल समरसत्ता प्रमुख प्रवीण चंद्रा, जिला गौ रक्षा प्रमुख आदित्य बरनवाल, जिला संयोजक बजरंग दल रंजन कुमार, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र राज, प्रखंड संयोजक बजरंग दल पंकज मेहता, प्रखंड मंत्री किरण प्रकाश, सह मंत्री पंकज मेहता, सहसंयोजक नरेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, रवि कुमार, आजाद मेहता, राजीव कुमार, हर्ष कुमार, बिट्टू मोदी, संजय कुमार,प्रेमांशु कुमार, कुमार सुजीत कुमार, अमरदीप कुमार, सुदेश मोदी, रोहित कुमार इत्यादि लोग कार्यक्रम को सफल बनाने में मौजूद थे।.

शोभायात्रा में सक्रिय रहीं महिलाएं

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। रामनवमी पर्व के अवसर पर सोमवार को जय लक्ष्मी संघ द्वारा नई मोहल्ला चैक से शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में बडी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई। महिलाओं ने रामनवमी पर्व को शांति, सद्भाव और भेदभाव से मुक्त होकर मनाने का संकल्प लिया। इस पर्व में महिलाओं की सक्रियता से नई परंपरा की शुरुआत की झलक मिली।

रामनवमी पर्व में ढोल और तरसा का उपयोग लगभग बंद हो चुका था लेकिन जय लक्ष्मी संघ ने इस परंपरा को फिर से जिंदा कर दिया। शोभा यात्रा में महादेव और राम भक्त हनुमान की झांकी लोगों को आकर्षित कर रही थी। इस शोभा यात्रा का नेतृत्व वार्ड पार्षद प्रदीप कुमार अकेला, संदीप कुमार गुप्ता उर्फ बॉबी, मुन्ना कुमार चंद्रवंशी, संजय कुमार, बिट्टू कुमार, पंकज कुमार चंद्रवंशी, राकेश मेहरा, शमशेर सिंह, मनीष कुमार कर रहे थे।

यूपीएससी का रिजल्ट जारी

गढवा डीसी की पुत्री को 89वां रैंक

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को सिविल सेवा परीक्षा 2023 के नतीजे घोषित कर दिये। लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया है। वहीं अनिमेष प्रधान ने दूसरा और नुरु अनन्या रेड्डी ने तीसरा स्थान हासिल किया है।

पीके सिद्धार्थ रामकुमार ने चैथा और रुहानी ने पांचवां स्थान हासिल किया है। यूपीएससी की परीक्षा में कुल 1,016 अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है। इनमें सामान्य वर्ग के 347, ईडब्ल्यूएस वर्ग के 115, ओबीसी वर्ग के 303, एससी वर्ग के 165 और एसटी वर्ग के 86 अभ्यर्थी शामिल हैं। यूपीएससी की परीक्षा में झारखंड के भी कई विद्यार्थियों को सफलता मिली है। इसमें जमशेदपुर की बेटी स्वाति को 17वां रैंक मिला है। स्वाति कालिका नगर मानगो की रहनेवाली है।

वह पूर्व थल सैनिक (सीएमपी) संजय शर्मा की पुत्री है। वहीं गढवा डीसी शेखर जमुआर की बेटी साक्षी जमुआर को 89 वां रैंक मिला है। साक्षी ने सफलता प्राप्ता कर माता-पिता सहित संपूर्ण झारखंड को गौरवान्वित किया है।

साक्षी की सफलता पर उनका पूरा परिवार खुश है। साक्षी और उनके परिजनों को लगातार बधाई मिल रही है। रांची की मोनिका पटेल ने भी यूपीएससी क्रैक किया है। मोनिका को 708वां रैंक मिला है। रांची के सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड दरभंगा हाउस में पदस्थापित मुख्य प्रबंधक वीरेश कुमार के बेटे वैभव कुमार ने भी यूपीएससी क्लीयर कर लिया है। वैभव कुमार को 151वां स्थान प्राप्त हुआ है।..

शाहपुर में महावीर नवयुवक दल जेनरल के द्वारा आयोजित धार्मिक झांकी का शुभारंभ

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया) चैनपुर -नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर में महावीर नवयुवक दल जेनरल के द्वारा आयोजित धार्मिक झांकी का शुभारंभ सोमवार की रात में दिलीप सिंह नामधारी ,मेयर प्रत्याशी ट्विंकल गुप्ता, भाजपा नेता ज्योति पांडे, जिला पार्षद प्रमोद सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत कराई ।कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ कलाकारों के द्वारा किया गया ।मौके पर दिलीप सिंह नामधारी ने कहा कि 500 वर्षों बाद रामनवमी पूजा रामभक्त ऐतिहासिक पूजा मना रहे है लोगों को राम के आदर्श को अपनाने चाहिए ।उन्होंने कहा कि लक्ष्मण जैसे भाई सीता माता जैसे महिला आज के युग में बहुत कम देखने को मिलेंगे मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम माता-पिता के वचन को पूरा करने के लिए 14 वर्ष वनवास काटा लेकिन आज की महिलाएं उसे धर्म को नहीं निभा पायेंगे ।भाजपा नेता ज्योति पांडे ने कहा कि बहुत ही तपस्या एवं प्राणो की आहुति के बाद राजा श्री रामचंद्र जी का आज विशाल मंदिर में प्रवेश हुआ है ।जिला पार्षद प्रमोद सिंह ने कहा कि रामनवमी पूजा सौहार्द के साथ मनाने की जरूरत है एवं मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के बताए हुए आदर्श को अपनाना चाहिए। मैयर प्रत्याशी टिंकल गुप्ता ने कहा कि रामनवमी भाईचारा एवं प्रेम का संदेश देता है अहंकार करने वाले रावण का भी जीवन नहीं बचा इसलिए लोगों को राम के आदर्श को अपनाकर कार्य करना चाहिए ।कार्यक्रम के दौरान आए हुए सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एवं तलवार देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम का संचालन सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने किया एवं अध्यक्षता महावीर ने युवक दल के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने की ।कार्यक्रम को सफल बनाने में महावीर ने युवक दल के लोग शामिल थे। इधर कानपुर से आए कलाकारों ने शिव वंदना ,गणेश वंदना ,सुदामा कृष्ण लीला की एक से बढकर एक झांकी प्रस्तुत किया। इस मौके पर महिला पुरुष बच्चे श्रद्धालु काफी मौजूद रहे।.

झामुमो युवा मोर्चा ने भाजपा पर बोला हमला

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। झामुमो युवा मोर्चा पलामू के जिला अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने आरोप लगाया है कि बेटी बचाओ, बेटी पडाओ का नारा देने वाली पार्टी भाजपा के नेता और मंडल अध्यक्ष महिलाओं का शोषण कर रहे हैं। उन्होंने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि ये बडा सवाल है कि किसी राज्य से जब भी ऐसी खबर आती है, सभी शोषण करने वाले नेता भाजपा के ही होते हैं।

पुलिस प्रशासन से आग्रह है कि ऐसे गलत कार्य करने वाले व्यक्ति पर कडी से कडी कार्रवाई की जाये। भाजपा मनातू मंडल अध्यक्ष पर एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा है।

श्री शुक्ला ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में बडा फर्क है। भाजपा महंगाई कम करने के नाम पर सत्ता में आयी थी परंतु आज महंगाई सबसे ज्यादा है। वैसे ही भाजपा संस्कार और महिलाओं की इज्जत की बात करती है परंतु इज्जत से खेलती है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार खत्म करने की जगह भाजपा इलेक्टोरल बॉन्ड के रूप में सभी कंपनियों से हफ्ता वसूली भी कर रही है। बेटी बचाओ, बेटी पडाओ का नारा भाजपा ने ही दिया लेकिन इनके नेताओं से ही बेटियों और महिलाओं को बचाना पडेगा।

चतरा से निर्दलीय चुनाव लडकर इंदर सिंह नामधारी ने जीता था चुनाव

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। चतरा संसदीय क्षेत्र का चुनाव हमेशा से ही दिलचस्प रहा है। आज तक एक भी स्थानीय सांसद नहीं देने वाले चतरा संसदीय क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्याशी ने भी राष्ट्रीय पार्टी के प्रत्याशी को पछाडा है। बात साल 2009 के लोकसभा चुनाव की है। चुनाव में झारखंड विधानसभा के पहले अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी निर्दलीय चुनाव लड रहे थे। उनके सामने कांग्रेस के धीरज प्रसाद साहू व जदयू के अरूण कुमार यादव थे। भाजपा व जदयू में गठबंधन हो जाने के कारण इस चुनाव में भाजपा का कोई प्रत्याशी चुनावी मैदान में नहीं था।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने नामधारी का खुल कर समर्थन किया। यहां तक कि चुनाव में जदूय के कार्यकर्ताओं के तेवर बागी थे। उन्होंने जदयू प्रत्याशी अरूण कुमार यादव को वोट नहीं दे कर इंदर सिंह नामधारी के पक्ष में वोट कराया। इसका परिणाम यह हुआ कि निर्दलीय के रूप में चुनावी समर में उतरे इंदर सिंह नामधारी ने चुनाव में विजयश्री हासिल कर ली। उन्होंने कांग्रेस के धीरज प्रसाद साहु को हराया था। नामधारी को एक लाख 21 हजार 464 वोट मिले थे जबकि धीरज प्रसाद साहु को एक लाख दो हजार 609 वोट मिले थे। जदयू के अरूण कुमार यादव पांचवें स्थान पर रहे। उन्हें मात्र 46088 मत ही मिल पाये थे। इससे पहले साल 2004 के लोकसभा चुनाव में नामधारी ने जदयू के टिकट पर चुनाव लडा था लेकिन उन्हें राजद के धीरेंद्र अग्रवाल से हार का समाना करना प?ा था। धीरेंद्र को 121464 एवं नामधारी को 102609 वोट मिले थे। इसके बाद नामधारी ने जदयू केंद्रीय नेतृत्व के फैसलों से क्षुब्ध हो कर जदयू से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद कयास लगाया जा रहा था कि नामधारी भाजपा ज्वाइन करेंगे लेकिन हालात ऐसे नहीं बन पाये। जब वर्ष 2009 के आम चुनाव में चतरा संसदीय सीट से भाजपा व जदयू का गठबंधन हो गया तो नामधारी ने निर्दलीय चुनाव लड कर जीत हासिल की। बता दें कि चतरा संसदीय क्षेत्र से मात्र दो निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव जीत कर संसद तक पहुंचे हैं। इनमें विजया राज दो बार निर्दलीय (स्वतंत्र) चुनाव जीत चुकी हैं। उन्होंने अपना पहला चुनाव साल 1957 में छोटानागपुर संथाल परगना जनता पार्टी के टिकट से लडा था और जीत हासिल की थी।

शाहपुर-चैनपुर में आयोजित हुआ रावण दहन कार्यक्रम

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। रामनवमी का पर्व हमें मन के अंदर छिपे रावण रूपी अहंकार को मिटाने का संदेश देता है। रावण महाज्ञानी होते हुए भी अधर्म के पथ पर चला था इसलिए उसका पुतला प्रत्येक वर्ष जलाया जाता है। उक्त बातें महावीर नव युवक दल जेनरल (शाहपुर) के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने कहीं। वे मंगलवार की सुबह शाहपुर विवेकानंद चैक पर आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें प्रभु श्रीराम के विचारों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। प्रभु श्री राम ने मर्यादा एवं वचन का पालन करते हुए 14 वर्ष वनवास काटा लेकिन कर्तव्य पथ से नहीं डिगे। मौके मुकेश अग्रवाल ने 25 फीट ऊंचे रावण व मेघनाथ के पुतले का दहन किया।। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनरल संरक्षक धर्मेंद्र जायसवाल ने की जबकि संचालन संरक्षक भोला पांडे ने किया। मौके पर सत्यजीत जायसवाल, उमेश जायसवाल, धीरज जायसवाल, लड्डू जयसवाल, सनी शशांक, बैजनाथ प्रसाद, दीपक जायसवाल, शेखर सिंह, सोनू जायसवाल, लवलेश प्रजापति, अनिल रवि, सुनील गुप्ता, पिंटू जायसवाल, मनोज जायसवाल, दिलीप शर्मा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। इधर चैनपुर में महावीर नवयुवक दल जनरल चैनपुर के द्वारा लंका दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बडी संख्या में राम भक्त शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में जनरल के अध्यक्ष चंदेश्वर कुमार समेत आनंद प्रसाद, मिथिलेश प्रसाद, विशाल कुमार, विकास कुमार, सोनू कुमार, उत्तम कुमार, धीरज कुमार, रमन कुमार तथा महान क्लब एवं राज चैंपियन ग्रुप के सदस्य ने महत्वपूर्ण भूमिका

दुष्कर्म के आरोपी मंडल अध्यक्ष को भाजपा ने पद से हटाया

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी भाजपा के मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव को हटा दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें तत्काल प्रभाव से मंडल अध्यक्ष के पद से हटाया है। जिले के मनातू थाना क्षेत्र में भाजपा के मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव पर एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोप लगा है।

इस पूरे मामले में मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव के खिलाफ मनातू थाना में पोक्सो और दुष्कर्म की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गयी है। भाजपा के पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव को पद से हटाए जाने की पुष्टि की है। इससे पहले उन्होंने ही पार्टी आलाकमान को पत्र लिखकर मंडल अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई करने की अनुशंसा की थी। इस मामले में पुलिस आरोपी सत्येंद्र यादव की गिरफ्तारी के लिए कई इलाकों में छापेमारी कर रही है। पीडिता नाबालिग मनातू में अपने ननिहाल में रहा करती थी। रविवार को वह महुआ चुनने के लिए जंगल गई थी, घर वापस लौटने के क्रम में उसके साथ दुष्कर्म की घटना हुई। ग्रामीणों ने बताया कि शुरुआत में मामले को रफा दफा करने की कोशिश की गई थी और पीडि?ता को थाना जाने से मना किया गया था।

लेकिन बाद में पीडिता थाना गई थी, जिसके बाद पुलिस ने पोक्सो समेत गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की। मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कि सत्येंद्र यादव की गिरफ्तारी के लिए कई इलाकों में छापेमारी की जा रही है। पुलिस पूरे मामले में आगे की छानबीन भी कर रही है। सत्येंद्र यादव फिलहाल फरार है।

स्कूल एसएमडीसी की विशेष बैठक का आयोजन, कई प्रस्ताव पारित

कांडी। गरदाहा हाईस्कूल में प्रबंधन समिति की विशेष बैठक बुलाई गई। इस दौरान कई प्रस्ताव पारित किए गए। राजकीयकृत महंत श्री राम चंद्र पुरी उच्च विद्यालय गरदाहा में विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई। समिति की अध्यक्ष जहांआरा ने बैठक की अध्यक्षता की। इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक सचिव महंत महानंद पुरी भी उपस्थित थे। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाध्यापक सूर्यदीप पाल ने इस स्कूल को प्लस टू उच्च विद्यालय का दर्जा प्राप्त हो जाने की जानकारी दी। साथ ही कहा कि 2024 -25 सत्र में ही 11वीं कक्षा में विद्यार्थियों के नामांकन का निर्देश भी प्राप्त हुआ है। इस घोषणा का सबों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। एचएम ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय को असामाजिक तत्वों के द्वारा बार बार क्षति पहुंचाई जा रही है। हाल में शिक्षक सदन का ताला काटकर व एक खिड़की तथा दीवार तोड़कर बायोमेट्रिक मशीन, बहुत सी खेल सामग्री आदि की चोरी कर ली गई। दो बार रनिंग वाटर का पाइप सहित पूरा सेट अप तोड़कर बर्बाद कर दिया गया। तीन बार भवन की दीवार तोड़ कर अपराधियों ने अंदर प्रवेश किया। कई तालों को काट डाला गया। वर्ष 2018 व 19 में आईसीटी लैब में से कई कंप्यूटर व उसके उपकरणों की चोरी कर ली गई। सभी घटनाओं को लेकर थाना में आवेदन दिया गया है। ऐसी घटनाओं को गंभीर बताते हुए इनकी रोकथाम पर गहन विचार विमर्श किया गया। इसके लिए विद्यालय में कई जगह क्लोज सर्किट कैमरा लगाए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। एचएम सूर्यदीप पाल ने कहा कि पुराने व जर्जर भवन की हालत खतरनाक हो गई है। जो कभी भी ध्वस्त हो सकता है। इसमें मना करने के बाद भी बच्चे चले जाते हैं। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसकी सूचना दिए जाने पर विभाग के तकनीकी पदाधिकारियों ने मौके पर आकर जांच की थी। इसके बाद भवन निर्माण प्रमंडल के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर ने इसे कंडम घोषित कर दिया है। जिसे तोड़कर हटाया जाना जरूरी है। सभी सदस्यों ने इसका समर्थन करते हुए हटाया जाना जरूरी बताया। एचएम ने कहा अगले वर्ष बोर्ड परीक्षा का सेंटर बनाए जाने के अनुरूप कैंपस को तैयार करना है। संस्थापक सचिव महंत महानंद पुरी ने विद्युत विभाग से संपर्क कर स्कूल के लिए एक अलग ट्रांसफार्मर लगाए जाने की जरूरत बताई।

एक-नजर

डा. मदन मोहन मिश्र ने तुलसी मानस मंदिर का किया भ्रमण

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। मानस कोविद काशी के डा. मदनमोहन मिश्र का मंगलवार को पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने स्थानीय श्री तुलसी मानस मंदिर का भ्रमण किया। उन्होंने मंदिर निर्माण पर प्रसन्नता व्यक्त की। मंदिर निर्माण समिति के सचिव शिवनाथ अग्रवाल (अधिवक्ता) ने मंदिर निर्माण प्रक्रिया की उन्हें विस्तृत जानकारी दी। डॉ मिश्र ने 1925 में स्थापित भगवान हनुमान का दर्शन किया और अभिभूत हुए।

आप नेता ने की निंदा

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। आम आदमी पार्टी ने कहा है कि मनातू भाजपा मंडल के अध्यक्ष द्वारा किया गया दुष्कर्म जाहिर करता है कि भारतीय जनता पार्टी में रहने वाले नेताओं का चाल और चरित्र कैसा है। आम आदमी पार्टी के मनातू प्रखंड संयोजक वीरेन्द्र गुप्ता ने इसकी घोर निंदा करते हुए कहा कि मनातू भाजपा मंडल अध्यक्ष के द्वारा जिस प्रकार की घिनौनी हरकत की गई है, निश्चित रूप से यह निंदनीय है। यह घटना साबित करती है कि भारतीय जनता पार्टी एक कुकृत्य करने वालों की पार्टी है और इसमें इस तरह के नेताओं का जमावडा है जो ना तो महिलाओं का सम्मान करते हैं और ना किसी व्यक्ति का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि इन्हीं कुकृत्यों की वजह से इस बार लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का पूरा देश से सुपडा साफ हो जायेगा।

मतदाता जागरुकता के लिए रैली

छतरपुर (उज्ज्वल दुनिया)। छतरपुर प्रखंड कार्यालय से मंगलवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में छत्तरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार साहू भी शामिल हुए। उन्होंने छतरपुर के मतदाताओं से अनुरोध किया कि श्अबकी बार 80 प्रतिशत पार- छतरपुर है तैयारश् के नारे को मजबूती प्रदान करें और अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र की मजबूती में अपनी सहभागिता निभायें। मौके पर अंचल अधिकारी नित्यानंद प्रसाद, प्रखंड के प्रधान सहायक नवाब खां, बीपीएम शशि कुमारसमेत कई अधिकारी तथा कर्मी मौजूद रहे।

छतरपुर में निकला फ्लैग मार्च

छतरपुर (उज्ज्वल दुनिया)। छतरपुर शहरी क्षेत्र में मंगलवार को रामनवमी के मद्देनजर प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नौशाद आलम के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। मार्च में प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार साहू, पुलिस इंस्पेक्टर द्वरिका राम, थाना प्रभारी राजेश रंजन भी शामिल हुए। उन्होंने लोगों से सद्भावपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की।.

रामनवमी पर निकली सातवीं की शोभायात्रा, हुआ रावण दहन

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। महावीर नवयुवक दल (जेनरल) अध्यक्ष पंकज जयसवाल के नेतृत्व में सोमवार की रात सातवीं का गोल निकला गया। जुलूस में बडी संख्या में रामभक्त शामिल हुए। महावीरी पताकों के साथ शहर का भ्रमण करते हुए रामभक्तों ने श्री राम के जयघोष से वातावरण आध्यात्मिक बना दिया। मंगलवार को छहमुहान के पास रावण दहन की परंपरा भी पूरी की गयी। इस मौके पर अन्य लोगों के अलावा प्रभात उदयपुरी, विकास सिन्हा, अरविन्द अग्रवाल, श्यामजी चैधरी, पप्पू लाठ, उत्तम सिंह, विनय ओझा, शशिकांत कुमार, बिट्टू कुमार, राजन सहाय, चंद्रभूषण जयसवाल, अमृत अग्रवाल, धीरज कुमार, राजू कुमार, विक्रम सिंह, अविनाश कुमार राजा, अंकित प्रताप देव समेत ब?ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।.

रामनवमी को लेकर प्रशासन तैयार

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। रामनवमी पर्व के मद्देनजर पलामू जिला प्रशासन भी मुस्तैद है। सोमवार को जहां डीसी- एसपी के साथ अन्य पदाधिकारियों ने शहर में फ्लैग मार्च निकाल कर पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्वक मनाने का संदेश दिया, वहीं आज एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। प्रचारी प्रवर के नेतृत्व में यह पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान दंगा रोधी उपकरणों की जांच और अभ्यास किया गया। साथ ही आसू गैस के गोले और वाटर कैनन का भी इस्तेमाल कर पुलिस ने अपनी तैयारी की समीक्षा की।

जिले के अन्य अनुमंडलों में भी रामनवमी पर्व के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए कई एहतियाती कदम उठाये जा रहे हैं। इस ी में हुसैनाबाद में रामनवमी पर्व के दौरान निकलने वाले जुलूस के निर्धारित मार्ग का अनुमंडल पदाधिकारी पियूष सिन्हा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो और थाना प्रभारी अनिल कुमार ने जायजा लिया। इस दौरान जुलूस मार्ग में पढने वाले अस्थायी अवरोध को हटाने का भी निर्देश दिया।

कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने थामा राजद का दामन

छतरपुर (उज्ज्वल दुनिया)। छतरपुर राजद कार्यालय में सोमवार को घर वापसी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता राजद में शामिल हुए। पूर्व सांसद मनोज भुइयां और विधायक पुष्पा देवी के करीबी भाजपा कार्यकर्ता सरताज अहमद खान, अशोक भुइंया, पूर्व मुखिया शम्भु यादव, सुरेन्द्र यादव, अशोक यादव, नरेश भुइंया, बब्लू चैधरी, सुरेन्द्र भुइंया, ललन भुइंया, शिवशंकर भुइंया, विजय प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, गोल्डन चंद्रवंशी, कामता राम, वार्ड पार्षद छठु पासवान, वार्ड पार्षद गुड्डू अंसारी, अरुण चंद्रवंशी, अरुण सिंह, नईम अंसारी, फारूक अंसारी समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं को प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने राजद की सदस्यता ग्रहण करायी और उनका फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। राजद में शामिल हुए सभी लोगों ने आरोप लगाया कि पूर्व सांसद मनोज भुइयां के रवैये के कारण वे राजद में शामिल हुए। मौके पर पलामू लोकसभा सीट से गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुईया, विजय राम और जिले के अन्य पार्टी पदाधिकारी, अनुमंडलीय अध्यक्ष लवलेश यादव, प्रखंड अध्यक्ष संतोष यादव समेत काफी संख्या में राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पंख के टॉप कंट्रीब्यूटर्स ऑफ द ईयर में पलामू के दिनेश शुक्ला शामिल

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। पंख पत्रिका के अप्रैल 2024 जूनियर अंक में श्टॉप कंट्रीब्यूटर्स ऑफ द इयर 2023 श् में पलामू के शिक्षक दिनेश कुमार शुक्ला का नाम शामिल किया गया है। विदित है कि झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की मासिक पत्रिका श्पंख श् झारखंड राज्य के बच्चों को पढने के लिए प्रकाशित की जाती है और बच्चों के बीच इसका निरूशुल्क वितरण किया जाता है। इसमें राज्य के कई शिक्षकों की रचनाओं के साथ- साथ विद्यार्थियों की भी रचनाएं प्रकाशित होती हैं।इसी कडी में सदर मेदिनीनगर के बुनियादी विद्यालय पोलपोल के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार शुक्ला की भी रचनाएं श्पंखश् पत्रिका में प्रकाशित होती रही हैं।राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन (आइएएस अधिकारी) ने टॉप कंट्रीब्यूशन करने वाले शिक्षकों के नाम और तस्वीर को श्पंखश् पत्रिका में स्थान दिलाने की प्रक्रिया प्रारंभ की है। इसी कडी में शिक्षक दिनेश कुमार शुक्ला को टॉप कंट्रीब्यूटर्स ऑफ द ईयर 2023 शीर्षक के तहत पंख पत्रिका में प्रतिष्ठित स्थान दिया गया है। श्री शुक्ला के अतिरिक्त राज्य के अन्य दो प्रतिष्ठित शिक्षक मनोज चैबे (चतरा) तथा अनंत शक्ति (धनबाद) को भी स्थान मिला है। इस बाबत पूछे जाने पर श्री शुक्ला ने परियोजना निदेशक सहित झारखंड राज्य परियोजना परिषद की इस अनूठी पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पंख पत्रिका बच्चों के चरित्र निर्माण एवं साहित्य के प्रति आकर्षण में काफी सहायक सिद्ध हो रही है।

संपादकीय

सदैव अनुकरणीय रहेंगे भगवान श्रीराम के आदर्श

समूचे भारतवर्ष में प्रतिवर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष नवमी को रामनवमी का त्यौहार भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है, जो इस वर्ष 17 अप्रैल को मनाया जा रहा है। मान्यता है कि त्रेता युग में इसी दिन अयोध्या के महाराजा दशरथ की पटरानी महारानी कौशल्या ने मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम को जन्म दिया था। रामनवमी के दिन श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में उत्सवों का विशेष आयोजन होता है, जिनमें भाग लेने के लिए देशभर से हजारों भक्तगण अयोध्या पहुंचते हैं। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में जनवरी महीने में हुई भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद इस बार पहली बार रामनवमी बेहद खास होगी। समूची अयोध्या नगरी इस दिन पूरी तरह राममय नजर आएगी और हर तरफ भजन-कीर्तनों तथा अखण्ड रामायण के पाठ की गूंज सुनाई पड़ेगी। रामनवमी के अवसर पर भगवान राम के दर्शन के लिए इस बार लाखों लोगों के अयोध्या पहुंचने का अनुमान है और इसके लिए राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा खास प्रबंध किए गए हैं।

> रामनवमी के दिन श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में उत्सवों का विशेष आयोजन होता है, जिनमें भाग लेने के लिए देशभर से हजारों भक्तगण अयोध्या पहुंचते हैं

विधि के विधान के अनुसार भगवान श्रीराम को दुष्ट राक्षसों का विनाश करने के लिए ही वनवास मिला था। उन्होंने अपने मानव अवतार में न तो भगवान श्रीकृष्ण की भांति रासलीलाएं खेली और न ही कदम-कदम पर चमत्कारों का प्रदर्शन किया बल्कि उन्होंने सृष्टि के समक्ष अपने क्रियाकलापों के जरिये ऐसा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी वजह से उन्हें मयार्दा पुरूषोत्तम कहा गया। मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम में सभी के प्रति प्रेम की अगाध भावना कूट-कूटकर भरी थी। उनकी प्रजा वात्सल्यता, न्यायप्रियता और सत्यता के कारण ही उनके शासन को आज भी आदर्श शासन की संज्ञा दी जाती है और आज भी अच्छे शासन को रामराज्य कहकर परिभाषित किया जाता है। श्रीराम का चरित्र बेहद उदार प्रवृत्ति का था। उन्होंने उस अहिल्या का भी उद्धार किया, जिसे उसके पति ने देवराज इन्द्र द्वारा छलपूर्वक उसका शीलभंग किए जाने के कारण पतित घोषित कर पत्थर की मूर्त बना दिया था। जिस अहिल्या को निर्दोष मानकर किसी ने नहीं अपनाया, उसे भगवान श्रीराम ने अपनी छत्रछाया प्रदान की। लोगों को गंगा नदी पार कराने वाले एक मामूली से नाविक केवट की अपने प्रति अपार श्रद्धा व भक्ति से प्रभावित होकर भगवान श्रीराम ने उसे अपने छोटे भाई का दर्जा दिया और उसे मोक्ष प्रदान किया। अपनी परम भक्त शबरी नामक भीलनी के झूठे बेर खाकर शबरी का कल्याण किया।महारानी केकैयी ने महाराजा दशरथ से जब राम को 14 वर्ष का वनवास दिए जाने और अपने लाड़ले पुत्र भरत को राम की जगह राजगद्दी सौंपने का वचन मांगा तो दशरथ गंभीर धर्मसंकट में फंस गए थे।

हां....मैंने पहनी है चूड़ियां पर मैं कमजोर नही

निमिषा सिंह

चैती नवरात्रि का माहौल। जैसा कि आप में से ज्यादातर लोगों को यह पता होगा कि मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के साथ उनके सोलह श्रृंगार का भी विधान है लिहाजा खरीदारी के दौरान मेरी नजर बाजार में मां भगवती के लिए बिक रही चूड़ियों पर गई। कांच से बनी सुर्ख लाल रंग की मनमोहक चूड़ियां। अनायास कुछ याद आ गया। कुछ दिनो पहले अखबार में एक खबर छपी थी जिसमे लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत कुछ नेताओं को लज्जित करने के उद्देश्य से उन्हे चूडियां भेजी गईं थी। यह कोई पहली बार नहीं था। इस तरह की मानसिकता का परिचय हम भारतीय अक्सर देते ही रहते है। वैचारिक मतभेद हो या व्यक्तिगत टकराव जब-तब पुरुषों को चूड़ियां भेंट करने की खबरें आती रहतीं हैं। मानो चूड़ियां ना हुई रण निमंत्रण हो गई। बचपन से ही हमे यह बताया गया कि चूड़ियां नारी के श्रृंगार सौभाग्य और समृद्धि का प्रतीक हैं किंतु यही चूड़ियां अक्सर पुरुषत्व की प्रेरणा और चुनौती भी बन जाती हैं हमे यह नही बताया गया। मुझे यह समझ नहीं आता कि किसी को नाकारा या कमजोर साबित करने के लिए चूडिं ही क्यों फेंकीं जाती हैं? चूडिं किस बात का प्रतीक हैं? कमजोरी का? कायरता का? बचपन से ये डायलॉग सुनते आ रहे हैं कि हमने चूडिं नहीं पहन रखीं हैं या फिर औरतों की तरह चूडिं पहनकर घर पर बैठो और मजे की बात यह है कि किसी को चूडिं के इस तरह के इस्तेमाल पर ऐतराज भी नहीं है। होगा भी क्यों? सोचेंगे तो होगा ना। जरा सोचिए अपने विरोधी को चूड़ी देकर आप उसकी नही बल्कि महिला शक्ति का अपमान करते है। चूडिं तो मां काली और दुर्गा के हाथ में भी होती हैं तो क्या उनसे बढकर है कोई शक्ति का रूप? चूडिं तो हर उस लडकी के हाथ में होती हैं जो नए सपने सजाती है और बड़ी ही मजबूती से अपने माता-पिता के घर को छोडकर एक नए घर और अंजान लोगों को अपनाती है। चूडिं तो उन हाथों में भी होती हैं जो नौ महीने तक एक जीवन को अपने अंदर पालती हैं और दर्द की चरम सीमा को पार करके एक नए जीवन को दुनिया में लाती हैं। चूडिं तो उन हाथों में भी थी जिन्होंने महाकाव्य लिख डाले। चंद्रयान 2 के परीक्षण के दौरान हम सब ने नासा की महिला वैज्ञानिकों के हाथों में मौजूद चूड़ियों को तो देखा ही होगा। भरी दुपहरी में कमर में बच्चे को बांधकर ईट के भट्ठों पर काम कर रही उस मां के हाथों में भी मैने चूड़ियां देखी है। कहीं से भी कमजोर तो नही दिखी वो मुझे। आज हर उस पुरुष से मेरा एक सवाल है जो अपनी भाषा में चूड़ियों का बेजा प्रयोग करते है। ऐसा कौन-सा रूप देख लिया आप सब ने हमारा कि हमारे श्रृंगार को कमजोरी या नकारेपन का प्रतीक बना दिया गया। कई बार तो ये सोच ही मुझे पल्ले नहीं पड़ती कि अगर किसी का अपमान करना है तो उसे बताया जाए कि वो औरत के समान है क्योंकि औरत मतलब कमजोर। औरत मतलब नाकारा। सदियों से यह मानसिकता और ऐसी महिला विरोधी टिप्पणियां प्रचलन में हैं और हम आज भी यूं ही इसे हांकते चले आ रहे हैं। इतना होने के बावजूद अगर कोई यह कहे कि ऐसा नहीं है। यह औरतों का अपमान नहीं है। उनसे मैं जरूर जानना चाहूंगी कि कैसे नहीं है? चूडिं हम महिलाओं का श्रृंगार हैं। पौराणिक धार्मिक या सांस्कारिक जो भी कारण हो सच यही है की हम औरतें अपने पति की मंगलकामना के लिए ही इन्हें पहनती हैं। कई बार हाथों में चुभता भी है। कभी टूट जाएं तो चोट भी लग जाती है पर फिर भी हम इसे पहनती हैं। जब मैं छोटी थी और मैंने कई बार घर में अपनी मां को देखा कि बर्तन धोते वक्त उनकी चूड़ियां टूट कर चुभ जातीं थीं और खून निकलने लगता। मैंने कई बार पूछा उनसे आप इसे क्यों पहनती हैं उतार फेंको इसे। वह गुस्से से लाल हो जातीं और कहती इस तरह के सवाल दोबारा मत पूछना।

अब समझ में आता है कि नारी को सहनशील और त्याग जैसे विशेषणों से क्यों नवाजा गया है। चूड़ियां पहनना कोई इतना आसान काम नहीं है जितना कि आप पुरुष सोचते हैं। चूड़ियां केवल चूड़ियां ही नहीं होती इन्हें सहेजना भी बहुत कठिन होता है।

देश की आधी आबादी हम महिलाएं। शक्तिशाली, स्वतंत्र, और समर्थ। बहुत सी क्षमताएँ और गुणों से परिपूर्ण जो हमे किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट बना सकते हैं। हालांकि, कुछ समाजों में और कुछ स्थितियों में महिलाओं को आज भी समाज में सही मायने में स्थान नहीं मिल पा रहा है। पुरुष प्रधान समाज द्वारा स्थापित लैंगिक पूर्वाग्रहों के तहत उन्हे कमजोर बनाए रखने की कोशिश जारी है। स्त्री के मन में सदियों से यह कूट-कूट कर डाल दिया गया है कि वह अबला और कमजोर है। हालांकि यह परिप्रेक्ष्य अब काफी हद तक बदल रहा है और अब लोग समझ रहे हैं कि महिलाएं समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि जिस दिन स्त्री खुद को कमजोर समझना छोड़ देगी उस दिन पूरी संभावना है कि समाज भी यह सोचना छोड़ देगा। किरण बेदी से लेकर कल्पना चावला और लक्ष्मी बाई से लेकर इंदिरा गांधी तक को समाज ने कभी कमजोर नहीं समझा क्योंकि इन स्त्रियों ने खुद को कभी कमजोर नहीं समझा। ऐसे कृत्यों के लिए केवल पुरुषों को ही जिम्मेदार ठहराना गलत होगा।

कई मौकों पर ऐसा देखा गया कि पुरुष को पीछे हटता देख स्वयं महिलाओं ने ही अपनी चूड़ियां भेजकर उन्हे ललकारा या नकारा करार दिया। अब ऐसी महिलाओं के विषय में क्या कहा जाए जो स्वयं अपने सौभग्यचिन्ह का इस तरह अपमान कर रही हों। नारी-पुरुष दोनों का आभूषण होकर भी चूड़ियां कई अवसरों पर रण-निमंत्रण बन जाती हैं। रंग-बिरंगी खनखनातीं सौभाग्य चिह्न स्वास्थ्य-ज्योतिष धार्मिक आस्था से परिपूर्ण, ऐतिहासिक देव-देवियों के इस आभूषण को इस तरह से इस्तेमाल तो केवल और केवल आपकी नादानी मूर्खता को ही प्रदर्शित करता है। चूड़ियां भेट ही करनी है तो केवल उसे ही दे जिसे आप बहुत अधिक प्रेम करते हैं। इससे बड़ा उदाहरण और क्या होगा कि स्वयं भगवान श्री कृष्ण ने ब्रज में कृष्ण-राधा के अगाध प्रेम को प्रकट करनेवाली मनिहारी लीला अभिनीत की जिसमें राधा से मिलने के लिए कृष्ण मनिहारी का रूप धारण करके आवाज लगाते हैं- कोउ चुरियां लेउजी चुरियां।यह कतई ना भूले कि हमारे अराध्य श्री राम और श्री कृष्ण ने भी स्वयं इसे धारण किया हुआ है।राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने भी साकेत निवासिनी नारियों के मणिमय चूड़ियां पहनने का वर्णन किया है।

राम सो बड़ो है कौन



नीरज कृष्ण

> आदिकाव्य रामायण के बालकांड के 18वें सर्ग में महर्षि वाल्मीकि ने लिखा है– ततश्च द्वादशे मासे चैत्रे नावमिके तिथौ... अर्थात चैत्र के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को पुनर्वसु नक्षत्र एवं कर्क लग्न में कौशल्या ने दिव्य लक्षणों से युक्त सर्वलोकबंदित जगदीश्वर श्री राम को जन्म दिया

हिंदू पौराणिक कथाओं और आध्यात्मिकता की जीवंत छवि में, कुछ ही व्यक्ति भगवान राम के समान प्रमुखता से खड़े हैं। सदियों से पूजनीय, राम धार्मिकता, सदाचार और भक्ति के आदर्शों के प्रतीक हैं, जो उन्हें दुनिया भर मंअ लाखों लोगों के लिए एक स्थायी प्रतीक बनाता है।

आदिकाव्य रामायण के बालकांड के 18वें सर्ग में महर्षि वाल्मीकि ने लिखा है- ततश्च द्वादशे मासे चैत्रे नावमिके तिथौ... अर्थात चैत्र के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को पुनर्वसु नक्षत्र एवं कर्क लग्न में कौशल्या ने दिव्य लक्षणों से युक्त सर्वलोकबंदित जगदीश्वर श्री राम को जन्म दिया।

अयोध्या राज्य में राजा दशरथ और रानी कौशल्या के घर जन्मे राम का जीवन एक दिव्य उद्देश्य के साथ सामने आता है। उनके प्रारंभिक वर्षों को दया, विनम्रता और धर्म (धार्मिकता) के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के उनके अनुकरणीय गुणों द्वारा चिह्नित किया गया है। अपने पिता के निर्देशों का पालन करते हुए, राज्य से उनका निर्वासन, हिंदू पौराणिक कथाओं में सबसे प्रिय कथाओं में से एक के लिए मंच तैयार करता है।

रामायण में राम को सत्य,सनातन, अनादि, आराध्य, आदर्श,प्रेरणा, प्रतीक, मयार्दापुरुषोत्तम, दया, क्षमा,सदाचार, श्रद्धा,विश्वास,जीवन, जिजीविषा,धर्म, नीति, सामाजिक ब्ल्लेचेतना, धार्मिक चेतना, सांस्कृतिकचेतना, भारतीयता का उद्घोष, शासनकी आदर्श संकल्पना, आदर्श पिता,पुत्र, राजा, शिष्य, मित्र, तारक,पालक, संहारक, नेतृत्वकर्ता,शौर्यवान, लोक भावना कीसंजीवनी, अलौकिक ज्योतिपुंज आदि अनेक रूपों में व्याख्यायितकिया गया है।

भारत की संस्कृति बहुआयामी है। देश को एक सूत्र में पिरोकर रखने के लिए ऐसे नेतृत्व की सदैव जरूरत रही है, जो इसकी समस्त विविधताओं में समन्वय स्थापित कर सामाजिक व्यवस्था में समरसता बनायें रख सके। इस दृष्टि से मयार्दा पुरुषोत्तम भ्रगवान श्रीराम सामाजिक समरसता के अग्रदूत हैं। हमारे वेद तथा धर्मशास्त्रों में धर्म के स्वरूप एवं आचार- विचार की विवेचना तो हैं, किंतु सामाजिक जीवन में उसको व्यवहार में कैसे लाया जाये, इसका आदर्श उदाहरण भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र में प्रत्यक्ष दिखायी देता है। समस्त लौकिक एवं अलौकिक गुण भगवान श्रीराम के जीवन में स्पष्ट दिखायी देते हैं। नारायण होते हुए भी एक साधारण मनुष्य के रूप में समस्त सामाजिक नैतिक राजनैतिक मयार्दाओं का जैसा पालन जन जन के नायक श्रीराम ने किया है, वैसा कोई अन्य उदाहरण विश्व में उपलब्ध नहीं है।

राम भारतवर्ष की सभ्यता और संस्कृति का सनातन पुरोहित हैं। राम ने अपने ही बनाये हुए नियमों में स्वयं को बाँध कर मयार्दा के आचरण का ऐसा अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसका संसार में कोई जोड़ नहीं। ह्वरामादिवत् वर्तितव्यं न तु रावणादिवत्ह्व का नीतिशास्त्र एक दिन में नहीं बना है। राम के चरित्र को कई सदियों तक उलट-पुलट कर देखा गया। अपने जीवनकाल में भी वे कई परीक्षाओं से गुजरे, कई प्रश्नों के उत्तर उन्होंने अपने व्यवहार से दिये। कई विवादों के बाद भी राम ही एक मात्र चरित्रनायक है, जिस पर आँख मींच कर भरोसा किया जा सकता है। सब तरह के शास्त्र ग्रंथों में एक बात साफ तौर पर कही गई है कि राम की नीति सर्वोपरि है। उसे चुनौती देने का सामर्थ्य किसी में नहीं।

भारतीय समाज की संरचना राम के जीवन के स्पर्श से हुई है। इसीलिये रामकथा में आई हुई पारिवारिक घटनाएँ, लोकाचार, सामाजिक निष्ठाएँ, राजनैतिक व्यूह रचनाएँ, भाईचारा और जीवन संघर्ष हमें अपने आस पास के लगते हैं। मनुष्य के जीवन में आने वाली ऐसी कोई जटिलता नहीं, जो राम के जीवन में न हो। मनुष्य के दुःखों की पराकाष्ठा दिखाई देती है राम के जीवन में। इसीलिये तुलसीदास रचित रामचरितमानस कोई हँसी-मजाक की कविता नहीं है। वह दारुण दुःख से भरा हुआ काव्य है। रामचरितमानस का आद्यंत पाठ करते हुए आप रोये नहीं, आपका हृदय संतप्त नहीं हुआ, आपके चित्त में करुणा नहीं जागी, तो मान लीजिए, आपने दोहों और चौपाइयों का शरीर ही देखा, उनका मर्म नहीं जाना।

राम विष्णु के अवतार तो हैं, लेकिन उससे पहले वे मनुष्य हैं। यह समझ लें, कि राम के रूप में भगवान् ने पहली बार जाना कि पृथ्वी पर मनुष्य का जीवन कितनी आपदाओं से भरा है। मनुष्य कैसे-कैसे कष्ट झेलता है, अपने लोगों की मार सहता है, असह्य यातनाओं से गुजरता है, अपने धर्म से बार-बार च्युत किया जाता है, रोता है, मचलता है, व्यवस्था पर क्रुद्ध होता है, कितनी बार बेबस होता है, रूठता है, मनाया जाता है, फिर भी आखिरी साँस तक जीवन के पक्ष में खड़ा रहता है।

राम पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने भगवान्-होकर भीमनुष्य के जीवन को बहुत पास से देखा। दुःख आया, तो उसे आने दिया। उसका प्रतिकार नहीं किया। वह जितना विकराल हो सकता था, होने दिया। वे दुःख का पूरा चरित्र जान लेना चाहते थे। श्रीराम चाहते तो चौदह वर्ष के वनवास को ठुकरा सकते थे, वे चाहते तो सीता के बार-बार कहने पर भी स्वर्णमृग के पीछे जाने से अपने को रोक सकते थे, वे चाहते तो सीता के परित्याग को टाल सकते थे, लेकिन वे मनुष्य जीवन के अंतस्तल तक उतर कर देखते हैं। वे देखते हैं कि मनुष्य अनंत सम्भावनाओं से भरा है, लेकिन असहाय है, क्रूरकाल से बच नहीं सकता, छल और कपट से घिरा हुआ भी असीम शान्ति की खोज में है।

राम क्षत्रिय थे, उन्होंने क्षत्रिय धर्म कभी नहीं छोड़ा, अपितु अंत तक उसकी रक्षा की। वे ऋषि भी थे। उनकी छबि में हमें अलौकिक आर्ष चरित्र ही दिखाई पड़ता है। अपनी सिद्धियों का कभी दुरुपयोग न करने वाले श्रीराम हमेशा निर्वैर, शान्त और दयालु ही दिखाई देते हैं। वे अपनी व्यक्तिगत समस्याओं के हल के लिये भी सबकी बड़े ध्यान से सुनते हैं, अपना निर्णय सुनाने में कोई जल्दबाजी नहीं करते, और किसी भी स्थिति में किसी के स्वाभिमान को आहत नहीं होने देते, भले ही वह गिलहरी जैसा बहुत सामान्य और तुच्छ सा लगने वाला जीव ही क्यों न हो।

राम के दाम्पत्य जीवन का बहुलांश कष्टप्रद और विरह से व्याकुल दिखाई देता है, लेकिन भारतीय दम्पतियों के लिये सबसे ज्यादा अनुकरणीय। ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्य-शूद्र , सबके साथ समान बर्ताव करने वाले थे राम। किसी जाति के प्रति कोई खास लगाव नहीं और किसी जाति के प्रति अंश मात्र वैमनस्य नहीं। इसीलिये उनके समीकरण सबके साथ बैठते चले गये। वानरजाति को लंकापति के विरुद्ध अपनी सेना बना लेने का साहस राम के अलावा और कौन कर सकता था।

सीता का अपहरण करने वाले राक्षस राजा रावण के साथ उनकी मुठभेड़, सत्य और न्याय के लिए राम की खोज का केंद्र बिंदु बन जाती है। अच्छाई और बुराई के बीच होने वाली लड़ाई का अंत राम की रावण पर विजय के रूप में होता है, जो अत्याचार पर धर्म की विजय को दर्शाता है। हालाँकि, यह केवल युद्ध में राम की वीरता नहीं है जो उन्हें लाखों लोगों का प्रिय बनाती है। विपरीत परिस्थितियों में भी, अपने सिद्धांतों के प्रति उनका अटूट समर्पण ही उन्हें एक दिव्य प्रतीक के दर्जे तक ले जाता है। सीता के प्रति उनका बिना शर्त प्यार और सम्मान, अपने भक्तों के प्रति उनकी करुणा और अपने दुश्मनों को भी माफ करने की उनकी क्षमता मानवता के उच्चतम आदर्शों का प्रतीक है।

राम ने उत्तर और दक्षिण को एकसूत्र में बाँधने का असाध्य कार्य तब किया था, जब न संचार के माध्यम थे, न जाति, वर्ण और भाषा को लेकर कोई आवाज उठाई जा सकती थी। श्रीराम ने पवित्र वेदों की महिमा का विस्तार किया, ऋषिकुलों के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। अगस्त्य, वशिष्ठ, विश्वमित्र जैसे ऋषियों के कुलों में आपसी समन्वय कर राम ने सिद्ध कर दिया था कि हमारी संस्कृति ऋषिप्रधान है, और ऋषियों की सत्ता ही सर्वोच्च है।

राम धर्म की मयार्दा जानते हैं। वे जानते हैं कि घर की मयार्दा से ही कुल की मयार्दा है, और वही मनुष्य समाज की मयार्दा में रूपान्तरित होती है। मनुष्य जन्म लेते ही धर्म की भूमि पर आ खड़ा होता है। यह धर्म की भूमि मयार्दा की भूमि है। मनुष्य एक मयार्दा तोड़ कर दूसरे ही क्षण दूसरी मयार्दा को तोड़ने का अपराध कर बैठता है। यह व्यक्तिगत होकर भी सामाजिक अपराध है। जीवन भर मयार्दाएँ भंग होती चली जाती हैं, और समाज में बिखराव फैलता ही चला जाता है। तब सब तरह की सहायताएँ मिलना बंद हो जाती हैं, और हम कहते हैं कि देवता हमसे रुष्ट हैं।

राम की शिक्षाएँ समय और स्थान की सीमाओं से परे, पीढ़ियों तक गूंजती रहती हैं। उनकी प्रसिद्ध उद्घोषणा, ह्वधर्म (धार्मिकता) उन लोगों की रक्षा करता है जो इसकी रक्षा करते हैं,ह्व किसी के जीवन में नैतिक अखंडता के महत्व को रेखांकित करता है। उनका निस्वार्थ बलिदान और सत्य के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता लाखों लोगों को अपने आचरण और चरित्र में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करती है।

इसके अलावा, राम की विरासत धार्मिक सीमाओं से कहीं आगे तक फैली हुई है, जो कला, साहित्य और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं में व्याप्त है। कथकली और भरतनाट्यम जैसे शास्त्रीय नृत्य रूपों से लेकर तुलसीदास के रामचरितमानस जैसे साहित्य के कालजयी कार्यों तक, राम का प्रभाव पूरे भारत और उसके बाहर के सांस्कृतिक परिदृश्य में गूंजता है। सार्वभौमिक प्रेम और भाईचारे का उनका संदेश अक्सर संघर्ष और कलह से ग्रस्त दुनिया में आशा की किरण के रूप में कार्य करता है।

समकालीन समय में, राम को एकता, सद्भाव और समावेशिता के प्रतीक के रूप में पूजा जाता है। चाहे दिवाली जैसे भव्य त्योहारों के माध्यम से, रावण पर विजय प्राप्त करने के बाद उनकी अयोध्या वापसी की स्मृति में, या लाखों भक्तों द्वारा की जाने वाली दैनिक प्रार्थनाओं के माध्यम से, राम भक्तों के दिलों में हमेशा मौजूद रहते हैं।

राम का चरित्र महज पौराणिक कथाओं से आगे बढ़कर उन कालातीत गुणों और मूल्यों का प्रतीक है जो मानवता की गहरी आकांक्षाओं से मेल खाते हैं।जैसे-जैसे हम जीवन की जटिलताओं से जूझ रहे हैं, हमें भगवान राम के अमर शब्दों में सांत्वना और प्रेरणा मिल सकती है, ह्वदयालु बनो, धर्मी बनो और हमेशा सत्य का पालन करो।ह्वक्योंकि उनके शाश्वत ज्ञान में आत्मज्ञान और आंतरिक शांति का मार्ग निहित है।

तुलसीदास ने ठीक ही लिखा है- ह्वराम सो बड़ो है कौन, मोसो कौन छोटो। राम सो खरो है कौन, मोसो कौन खोटो।ह्व बहुत पड़ताल के बाद तुलसीदास ने यह निर्णय दिया। इस निर्णय पर वेद और पुराणों की मुद्रा अंकित है, और सब शास्त्रों की भी। राम सबसे बड़े हैं, राम का चरित्र सबसे बड़ा है, राम का जीवन सबके जीवन से बड़ा है, सबसे पवित्र है, सबसे ऊँचा है। वह एक बार भी नीचे नहीं आया। वहाँ कहीं फिसलन नहीं, कोई त्रुटि नहीं, कहीं विरोधाभास नहीं। जो दिखाई देता है, वह हमारी मूर्खता है, हमारा भ्रम है। राम को दुःखों ने माँज-माँज कर भगवान् बनाया। दुःखों का आह्वान करते हुए राम ने पूरा मनुष्य होना चाहा। वे पूरे मनुष्य हुए, हमारे जैसे चलते-फिरते। हमारे जैसे रोते-गाते। हमारे जैसे भावुक होकर आँसू बहाते हुए। इसीलिये तो श्रीराम हमारे हैं, हमारे अपने हैं।

अनंत मर्यादाओं के प्रतीक पुरुष मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम

अशोक प्रवृद्ध

भारत मेंराक्षस प्रवृति के संहारक मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और योगीराज श्रीकृष्ण जैसे वीर महापुरुषों को इतिहास में सम्मानपूर्ण स्थान देकर उनके गुणों की पूजा करने की वृहत परंपरा रही है। श्रीराम और श्रीकृष्ण इस देश मेंदो ऐसी महिमाशाली विभूतियांहुई हैं, जिनका अमिट प्रभाव सम्पूर्ण भारत के जनमानस पर सहस्त्राब्दियों से अनवरत चला आ रहा है। भारत प्राचीन काल से वीर पूजा करने वाला देश रहा है। यहां पर वीरों का बसंत लोगों को प्रेरित करता रहा है। जनसाधारण के जीवन को उन्नत करने के लिए कार्य करने वाले को यहां वीर माना जाता है। उनकी पूजा की जाती है। असहाय लोगों का संबल बनकर जीने वाले यहां भगवान हो जाते हैं। इसके विपरीत संसार के लोगों पर अत्याचार करने अथवानिर्धन और असहाय लोगों को सताने वाले यहां कभी भी सम्मान का पात्र नहीं रहे ।त्रेतायुगीन अयोध्या नरेश दशरथ के पुत्र मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के अंदर वे सभी गुण थे, जिनसे जनसाधारण के जीवन की रक्षा हो सकती थी। वैदिक ऋषियों द्वारा निर्मित मर्यादित पथ पर चलने वाले श्रीराम ने अपने आदर्श जीवन से यह स्थापित करने का सफल प्रयास किया कि कोई भी व्यक्ति यदि चाहे तो वह मर्यादित जीवन जीकर संसार का भी कल्याण कर सकता है। श्रीराम दिग्विजयी थे। दूर-दूर तक उन्होंने अपने साम्राज्य का विस्तार किया था। संसार के किसी भी कोने पर उन्होंने अराजक तत्वों को नहीं छोड़ा। संपूर्ण भूमंडल पर उन्होंने आर्यों का शांतिपूर्ण शासन स्थापित किया। फिर भी वह साम्राज्यवादी कदापि नहीं थे। साम्राज्यवाद आर्यों की भावनाओं तक में भी नहीं था। श्रीराम ने किसी के दिल को दुखाकर उसे अपने अधीन करना पाप समझा। मेघ के द्वारा पृथ्वी से जल लेकर वर्षा द्वारा जल उसी को लौटा देने की भांति सत्पुरुषों का लेना भी देने के लिए होता है, अर्थात वे लिए हुए को लौटा देते हैं। श्रीराम ने बाली से किष्किंधा का राज्य तो जीत लिया,परंतु उसे अपने राज्य में नहीं मिलाया। उन्होंने किष्किंधा का राज्य जीत कर बाली के भाई सुग्रीव को दे दिया। इसी प्रकार उन्होंने लंका पर विजय प्राप्त करके उसका राज्य रावण के भाई विभीषण के हाथों में सौंप दिया। श्रीराम को सत्ता स्वार्थ छू तक नहीं पाया था। उन्होंने राज्य विस्तार किया, पर उसमें लिप्त नहीं हुए।उनका यह राज्य विस्तार मानवतावादी शक्तियों के कल्याण के लिए किया गया राज्य विस्तार था। भारत में प्राचीन काल में दीर्घकाल तक धर्म का शासन चलता रहा। इस शासन में व्यक्ति अंतःप्रेरणा से एक दूसरे के साथ काम करने के लिए प्रेरित होता है। वह दूसरों के साथ वैसा ही व्यवहार निष्पादित करता है, जैसा वह दूसरों से अपने प्रति चाहता है। उस समय लोग अपने कर्तव्यों पर ध्यान देते थे। कर्तव्य परायणता को ही धर्म माना जाता था। पूरा समाज कर्तव्यों की डोर में बंधा हुआ था। अपने-अपने अधिकारों को लेकर स्वार्थ प्रेरित अन्यायऔर अत्याचार कहीं पर भी नहीं था।श्रीराम के त्रेतायुग में धरती पर आगमन के समय समस्त संसार में केवल एक वेद मत ही प्रचलित था। अन्य कोई मत अस्तित्व में नहीं था। सब लोग वैदिक मतानुसार जीवन व्यतीत किया करते थे। एक -दूसरे का सम्मानकरते व आदर भाव रखते हुए सबके अधिकारों का सम्मान किया करते थे। स्वहित हेतु लूटमार करने की प्रवृत्ति उस समय के मानव समाज में नहीं थी।निषिद्ध कर्मों को करने में लोग हिचकते थे। इसके उपरांत भी यदि कहीं लोग किसी प्रकार से एक दूसरे के अधिकारों का अतिक्रमण करते थे, हनन करते थे, तो ऐसे अतिक्रमणकर्ता, हननकर्ता का विनाश करना क्षत्रिय वर्ग अपना धर्म मानते थे। ऐसा वे ईश्वरीय व्यवस्था को निर्बाध गति से चलाए रखने के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर करते थे। वैदिक मतानुसार असामाजिक तत्वों का समय पर विनाश नहीं किए जाने से वे समाज के लोगों को जीने नहीं देंगे। यही ध्यान में रख क्षत्रिय उस समय अपना कर्तव्य निर्धारित किया करते थे। श्रीराम ने भी यही किया। वैदिक जीवन पद्धति पर मर्यादित रूप से चलते हुए अपना सम्पूर्ण जीवन व्यतीत कर श्रीराम ने अपने को मर्यादा पुरुषों की उत्तम श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सिद्ध कर दिया।यही कारण है कि त्रेतायुग में चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को पुनर्वसु नक्षत्र तथा कर्क लग्न में अयोध्या नरेश राजा दशरथ के घर में रानी कौशल्या के गर्भ सेअवतरित मर्यादापुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म दिवस श्रीरामनवमी के त्यौहार के रूप में आज भी हर्षोल्लास के साथ चैत्र शुक्ल नवमी को मनाया जाता है। इस वर्ष 2024 में चैत्र शुक्ल नवमी की तिथि 17 अप्रैल दिन बुधवार को पड़ने के कारण इस दिन श्रीरामनवमी का त्योहार मनाया जाएगा।

रामकथाओं के अनुसार रावण का वध करके धरती को पापमुक्त करने व धर्म की पुनः स्थापना करने के उद्देश्य से भगवान विष्णु ने अपने सातवें अवतार में भगवान श्रीराम के रूप में जन्म लेकर अपने जीवन पथ पर मर्यादित रूप से चलते हुए एक ऐसा आदर्श स्थापित किया कि उनके जीवन की प्रत्येक घटना सभी युग के मनुष्यों लिए प्रेरणास्पद बन गई। श्रीराम के जन्म से लेकर उनके समाधि लेने तक की जीवन में घटित प्रत्येक घटना कुछ न कुछ शिक्षा देकर जाती है। माता पिता की आज्ञा का पालन करने से लेकर वन में सीता हरण के बाद रावण का वध करने तक हर कार्य उन्होंने एक मयार्दा में रहकर किया।रावण की मृत्यु के बाद भी उन्होंने अपने दुश्मन से दुश्मनी नहीं रखी, बल्कि अपने अनुज लक्ष्मण को रावण के पास शिक्षा लेने के लिए भेजा। भगवान राम का चरित्र माता- पिता की सेवा करने, उनकी आज्ञा का पालन करने की शिक्षा देता है। श्रीराम के संबंध में विस्तृत जानकारी वाल्मीकि रामायण, रामचरित मानस और श्रीराम से संबंधित अनेक पौराणिक ग्रंथों में अंकित प्राप्य हैं। दशरथ नंदन श्रीराम अनंत मयार्दाओं के प्रतीक पुरुष हैं। श्रीराम को भगवान के तुल्य और मयार्दा पुरुषोत्तम कहा जाता है। श्रीराम सुख-दुख, पाप-पुण्य, धर्म-अधर्म, शुभ-अशुभ, कर्तव्य-अकर्तव्य, ज्ञान-विज्ञान, योग-भोग, स्थूल-सूक्ष्म, जड़-चेतन, माया-ब्रह्म, लौकिक-पारलौकिक आदि का सर्वत्र समन्वय करते हुए दिखाई देते हैं। इसलिए वे मर्यादा पुरुषोत्तम तो हैं ही, लोकनायक एवं मानव चेतना के आदि पुरुष भी हैं। श्रीराम का सम्पूर्ण जीवन विलक्षणताओं एवं विशेषताओं से ओतप्रोत है, प्रेरणादायी है। उनके मन में विमाता कैकयी और भाई भरत के लिए स्नेह बना रहता है। उनका हृदय करुणा से ओत-प्रोत है। अपने शत्रु रावण का वध कर भी वे पश्चाताप करते हैं। लौकिक जीवन की मयार्दा एवं राजधर्म के निर्वाह के लिए धोबी के ताने सुनकर सीता का परित्याग कर देते हैं। वाल्मीकि रामायण में श्रीराम के ऐसे अनेक गुण बताए गए हैं, जो लोगों में नेतृत्व क्षमता बढ़ाने व किसी भी क्षेत्र में नेतृत्व करने के महत्वपूर्ण सूत्रों में गिने जाते हैं-गुणवान, किसी की निंदा न करने वाला,धर्मज्ञ, कृतज्ञ, सत्यभाषी, दृढ़प्रतिज्ञ, सदाचारी, सहयोगी अर्थात मददगार, विद्वान, सामर्थ्यशाली, प्रियदर्शन, मन पर संयम, अधिकार रखने वाला, क्रोध को जीतने वाला, कांतिमान, वीर्यवान, युद्ध में क्रोधित होने पर देवता भी डर जाएं।

श्रीराम वैश्विक इतिहास के सबसे आदर्श पुरुषों में गिने जाते हैं। पुराणों में उन्हें मयार्दा पुरुषोत्तम और श्रेष्ठ राजा बताया गया है। मनुष्य रूप में जन्म लेकर ऋषि विश्वामित्र से विद्योपार्जन के उपरांत पृथ्वी पर उन्होंने रावण सहित असंख्य राक्षसों का संहार कर किया।

संक्षिप्त खबरें

मंजूरा में धूमधाम से मना सरहुल परब

बोकारो : कसमार प्रखंड के मंजूरा गांव स्थित नाइया जेहराथान में मंगलवार को मंजूरा पंचायत के आदिवासी कुड़मि समाज ने सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया। गांव के नाइया जानकी महतो गुलिआर ने खीर का भोग चढ़ाकर सरना स्थल नाइया जेहराथान में पूजा की। तत्पश्चात नाइया जेहराथान से ही ग्रामीणों ने नाया को झागड़ हाड़ी से सर पर पानी डालते हुए घर तक लाए। तत्पश्चात अपने पुरखों के वास स्थल भुतपिढ़ा के समक्ष नाया को बैठाकर गांव की महिलाओं एवं बच्चियों ने नाया को तेल हल्दी लगाकर उनके सिर पर पानी डाल आशीर्वाद लिया।

मौके पर भागीरथ बंसरिआर, सदानंद गुलिआर,मिथिलेश महतो केटिआर, प्रवीण केसरिआर, ज्ञानी गुलिआर, दशरथ गुलिआर, पियूष बंसरिआर, सहदेव झारखंडी, उमेश केसरिआर, अखिलेश केसरिआर, सुभाष हिंदइआर, बालेश्वर पुनअरिआर, मुरली जालबानुआर, शांती गुलिआर, रंजीत गुलिआर, शैलेश केसरिआर, राजकिशोर केसरियार, कमल जालबानुआर, सरोज गुलिआर, सुनील केसरिआर, उमेश केसरियार, अखिलेश्वर केसरियार, अमरनाथ गुलिआर, प्रकाश केसरियार, भागीरथ समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

स्वीप कार्यक्रम के तहत छात्राओं ने रैली निकाली

बलियापुर : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद के निदेर्शानुसार आज 16 अप्रैल को आसन्न लोकसभा चुनाव के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश कुमार सिन्हा की उपस्थिति में बालिका प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बलियापुर की ईएलसी सदस्य छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली कुम्हार टोला होते हुए मस्जिद टोला के रास्ते लगभग 3 किमी की दूरी तय कर विद्यालय पहुंची। यह रैली बलियापुर पश्चिम पंचायत के मतदान केंद्र संख्या 315, 316, 317 क्षेत्र के मतदाताओं को आगामी 25 मई को मतदान सुनिश्चित कराने की अपील की गई। छात्राओं द्वारा स्लोगन एवं स्वीप प्रचार सामग्रियों से मतदान करने का संदेश दिया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगणों के अलावा क्षेत्र के बीएलओ व स्वीप नोडल ने भाग लिया। साथ ही स्वीप के अन्य कार्यक्रम बुनियादी विद्यालय बीआईटी सिंदरी में भी छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता को रैली का आयोजन किया गया। सिंदरी नगर निगम क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 393, 394, 396 डोमगढ़ में बीएलओ द्वारा मतदाताओं को शपथ दिलाई गई।

पेटरवार में उत्पाद विभाग ने अवैध देशी शराब निर्माण स्थल पर की छापेमारी

मौके से 600 केजी जावा महुआ एवं 75 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त,टीम ने सामग्रियों को किया नष्ट

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बोकारो : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर सोमवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने पेटरवार थाना अंतर्गत दामोदर नदी किनारे पिछड़ी गांव के धतकीडीह टोला में अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी अभियान चलाया। मौके से उत्पाद टीम ने 600 केजी जावा महुआ शराब एवं 75 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं,अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में अभियुक्त किशुन विश्वकर्मा पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के

आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव,अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति,अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट दीपिका कुमारी आदि शामिल थे। जानकारी हो कि, लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण झ बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है.

ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले डीविसी कामगारों को उपमहाप्रबंधक ने लगाई फटकार

बोकारो थर्मल : ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले कामगारों को डीविसी के उपमाहा प्रबंधक बीजी होलकर ने मंगलवार को अपने कार्यालय में जमकर फटकार लगाई साथ ही ड्यूटी का समय समाप्त होने से पहले घर भागने वाले कर्मियों के खिलाफ सख्त करवाई करने की चेतावनी दिए है। यह कार्यवाइ मुख्य अभियंता सह परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद के निर्देश पर उपमहां प्रबंधक ने डीविसी प्रशासनिक भवन में कार्यरत कामगारों के खिलाफ किया गया है।जिससे ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के बीच हडकंप मच गया है। इस सम्बंध में मुख्य अभियंता सह परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद ने बताया कि सूचना मिली थी की प्लांट के बाहर प्रशासनिक भवन में कार्यरत डीवीसी के कुछ कर्मचारी ड्यूटी में लापरवाही बरत रहे है और ड्यूटी का समय समाप्त होने से पहले अपने अपने घर भाग जा रहे है। जिसकी जांच कर कार्यवाई करने का निर्देश उपमहाप्रबंधक को दिया गया था। साथ ही कहे की ड्यूटी में लापरवाही बरतने व छुट्टी होने से पहले घर भागने वालो को बख्शा नहीं जाएगा।

डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म महोत्सव मनाया गया

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बोकारो : अंबेडकर मैदान जनवृत चार में भारत रत्न संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म महोत्सव सेल एससी, एसटी इम्पलाईज फेडरेशन बोकारो यूनिट की ओर से बड़े ही धूमधाम से मनाई गई । मुख्य अतिथि सी-आर महापात्रा अधिशासी निदेशक परियोजना एवं अतिरिक्त प्रभारी सामग्री प्रबंधन विशिष्ट अतिथि हरि मोहन झा मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) एस-एन हेंब्रम वरीय प्रबंधक एससी एसटी संपर्क पदाधिकारी सेल बीएसएल मनोज कुमार प्रचार केंद्रीय विद्यालय सेक्टर 4 मुख्य अतिथि ने कहा कि बाबा साहब के द्वारा जो लिखित संविधान है वह दुनिया के सबसे खूबसूरत संविधान है उसको अच्छा सा पालन करने की जरूरत है विशिष्ट अतिथि हरिमोहन झा ने कहा कि संविधान एक ऐसा ग्रंथ है।जो पूरे भारत को जोड़कर रखी है बाबा साहब से सीख लेने की जरूरत है की अपनी हर विकट परिस्थितियों में भी उन्होंने धैर्य से काम लिए और इस मुकाम तक पहुंचे कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केंद्रीय कमेटी नई दिल्ली सह अध्यक्ष फेडरेशन के अध्यक्ष एम०के० अभिमन्यु ने किया एवं संचालन महासचिव रवींद्र महली ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित भीष्म बैठा वीरेंद्र कुमार धर्मा पासवान इंदल पासवान महेश पासवान संजय कुमार महावीर मरांडी अनिल कुमार सुरेश पासवान संजय कुमार दिनेश रविदास सुनील कुमार सुशील कुमार युगल चौधरी ऋषि देव कुमार लालू प्रसाद नवल पासवान बैजनाथ प्रसाद सरोज कुमार पिंटू भक्त शशिकांत परमेश्वर पासवान आरके राणा यूके सुमन सादे भैया राजेश कुमार महेश राम जितेंद्र कुमार, दिलीप कुमार, आर के अकेला, निर्मल कुमार दास , अरुण कुमार पासवान मंजीराम , रमाशंकर ,काशीनाथ माझी, आर कुमार महली, सुमन कुमार पासवान, राजू राम, कमल किशोर, शंभू प्रसाद, महेश राम,जेपी नारायण, अशोक कुमार, ओम प्रकाश पासवान, संतोष कुमार, जितेंद्र कुमार, वरुण पासवान आदि लोग उपस्थित थे।

बीजेपी के शक्ति केंद्र की बैठक संपन्न

नेता प्रतिपक्ष ने कार्यकताओं में भरा जोश

बोकारो : सेक्टर-5 स्थित एनआईपीएम सभागार में शक्ति केंद्र की बैठक आहूत की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िला अध्यक्ष जयदेव राय ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष(झारखंड) अमर कुमार बाउरी भारत माता कि जय, वन्दे मातरम्, जय श्री राम के उदघोष के साथ सभी कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 400 पार का जो नारा है, उसके लिए हम यहाँ एकत्रित हुए है । मोदी के गारंटी के साथ अपने झारखंड के 14 में 14 सीट प्राप्त करने के लिए हम संकल्प लेते है पूरे देश मोदी जी का गारंटी चल रही है आज महा अष्टमी है और कल इतिहासिक

रामनवमी है 500 साल के लेम्ब संघर्ष तपस्या और बलिदान के बाद टूटे फूटे टेंट से निकल कर राम लला अयोध्या में विराजमान हुए है हमे आशीर्वाद देने आ रहें है । उन्होंने कहा कि इस बार की लड़ाई दो विचारधारा की लड़ाई है। एक का लक्ष्य राष्ट्र है दूसरे का परिवार फर्स्ट है को समर्पित है। मुख्य-सचेतक (प्रतिपक्ष, झारखंड) बिरंची नारयण ने कहा कि मेरे प्राण से प्रिय कार्यकर्ता बंधुओं जैसे पूरब से सूरज उगना तय है वैसे ही ढुल्लू महतो का जितना तय है ये पार्टी मेरी माँ के समान है जो पार्टी के साथ गद्दारी करेगा वो अपनी माँ के साथ गद्दारी करेगा आप सभी से आग्रह करता हूँ की आप मुझे 40 दिनों का समय दे मैं आप को विश्वास दिलाता हूँ कि मैं 2 लाख पार के अंतर से चुनाव जीतेंगे।कार्यक्रम का संचालन महामंत्री संजय त्यागी ने किया। इस बैठक में मुख्य निवर्माण अध्यक्ष भरत यादव ,परिंदा सिंह, वीरभद्र प्रसाद सिंह ,कुमार अमित ,आरती राणा ,दिलीप श्रीवास्तव, कमलेश राय ,लीला देवी ,मुकेश राय, धीरज झा, कृष्ण कुमार मुन्ना, राकेश मधु, मुकुल ओझा , अशोक कुमार पप्पू ,विनय आनंद, विश्वनाथ दत्ता ,डॉ प्रकाश, अशोक वर्मा, माथुर मण्डल ,अवधेश यादव, अनिल सिंह ,मनोज सिंह पन्ना लाल कंदू आदि सैकड़ा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

केन्द्र सरकार तानाशाह को बढ़ावा दे रही है : मथुरा प्रसाद

जैनामोड़ : जरीडीह प्रखंड अंतर्गत टांड़ मोहनपुर पंचायत स्थित झामुमो जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी के आवासीय परिसर में पार्टी कार्यकताओं की बैठक आयोजित किया गया । बैठक की अध्यक्षता हीरालाल मांझी , संचालन जरीडीह प्रखंड अध्यक्ष पंकज मरांडी ने किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन के साझा प्रत्याशी सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो उपस्थित थे । आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित साझा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की सरकार षड्यंत्र कारी प्रवृत्ति की है । इस षड्यंत्र कारी सरकार को दिल्ली की गद्दी से उतार कर फेंक देना होगा ।

विधालय में आंढ्वा के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह संपन्न

छात्र-छात्राओं में विलक्षण प्रतिभाएं झलकती है : कालीचरण

जैनामोड़ : जरीडीह प्रखंड अंतर्गत खुंटरी पंचायत के केंदुआडीह बस्ती स्थित उक्रमित मध्य विद्यालय में आठवां के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन विधालय सभागार में किया गया । इस अवसर पर ?सातवां के छात्र-छात्राओं के द्वारा गीत-नृत्य का प्रस्तुतीकरण कर स्वागत किया गया । आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर विधालय के प्रधानाचार्य कालीचरण महली ने कहा कि बच्चों का भविष्य का निर्माण प्राथमिक विद्यालय से ही शुरू होता है । मध्य विद्यालय में ज्ञान का बक्सा खुलती हैं । बच्चे साक्षर होकर आगे की पढ़ाई आरंभ कर जीवन को सफल बनाने का काम करते हैं । मैट्रिक - इंटर संकाय से विषय वार रास्ते भविष्य का तैयार करते हैं । विदाई समारोह के अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं के बीच खीर का वितरण शिक्षा प्रेमी के द्वारा किया गया । आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष पुष्पा देवी ,दीपक कुमार ,प्रदीप कुमार महतो, मनोज मिश्रा ,प्रिया कुमारी , अनीता कुमारी आदि उपस्थित थे।

स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती के सानिध्य में चिन्मय मिशन-बोकारो में गूंजेगा हनुमान चालीसा

- 23 अप्रैल को शाम 06 से 08 बजे के बीच चिन्मय मिशन-सेक्टर 05 डी के प्रांगण में होगा पूजा और पाठ का आयोजन
- जनवृत 5 स्थित चिन्मय मिशन बोकारो की ओर से हर साल हो रहा हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बोकारो : बोकारो सहित देश भर में 23 अप्रैल को भगवान हनुमान की जयंती को लेकर आयोजन की तैयारी चल रही है। इसी कड़ी में चिन्मय मिशन की आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती के सानिध्य में 23 अप्रैल को शाम 06 से 08 बजे के बीच बोकारो में श्री हनुमान जयंती महोत्सव धुमधाम से

मनाई जाएगी। इस शुभ अवसर पर चिन्मय मिशन की आवासीय आचार्या परमपूज्या स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती पवनपुत्र हनुमान लला की पूजा अर्चना करेंगी। तत्पश्चात स्वामिनी जी के मार्गदर्शन में सभी श्रद्धालु के द्वारा 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया जायेगा। साथ ही श्रीराम भक्त हनुमानजी के 108 नामों का उच्चारण भी किया जाएगा। कहा जाता है कि हनुमानजी की साधना-आराधना का अर्थ है प्रभु श्रीराम की भी आराधना। हनुमानजी की आराधना से, बल, बुद्धि, विद्या और विनम्रता बढ़ती है । आप सभीसे अनुरोध है कि इस अनुष्ठान में आप सपरिवार और सबान्धव उपस्थित हो कर हमे कृतार्थ करें। जानकारी देते समय चिन्मय मिशन का अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव हरिहर राउत, कोषाध्यक्ष नरेंद्र, के साथ साथ चिन्मय विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा, उपप्राचार्य नरमेंद्र कुमार आदि अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

स्थापना के 28 वर्षो बाद 108 प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ आरंभ

जैनामोड़ : जरीडीह प्रखंड अंतर्गत टांड़ मोहनपुर पंचायत में 28 वर्षों के बाद हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार करते हुए राम-लक्ष्मण , सीता की मूर्ति का स्थापना ?किया गया । इस मंदिर जीर्णोद्धार का काम महादेव महतो और रोहित महतो के सौजन्य से पूर्वज स्व अकलु महतो , पत्नी स्व पानू देवी , दर्शनी कुमारी की स्मृति में किया गया । स्थापित प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा के लिए कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय यज्ञ आरंभ किया गया । यज्ञ का आचार्य मामरकुदर निवासी जगरनाथ ओझा के सानिध्य में कीर्तन मंडली का कार्यक्रम लोगों के बीच धर्म आस्था को जगा रहा है । मंदिर का आरंभ 1995 में क्षेत्र के समाजसेवी किशुन लाल महतो के द्वारा किया गया था । यज्ञ में आपार

पूर्वजों के स्मृति में बजरंगबली ,राम, लक्ष्मण , सीता की प्रतिमा स्थापित

श्रद्धालुओं का भीड़ उमड़ रही है । इस अवसर पर कलाकारों के द्वारा गीत-संगीत माता के जागरण के साथ साथ भव्य रूप से भण्डारण कि आयोजन किया जा रहा है।

दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में कई सामाजिक कार्यकताओं ने जदयू की सदस्यता ली

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

कतरास। श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में जदयू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। इस दौरान बाघमारा प्रखंड के कई सामाजिक कार्यकताओं ने जदयू के सर्वमान्य नेता नितीश कुमार और खीरु महतो में आस्था व्यक्त करते हुए दीप नारायण सिंह की उपस्थित में जदयू पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने पार्टी में शामिल होने वाले सामाजिक कार्यकताओं को सदस्यता रसीद दे कर पार्टी में शामिल किया और बधाई दी । इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि बाघमारा प्रखंड में लगातार सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जदयू पार्टी से जुड़ रहे हैं। इससे पार्टी बाघमारा प्रखंड में मजबूत होगी। श्री सिंह ने कहा कि जदयू पार्टी के प्रति युवाओं का रूझान बढ़ रहा है। जिसका लाभ लोकसभा चुनाव में एनडीए को मिलेंगी। पार्टी में शामिल होने वालों में महुदा निवासी महेश कुमार दास तथा कालीचरण दास हैं। इस अवसर जदयू अ० जा० प्रकोष्ठ के जिला महासचिव अशोक कुमार दास,जिला सचिव संजय दे, श्रृष्टिधर बाउरी, घनश्याम ठाकुर, सुभाष सिंह, प्रिंस कुमार, शब्बीर अंसारी, आदि उपस्थित हुए।

धनबाद लोकसभा कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी अनुपमा सिंह को टिकट मिला

- निरसा कांग्रेसियों में खुशी की लहर, सब ने आभार प्रकट किया: दुर्गा दास

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

एग्यारकुंड। कांग्रेस नेता सह बेरमो विधायक कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह की धर्मपत्नी अनुपमा सिंह जी को धनबाद लोकसभा कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी अनुपमा सिंह को टिकट देकर मैदान मे उतारा। बात दे की बिहार झारखंड के पूर्व मंत्री,झारखंड



प्रदेश के सर्वमान्य नेता,इटक के राष्ट्रीय नेता, मजदूरों का नेता स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह के पुत्रवधू और बेरमो विधायक कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह की धर्मपत्नी अनुपमा सिंह ने धनबाद लोकसभा चुनाव कांग्रेस टिकट पर मार ली बाजी। वही निरसा कांग्रेस नेत्री प्रदेश सचिव सह पीसीसी डेलिकेट सह चंदनकयारी विधानसभा प्रभारी दुर्गा दास ने कहा निरसा कांग्रेसियों मे खुशी की लहर,सब ने आभार प्रकट किया। वही देखना है की धनबाद लोकसभा सीट पर किसकी जीत होती है कांग्रेस या बीजेपी या किसी और पार्टी का कब्जा हो सकती है।

आम जनता संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व आम जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राहुल मोदी उफ मास्टर को बनाने से उसके करीबियों में खुशी के लहर

एग्यारकुंड। आम जनता संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व आम जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राहुल मोदी उफ मास्टर को बनाने से उसके करीबियों में खुशी के लहर। वही राहुल मोदी ने कहा हम गरीब लाचार मजदूरों के लिए हमेशा कार्य करता रहूंगा।

मजदूरों को हमेशा फैक्ट्री प्लांट वालो ने शोषण करता है। यह पार्टी मजदूरों के साथ आम जनता के साथ हमेशा खड़ा रहेगे।

बीडीओ ने अबुआ आवास और मनरेगा योजनाओं की समीक्षा की

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बलियापुर : उपायुक्त धनबाद के निदेशानुसार आज मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह के द्वारा बलियापुर प्रखंड सभागार में मनरेगा के तहत योजनाओं की समीक्षा बैठक किया गया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम आम बागवानी सहित अन्य योजनाओं के कार्यों में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। आधार आधारित भुगतान और रिजेक्ट ट्रांजैक्शन को अबिलंब सुधार करने का निर्देश दिया गया। अबुआ आवास योजना अंतर्गत सभी लाभुको के आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। समीक्षा के दौरान कुछ पंचायत सचिवों ने बताया कि कुछ लाभुक ऐसे हैं जिनको बार-बार कहने पर भी कार्य प्रारंभ नहीं कर रहे हैं।

ऐसे लागू को की सूची मांगा गया है ताकि उन्हें नोटिस निर्गत किया जा सके। इसके अतिरिक्त 15वीं वित्त आयोग योजना अंतर्गत अपूर्ण योजनाओं को अविलंब पूरा करने का निदेश दिया गया। समीक्षा बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा विशाल कुमार एवं पूजा वर्मा, प्रखंड आवास समन्वयक और 15वीं वित्त आयोग, सभी पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक उपस्थित थे।

पश्चिमी टुण्डी क्षेत्र मनियाडीह में मिट्टी धंसने से दो की मृत्यु जबकि पांच महिलाएं दबने से हुई घायल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

टुंडी : टुंडी प्रखण्ड क्षेत्र के मनियाडीह थाना के मछियारा पंचायत अंतर्गत भेलवाबेड़ा के पास टुंडी पहाड़ में घरेलू कार्य हेतु मिट्टी लाने गये कुछ महिलाएं जब सुरंग रूपी गड्ढे में खुदाई कर रही थी तब अचानक मिट्टी के धंसने से दो महिलाये दब गई, एक महिला तो मौके पर ही दम तोड़ गई, जबकि द्वितीय महिला की धनबाद में इलाज के क्रम में अस्पताल में मृत्यु हो गई। सभी महिलाएं घरों की रंगाई-पुताई हेतु मिट्टी लाने पहाड़ की धंसान में गई हुई थी । घटनास्थल पर हो हल्ला होने के उपरान्त अगल-बगल के लोग एकत्रित हुए, किसी ने मुखिया प्रतिनिधि बुधन हेम्ब्रम को सूचित किया । पुलिस और मुखिया प्रतिनिधि बुधन हेम्ब्रम ने लोगों के

सहयोग से किसी तरह मिट्टी में दबी दोनों महिलाओं को निकाला और मृत महिला को उसके घर ले गए। घायल महिला को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया गया। मौके पर मृतक पटीश देवी एवं अस्पताल में शांति देवी की मृत्यु हुई । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार टुंडी पहाड़ मछियारा पंचायत अंतर्गत भेलवाबेड़ा के पास दर्जनों आदिवासी महिलाएं घर की रंगाई-पुताई के लिए सफेद मिट्टी लाने गई थी। पहाड़ पर मिट्टी निकालने के कारण एक सुरंग सा बना हुआ है। उसी सुरंग में बारी-बारी से चार महिलाएं मिट्टी खुदाई कर रही थी। सुरंग के अंदर दो महिला मिट्टी निकाल ही रही थी इसी दौरान अचानक मिट्टी धंस गई। जिससे दोनों दब गई और दो अन्य महिलाएं किसी तरह सुरंग से बाहर निकली। मिट्टी के धंसने के बाद वहां अफरातफरी मच गई। लेकिन मौके पर मौजूद महिलाओं ने साहस दिखाते हुए दोनों को सुरंग से बाहर निकाला। इसमें झिनाकी के पिछड़ी टोला के छुटुलाल मरांडी की 33 वर्षीय पत्नी पटीशन देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि द्वितीय महिला प्रेमप्रकाश मराण्डी की 26 वर्षीय पत्नी शांति देवी ने अस्पताल में इलाज के क्रम में अन्तिम सांस लिया ।

मनियाडीह थाना के सर्रा में अवैध बालू के भण्डारण में जिला खनन पदाधिकारी ने गुप्त सूचना के आधार पर किया छापेमारी

टुंडी : टुंडी प्रखण्ड में जिला खनन पदाधिकारी धनबाद के द्वारा दिये गये निदेर्शानुसार अंचलाधिकारी टुण्डी शैलेन्द्र कुमार चौरसिया खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक, मनियाडीह थाना प्रभारी शिव कुमार एवं थाना के पुलिस बल के साथ संयुक्त रुप से मिली गुप्त सूचना के आधार पर फतेहपुर पंचायत अंतर्गत मौजा सर्रा के विभिन्न स्थानों पर अवैध रुप से भण्डारित बालू खनिज के विरुद्ध छापामारी की गयी, जिसमें लगभग एक लाख सीएफटी अवैध रुप से भण्डारण किया हुआ बालू खनिज को जप्ती सूची बनाते हुए विधिवत जप्त किया गया तथा जप्त अवैध

बालू खनिज को स्थानीय लोगों को जिम्मेनामा पर सौंपा गया है। इस संबंध में मनियाडीह थाना काण्ड सं0- 08/24, दिनांक- 15/04/24 धारा- 397/414/34 भा०द०वि० एवं 21 टटऊफ अू३ 1957, 54 खटटउ फ४ह्लीर 2017 & 13 खट(ढकटळर) फ४ह्लीर 2017. के अंतर्गत 07 नामजद अभियुक्त क्रमशः (1.) आरीफ अंसारी (2.) ललन राय (3.) अरुण चौधरी (4.) सिंकदर चौधरी (5.) पप्पू राय (6.) रजाक अंसारी (7.) गुलाम अंसारी सभी ग्राम सर्रा थाना मनियाडीह जिला धनबाद एवं अन्य अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

रामनवमी पर्व के मद्देनजर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

असामाजिक तत्वों पर जिला प्रशासन की नजर रहेगी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

गिरिडीह : रामनवमी पर्व के मद्देनजर आज समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला व जिला स्तरीय शांति समिति/ महावीर समिति/ जुलूस, अखाड़ा आयोजन समिति के सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने लाइसेंसधारी अखाड़ा समिति तथा गैर लाइसेंसधारी अखाड़ा समिति के सदस्यों को रामनवमी जुलूस के दौरान सरकारी नियमों के पालन किए जाने को लेकर दिए कई निर्देश दिए। उपायुक्त ने रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में चयनित रुट पर ही जुलूस निकालने का निर्देश दिया। साथ ही अखाड़ा जुलूस को रात 10 बजे तक ही निकालने व जुलूस के दौरान डीजे का इस्तेमाल नहीं करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि अखाड़ा समिति वीडियोग्राफी के साथ जुलूस को निकालें, ताकि विपरीत स्थिति उत्पन्न होने पर वीडियो के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

सोशल मीडिया पर प्रशासन की रहेगी नजर

उपायुक्त ने कहा कि सोशल मीडिया यथा फेसबुक, व्हाट्सअप, एक्स हैंडल, इंस्टाग्राम आदि पर जिला प्रशासन की नजर रहेगी। कोई भी व्यक्ति अगर सोशल मीडिया पर

अफवाह फैलाने, विधि व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न करने का कार्य करेगा तो उक्त व्यक्ति को चिन्हित करते हुए कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी खबर के प्रामणिकता की जांच किए बिना किसी भी परिस्थिति में अफवाह फैलाने का कार्य नहीं करें।

पुलिस अधीक्षक ने अखाड़ा समिति के सदस्यों से कहा कि जुलूस के दौरान पारंपरिक वाद्य यंत्र का उपयोग करें। जिस रुट से जुलूस निकालने की अनुमति दी गई है, उसी रुट से जुलूस निकालें। सभी जुलूस के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। ड्रोन के माध्यम से विधि व्यवस्था की निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का महात्योहार की भी घोषणा हो चुकी है। किसी भी परिस्थिति में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने शांति समिति के सभी सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग के सहयोग से ही जिले में शांतिपूर्ण, सद्भावना, आपसी सौहार्द से ही रामनवमी मनाने में प्रशासन का सहयोग करें। वहीं अधिकारियों को उन्होंने अपने स्तर से संवेदनशील स्थानों एवं अन्य स्थानों की निगरानी रखें, साथ ही यह सुनिश्चित करें कि पर्व/त्योहार में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। उन्होंने कहा कि हम सभी कि जिम्मेवारी है कि जिले में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार संपन्न कराई जाए, कहा कि भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं और दूसरों के लिए मिशाल पेश करें। इसके अलावा बैठक में सभी शांति समिति के सदस्यों द्वारा पूर्व के अनुभव के आधार पर कई बिंदुओ पर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया व सुझाव भी दिए। उन्होंने बेहतर समन्वय एवं सद्भाव के साथ प्रशासन व अन्य समुदाय के लोगों के साथ मिलकर शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी संपन्न कराने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा अखाड़ावार वॉलिंटियर्स को सक्रिय भूमिका के लिए जिम्मेदारी दी जाए। संवेदनशील जुलूस मार्गों में किसी भी प्रकार की अफरा तफरी ना हो इसके लिए अतिरिक्त सतर्कता व समन्वय बनाई जाए। बैठक में अपर समाहर्ता, उप नगर आयुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गिरिडीह जिला, जिला स्तरीय शांति समिति/ महावीर समिति/ जुलूस, अखाड़ा समिति के सदस्य समेत अन्य संबंधित अधिकारी ।

बेंगाबाद के धुमाडीह में कार्यकर्ताओं के साथ की संवाद कार्यक्रम

बेंगाबाद – गांडेय विधानसभा में होने वाली उपचुनाव की रणनीति को लेकर झामुमो का कार्यक्रम मंगलवार को बेंगाबाद के धुमाडीह में आयोजित हुई । मौके पर गांडेय के पूर्व विधायक सह राज्य सभा सांसद डॉ सरफराज अहमद , गिरिडीह विधायक सुदिब कुमार सोनू , निलकंठ मंडल , बिजय सिंह , मो सिराज , मो भुटारी , बिनोद हांसदा चंद्रकांत मंडल उर्फ डीसको , अब्दुल गनी उर्फ टिंकु , अनील हांसदा , अनवर उर्फ गुड्डू शेख , मो मेराज आलम , मो फखरूदीन , रमेश वेसरा , सुरेन्द्र सोरेन , बाबुजन मुर्मू सहित कई थे । इस मौके पर गांडेय उपचुनाव झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने कहा कि गांडेय विधानसभा के कार्यकर्ताओ की जोश और जज्बा को देखकर पूर्ण विश्वास है कि झामुमो की जीत सुनिश्चित है। कार्यकर्ता ही पार्टी की सर्वोपरि है । कहा झारखंड टुटेगा नहीं झारखंड कभी झुकेगा नहीं । वहीं वक्ताओं ने भी अपनी-अपनी बातों को रखा। इसके पूर्व सोनबाद में सोनबाद मुखिया प्रतिनिधि चंद्रकांत मंडल के अगुवाई में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कल्पना सोरेन का स्वागत किया ।

बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयन्ती मनायी गयी

डुमरी– झारखंड मूल निवासी परिसंघ डुमरी द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को डुमरी फुसरो रोड स्थित करिहारी पहाड़ी के तलहटी में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयन्ती मनायी गयी। झारखंड मूल निवासी परिसंघ के जिलाध्यक्ष भुनेश्वर रविदास के नेतृत्व में आयोजित जयन्ती समारोह में आजसू पार्टी के विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी बीस सूत्री अध्यक्ष डेगलाल महतो पूर्व जिप अध्यक्ष राकेश महतो कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर मंडल युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष गंगाधर महतो जिला सचिव सरफराज अहमद गुड्डु,रमजान अंसारी आदि मुख्य रुप से उपस्थित हुए।उपस्थित सभी अतिथियों एवं आयोजन समिति के

सदस्यों ने अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।वक्ताओं ने बाबा साहेब अंबेडकर की संघर्ष व चुनौतीपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए सभी ने उनके विचारों को आत्मसात करने व शिक्षा पर जोर देने की अपील की।कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने कहा था कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो जितना पीएगा वह उतना दहाड़ेगा इसलिए सभी अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य दिलायें।ताकि अपने हक अधिकार को जान सके।इस दौरान परिसंघ से जुड़े सभी सदस्यों ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने,अपने बच्चो को गुणवत्तपूर्ण शिक्षा ।

मनरेगा योजना का कमाल,तिसरी प्रखंड में हुआ डोभा नगरी खिजुरी का निर्माण

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

तिसरी : केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना महात्मा गाँधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम यानि मनरेगा,जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरों की आजीविका को बढाने के साथ - साथ जल संचयन, सूखा राहत, बाड नियंत्रण और पर्यावरण की रक्षा के लिए आधारभुत संरचना बनाने के उदेश्य से तालाब, डोभा, कुआँ, बागवानी, टीसीबी, पशु से आदि का निर्माण करवाया जाता है।

हालांकि यह बात अलग है कि इससे मजदूरों का कोई भला होता नहीं दिख रहा,लेकिन चंद लोगों ने इसका पुरा फायदा उठाया है।

केवल खिजुरी पंचायत में 85 डोभा ऑनगोइंग,126 डोभाओं की मिली थी स्वीकृति

बताते चलें कि तिसरी प्रखंड के केवल खिजुरी पंचायत में मनरेगा

योजना के तहत 126 डोभाओं की स्वीकृति दी गई थी। हालांकि नए प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार के आने के बाद ऑनगोइंग हो चुके योजनाओं को छोड बाकी के योजनाओं को डिलीट किया गया। फिर भी वर्तमान में केवल खिजुरी पंचायत में 85 डोभा निर्माण कार्य चल रहा है। इसके अलावे तालाब, कुआँ, टीसीबी आदि का भी कार्य किया जा रहा है। गौरलतलब हो कि इनमें से कई योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चूका है इसके बावजूद इन योजनाओं में निकासी की जा रही है।

इन्ही में से खिजुरी के लक्षुरायडीह में कई डोभा का निर्माण कार्य पुरा हो चूका है बावजूद अब भी डिमांड जारी है। अब सवाल यह उठता है कि जब डोभा बनकर तैयार है तो आखिर किस मजदूर का भुगतान किया जा रहा है।

केवल खिजुरी ही नहीं बल्कि प्रखंड के लगभग सभी पंचायत में कई ऐसी योजनाएँ हैं जिसका कार्य पूर्ण हो चूका है बावजूद इसके डिमांड जारी है। अब ऐसे में विभागीय कर्मचारियों का कठघरे में खडा होना स्वभाविक है। इस संबंध में तिसरी बीडीओ मनीष कुमार ने कहा कि शिकायत आने पर विधि सम्मत कार्यवाई की जाएगी।.

खोटो में दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल

तिसरी प्रतिनिधि। तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत तिसरी - गिरिडीह मुख्य मार्ग पर खोटो के समीप मंगलवार को दो बाइकों के बीच हुई आमने - सामने की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में दोनों बाइकों के चालक और एक महिला बाइक सवार शामिल है। दुर्घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की काफी भीड जुट गई।

आस - पास के लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस द्वारा बाइक चालक रंजीत दास और उनकी बहन पूनम कुमारी को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी लाया गया। जहाँ डाक्टर महेश्वरम ने घायल भाई - बहन के प्राथमिक उपचार के बाद गिरिडीह रेफर कर दिया। वहीं दूसरे बाइक चालक मुरली यादव को उनके स्वजन इलाज के लिए गिरिडीह की ओर ले गए। बताया जाता है कि गांवा के माल?ा निवासी रंजीत दास बाईक से अपनी बहन को उसके ससुराल छो?ने मंडरो की ओर जा रहा था इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रहे बाईक सवार मुरली यादव से जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में मुरली यादव का पैर टूटने, रंजीत दास का दाहिना हाथ टूटने और उसकी बहन पूनम कुमारी के सर में चोट होने की बात बताई ।

रामनवमी को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

गावां : गांवा प्रखंड अंतर्गत गांवा माल्दा पीहरा गड़र्गी , मंझने आदि सभी जगह पर फ्लैग मार्च निकाला गया, जिसमें गांवा वीडियो महेंद्र रविदास को अविनाश रंजन थाना प्रभारी महेश चंद्र एवं सैनिक के अन्य जवान उपस्थित रहे। वही गांवा बी डि यो महेंद्र रविदास ने कहा कि रामनवमी को लेकर सभी भाईचारे एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं किसी प्रकाश का हुड़दंग आदि न करें, एवं हर चीज पर प्रशासन नजर बनाए रहेगी आपसी में मेल मोहब्बत से रामनवमी त्योहार को मनाई एवं शांतिपूर्ण तरीके से बनाएं। मौके पर माल्दा मुखिया प्रतिनिधि नंदू लाल नगवां मुखिया, मंझने मुखिया प्रतिनिधि निरंजन सिंह,एवं गावां ए एस आई पिंकू सिंह अन्य सैनिक बल के जवान तैनात थे।.

बाहरी नेताओं के चंगुल से गांडेय विधान सभा क्षेत्र को आजादी दिलाने हमारा प्रमुखता : अवधेश सिंह

गिरिडीह : बाहरी नेताओं के चंगुल से गांडेय विधान सभा क्षेत्र को आजादी दिलाने हेतू रणनीति बनाने को लेकर मंगलवार को किसान जनता पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक गंगाधर यादव की अध्यक्षता में न्यू बरगंडा गिरिडीह कार्यालय में हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए किसान जनता पार्टी के केंद्रीय कमिटी अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि विगत 15 वर्षों से गांडेय विधान सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व बाहरी लोगों के हाथों में है। कुछ राजनैतिक दल वाले पैसा पर बिकने वाले दलालों को अपने पार्टी का कार्यकर्ता बनाकर उसके माध्यम से

गांडेय विधान सभा के लोगों को हिंदू मुस्लिम, अगड़ा पिछड़ा, आदिवासी गैर आदिवासी में भेद भाव करवाकर बाहरी लोगों को चुनाव जिताने में कामयाब हो जा रहे हैं जो चिंता का विषय है। किसान जनता पार्टी के संयोजक संचित गुप्ता ने कहा कि पैसा के प्रलोभन में आकर गांडेय विधान सभा क्षेत्र के जितना लोग बाहरी लोगों के हाथों में गांडेय विधान सभा क्षेत्र को बेचने पर आमदा है उससे कई गुना ज्यादा लोग मां गांडेय की आजादी चाहते हैं सिर्फ उन्हें जगाने की जरूरत है। किसान जनता पार्टी के सचिव देवचंद्र यादव ने कहा कि भाजपा और झामुमो को गांडेय विधायक सभा के सभी लोगों को नकारा और नालायक समझ लिया है इसका करारा जवाब मां गांडेय के धरती पुत्रों को देना ही होगा नहीं तो मां गांडेय हम लोगों को माफ नही करेगी। बैठक में किसान जनता पार्टी के संरक्षक सूकुल नारायण देव, कार्यालय सचिव विजय कुमार, बेंगाबाद अंचल अध्यक्ष नबी अंसारी, गांडेय प्रभारी बासुदेव महतो, गिरिडीह मुफ्फसिल प्रभारी सह जिला महासचिव भागीरथ राय, किजपा के दिशोम गुरु दासो मुर्मू,।

एक-नजर

गांवा प्रखंड के मंझने पंचायत मे विश्व हिंदू परिषद द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा

गावां : गांवा प्रखंड के अंतर्गत मंझने पंचायत में विश्व हिंदू परिषद द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई , इस दौरान गाजे बाजे के साथ लोग जय श्री राम, जय जय श्री राम,हर घर में भगवा छाएगा के नारे से पूरा मंझने पंचायत गुंज उठा, एवम सैकड़ो भक्तो शामिल हुए ,श्री राम के जयकारों के साथ झांकी पूरे गांव पंचायत में भ्रमण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मौके पर , मुखिया प्रतिनिधि निरंजन सिंह, पंचायत समिति दिनेश राजवंशी, राजकुमार रजवार,शम्भू सिंह, सूरज देव सिंह, मनोज सिंह, कैलाश सिंह, राजेश सिंह, शंकर कुमार यादव, रामपुकार यादव, सोभी यादव, मंटू कुमार सिंह, एवम सैकड़ो की संख्या की संख्या में श्री राम के भक्त उपस्थित थे।.

लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने का किया अपील, रामनवमी को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर

गिरिडीह – रामनवमी को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में दिख रही है। शांति समिति की बैठक विभिन्न स्थानों में आयोजित कर लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने की अपील की जा रही है. पुलिस अधीक्षक गिरिडीह दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर लगातार फ्लैग मार्च निकाला जा रही है। हर चौक ङ्क चौराहे पर पुलिसबलों की तैनाती की गई है. इसी कड़ी में नगर थाना से फ्लैग मार्च निकाला गया. इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद कर रहे है। फ्लैग मार्च बड़ा चौक से निकल कर शहर के पदम चौक, मुस्लिम बाजार, आजाद नगर, बीबीसी रोड, कालीबाड़ी चौक, मकतपुर, टावर चौक होते हुए वापस बड़ा चौक पहुंच गयी. इस दौरान लोगों से आपसी भाईचारा और शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने की अपील किया गया। शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जा रही थी. पूरे शहर के छतों और खाली पे ग्राउंड की तस्वीर कैद की गई. ड्रोन के मदद से यह देखा गया कि कहीं भी किसी प्रकार का कोई आपत्तिजनक सामान या फिर ईंट- पत्थर जमा करके नहीं रखा गया है. जिन-जिन जगहों पर ड्रोन कैमरे में ईंट पत्थर के जमा होने की तस्वीर कैद हुई, उसके मकान मालिक और लोगों को सभी ईंट पत्थर हटाने का भी निर्देश दी गई। इस मौके पर मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, आलोक कुमार सिंह, सतेंद्र पाल, निशि कुमारी समेत भारी संख्या में पुलिस बल के जवान उपस्थित थे.।

अंतर जिला अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए गिरिडीह की अंडर 16 टीम देवघर के लिए रवाना

गिरिडीह : झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में होने वाले अंतर जिला अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए गिरिडीह की अंडर 16 टीम देवघर के लिए रवाना हुई। गिरिडीह की 15 सदस्यीय टीम में आदित्य कुमार, शिवम सागर मिश्रा, नैतिक राज, प्रियांशु कुमार, क्षितिज शर्मा, अभिमन्यु कुमार पटवा, आयुष कुमार बर्नवाल, मोश्र शाहिद अफरीदी, आदर्श कुमार शर्मा, मोसर्रफ आलम, मोहित कुमार विश्वकर्मा, अच्युत नंदन श्रेयांश, शर्मा दीपेश विनोद, सुभाष कुमार, जीत शर्मा को शामिल किया गया जो अपने मैच देवघर, साहिबगंज, बोकारो, गोड्डा एवं चतरा से खेलेंगी। गिरिडीह का तीन मैच देवघर तथा दो मैच गोड्डा में होगा। मौके पर सचिव संतोष तिवारी, सदस्य बबलू शर्मा एवं अविनाश कुमार उपस्थित थे तथा जिला क्रिकेट संघ के अन्य पदाधिकारी भरत मिश्रा, अजय तिवारी, नवीन सिन्हा, रमेश यादव, विक्रम सिन्हा आदि ने टीम को शुभकामनाएं दी।

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बैठक का आयोजन

गिरिडीह : आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नया परिसदन भवन में मंगलवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने आमजनों को मतदान के लिए जागरूक करने और मतदान का प्रतिशत बाने पर बल दिया। इस दौरान मतदान से सम्बंधित प्रचार प्रसार सामग्री और फार्म 6 दिया गया. बताया गया की वैसे योग्य मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची में छुट गया है वे फार्म 6 में अपनी जानकारी भरकर सम्बंधित बीएलओ को उपलब्ध कराएँगे ताकि समय पर मतदाता सूची में उनका नाम दर्ज हो सके. बैठक में प्रशाशक, नगर निगम गिरिडीह, अंचल अधिकारी, गिरिडीह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, गिरिडीह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, गिरिडीह, सहायक नगर आयुक्त, नगर निगम गिरिडीह, अध्यक्ष रेड क्रोस सोसायटी, अध्यक्ष चेम्बर ऑ कॉमर्स , अध्यक्ष, लायंस क्लब, आनंद राज, नगर प्रबंधक, सुमित घोष, मिशन मैनेजर के अलावे स्वयं सहायता समूह की महिला आदि मौजूद थे ।

श्री राम मंदिर पालगंज में बड़े उल्लास उत्साह के साथ राम नवमी मनाने का किया अपील

मधुबन(गिरिडीह) : प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राम मंदिर पालगंज में बड़े उल्लास उत्साह के साथ कल भगवान का प्राकट्य उत्सव राम नवमी मनाई जा रही है इस उपलक्ष्य में मंगलवार को संध्या 8–00 बजे पूजन, आरती एवम बालभोग एवम भजन संध्या का आयोजन किया।कार्यक्रम मे दर्जनों भक्त उक्त समय पर श्री राम मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन कर, प्रसाद ग्रहण किया।तथा मंदिर जी मे सांस्कृतिक कार्यक्रम करते हुए भगवान के सरस भजनों का भी भक्ति जागरण किया गया।तथा कल सुबह बुधवार को सुबह 11–00 बजे से श्री राम जन्म उत्सव का कार्यक्रम रखा गया है।

श्री शिखरजी स्वछता समिति कि एक बैठक मधुबन गेस्ट हाऊस में आयोजित

मधुबन(गिरिडीह)परम पावन तीर्थराज श्री सम्मेदशिखर जी के पवित्र भुमि में श्री शिखरजी स्वछता समिति कि एक बैठक मधुबन गेस्ट हाऊस में दोपहर को किया गया। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष तेज नारायण मेहता ने किया। बैठक में मुख्य रूप से छत्तीसगढ रायपुर से आए निखिल जैन को परम संरक्षक को बनाया गया। जिसे समिति के अन्य सभी लोगो ने समर्थन किये साथ हि इन्हें भिलाई छत्तीसगढ का संयोजक भी नियुक्त किया गया जिससे समिति का प्रचार और प्रसार वृहत रुप से हो सके निखिल जैन को तिलक लगाकर अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया और समिति के सभी लोगो ने मिलकर एक मोमेंटो भेंट किया अंत मे श्री जैन जी ने समिति कि भूरी भूरी प्रंशसा किये और समिति के दिये कार्यो के पुरी ईमानदारी और निष्ठा से अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे साथ हि जब कभी समिति को इनकी जरूरत किसी भी प्रकार से जरूरत महसूस करेगी ये निश्चित हि समिति के साथ ख?मिलेंगे ऐसा इन्होंने समिति को वचन दिए इनके ऊर्जावान बातो से समिति को एक नई ऊर्जा प्राप्त हुआ मौके के उपस्तिथ समिति के कैलास प्रसाद अग्रवाल, तेजनारायण मेहता , विद्या भूषण मिश्र,बिनोद कुमार , अभिषेक सहाय, दिलीप तुरी, प्रवीण कुमार जैन, संतोष जैन, संजय कुमार जैन, सुशील कुमार बैगानी, नागेंद्र सिंह, संतोष कुमार,आदि लोग उपस्थित थे।

अगामी लोकसभा का चुनाव को लेकर आजसू पार्टी के प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी के पक्ष मे मतदान करने का किया अपील

मधुबन(गिरिडीह)पीरटांड प्रखंड के पुर्वी क्षेत्र के खुखरा थाना इलाके के तुईयो पंचायत व बदगांवा पंचायत के दर्जनों गांवों का दौरा कर अगामी लोकसभा का चुनाव को लेकर आजसू पार्टी के प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी के पक्ष मे मतदान करने की अपील भाजपा पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने किया।श्री सिंह ने तुईओ पंचायत के संयोजक दिग्विजय यादव के साथ बुथ कमिटी के लोगों से समपर्क किया।उन्होंने बताया की प्रखंड के बांध,खुखरा, तुईयो, बदगांवा, खरपोका,मंडरो,हरलाडीह आदि पंचायतों के गांव-गांव मे भ्रमण कर प्रचार-प्रसार किया।दौरा मे श्री सिंह के अलावे,महामंत्री अरविन्द वर्णवाल, कैलाश वर्णवाल, सहीत दर्जनों लोग सामिल थे।

संक्षिप्त खबरें

रामनवमी पर्व को लेकर मुफस्सिल पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

साहिबगंज: रामनवमी पर्व को लेकर मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि कुमार सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को एएसआई उमाकांत ओझा की अगुवाई में महादेवगंज व उसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस के जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला एवं लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। वही किसी भी तरह का कोई भी विवादित बयान व आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से बचने की भी अपील की एवं कहीं भी किसी तरह की कोई और असमाजिक तत्व के द्वारा शांति व्यवस्था को भंग करने की कोशिश करने की सूचना मिलती है तो तुरंत नजदीकी थाना को इसकी सूचना देने की भी अपील की।

करमटोला जानीभिट्ठा गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित

साहिबगंज: मंडरो प्रखंड क्षेत्र के करमटोला जानीभिट्ठा गांव के लोग आज के दिनों में भी झारखंड सरकार के बहुत सारे योजना से कोसों दूर है। वही इसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि वे सभी पहाड़ में बसर करने वाले आदिम जनजाति पहाड़िया समाज के लोग है यहाँ कोई भी राजनेता या जिले के अधिकारियों का आगमन नही के बराबर होता है जिस वजह से भी उनके गांव का विकास अब तक रुका हुआ है। वही आज तक एक स्कूल का निर्माण नही हो पाया जबकि लगभग तीन सौ आबादी की यह बस्ती है। वही इस गांव में निवास करने वाले अधिकांश परिवार के बच्चें करमटोला के तेलियागढ़ी के स्कूल में जाकर किसी तरह पढ़ाई कर रहा है जबकि यह स्कूल गांव से एक किलोमीटर की दुरी पर स्थित है। अगर उनके गांव में ही एक स्कूल का निर्माण हो जाता हैं तो इस गांव में रहने वाले अन्य परिवार के लोगों के सभी बच्चे पढाई से वंचित नहीं रहेगें। वही इस भीषण गर्मी में स्कूलों में पढ़ने के जाने वाला बच्चा दूरी के वजह से जाना भी नहीं चाहता है। उधर स्कूल में मात्र एक ही शिक्षक है जिस कारण स्कूल बराबर बंद ही रहता है। वही गांव में पानी की भी समस्या बनी हुई है जहां न तो एक भी चापानल है और न ही कोई कुआं उपलब्ध है। आखिर इतनी बड़ी आबादी में बसर करने वाले जगह पर पानी की समस्या की मार हम आदिम जनजाति के लोगों को आज तक झेलनी पड़ती है जबकि एक जलमीनार का निर्माण झारखंड सरकार की ओर से मिला था वो भी पुरा का पुरा खराब पड़ा है। वही रोड़ की स्थिति भी खराब बनी हुई है जिस वजह से कभी कभार रोगी को भी ले जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। उधर स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से गांव के विकास में ध्यान देने की गुहार लगाई है।

चानन गंगा घाट पर नहाने गया युवक का शव बरामद

● पोस्टमार्टम कराने हेतु लाया गया सदर अस्पताल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

साहिबगंज:- जिले में लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा के अंतिम दिन सोमवार को उदयीमान भगवान भास्कर को अर्ध्य देने के लिए चानन गंगा घाट पर एक युवक नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से लापता हो गया था। उधर स्थानीय लोगों के द्वारा हो हल्ला मचाने के बाद गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश की जा रही थी मगर उसका कुछ भी पता नहीं चल पाया था। मिली जानकारी के अनुसार जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के प्रेम नगर निवासी राजू जयसवाल का 16 वर्षीय पुत्र सागर कुमार अपने अन्य दो दोस्तों के साथ गंगा नदी में स्नान करने के लिए आया हुआ था जहां चानन स्थित गंगा नदी में स्नान करने के लिए सभी उतरे व नहाने के क्रम में सागर कुमार गंगा नदी के गहरे पानी में चला गया व लापता हो गया। उधर मंगलवार को गंगा नदी में लापता हुए युवक का शव पानी में तैरता देखकर इसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने तुरंत जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र की पुलिस को दी गई। जिसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। उधर स्थानीय लोगों की मदद से पानी में तैर रहे युवक के शव को बाहर निकाला गया और उसे फौरन सदर अस्पताल लेकर गए। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार ने जांच पड़ताल करने के बाद मृत घोषित कर दिया। उधर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम करवाने की प्रकिया में जुट गई थी जहां मृतक युवक के परिजन पोस्टमार्टम करवाने से मना करते हुए नजर आए। हालांकि बाद में बोरियो सीओ विजय हेमराज व अन्य अधिकारियों के द्वारा परिजनों को समझाने बुझाने के बाद परिजन पोस्टमार्टम करवाने के लिए राजी हुए। जहां पोस्टमार्टम की प्रकिया पूरी करने के बाद मृत युवक के शव को परिजनों को सौंप दिया गया था।

सड़क दुर्घटना में चमदी पहाड़ का युवक हुआ घायल, सदर अस्पताल में चल रहा इलाज

साहिबगंज: तालझारी थाना क्षेत्र के चमदी पहाड़ पर रहने वाला युवक शंतू पहाड़िया पिता जबरा पहाड़िया सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां परिजनों की मदद से घायल युवक को बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां उसका इलाज चिकित्सक की देखरेख में किया जा रहा है। उधर सड़क दुर्घटना को लेकर घायल युवक ने बताया कि वो अपने बाईक पर सवार होकर किसी मीटिंग में भाग लेने के लिए जा रहा था कि तभी पीछे से अज्ञात स्कोर्पियो वाहन चालक ने उसे टक्कर मारकर मौके पर से फरार हो गया। उधर घायल युवक के गर्दन में गंभीर चोटे आई है जिसका सदर अस्पताल में इलाज जारी है।

झरना टोला में टोटो से दबकर महिला हुई गंभीर रूप से घायल, लाया गया सदर अस्पताल

तालझारी संवाददाता: तालझारी थाना क्षेत्र के महाराजपुर तालझारी सड़क के बीच खरबन्नी गांव के झरना टोला के समीप एक टोटो पलट जाने से टोटो पर बैठी कैरासोल निवासी महिला फुलमुनी देवी पति रसिक तुरी टोटो के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई। वही टोटो चालक भी टोटो के नीचे दब गया जिसके कारण उसके बाया पैर टूट गया। जानकारी के अनुसार बागजोडी निवासी टोटो चालक भागवत टुडू 47 वर्ष पिता करण टुडू पैसेंजर को बैठाकर मंगलहाट हटिया ले जा रहे थे। जहां टोटो अनियंत्रित होकर खरबन्नी गांव के समीप झरना टोला रोड से नीचे पलटी मार दिया जिसके कारण टोटो में बैठी कैरासोल गांव निवासी महिला टोटो के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उधर टोटो के नीचे दब जाने से महिला के गले में गंभीर चोट आई है जिससे उसकी हालत नाजुक बनी हुई थी।

नॉर्थ कॉलोनी स्थित सिग्नल व टेलीकॉम विभाग के स्टोर रूम में लगी भयानक आग, मची अफरातफरी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

साहिबगंज: नगर थाना क्षेत्र के नॉर्थ कॉलोनी स्थित रेलवे विभाग के सिग्नल व टेलीकॉम विभाग के स्टोर रूम में मंगलवार को अचानक आग लग गई जिसके कारण स्टोर रूम में रखा केबुल तार में आग पकड़ ली और पूरा तार धू धुकर जलने लगा। उधर आग की लपटें इतनी उठने लगी की उसे 25 किलोमीटर दूर से भी देखा तो सकता था। उधर आग लगने की जानकारी जैसे ही रेलवे के वरीय अधिकारियों को मिली वे फौरन घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गए। उधर आग लगने की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गई जिसके बाद 2 गाड़ी दमकल घटनास्थल पर भेजी गई जहां अग्निशमन विभाग के कर्मी व रेलवे के कर्मियों की मदद से आग बुझाते हुए देखा गया। उधर आग इतनी भयावह थी कि उसपर पानी का कोई असर नहीं हो रहा था जिसके बाद बालू व रेत डालकर आग बुझाने में सभी लोग लगे थे। उधर स्टोर रूम में आग कैसे लगी यह अभी तक पता नहीं चल पाया है।

ड्रीम 11 में रातों रात करोड़पति बनने के चक्कर में कंगाल हो रहे युवा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

कोटालपोखर:- ड्रीम 11 यह बहुत ही खतरनाक बीमारी के तौर पर उभर रही है। इस खेल पर समय रहते रोक लगानी होगी या फिर कोई और स्थाई समाधान ढूंढना होगा अन्यथा वित्तीय जोखिम के साथ साथ मानसिक बीमारी के जन्म का कारण बनने लगा है। चूंकि ड्रीम 11 एक ऐसा खेल है जो 59 रुपए में युवाओं को रातों रात करोड़पति बनने का सपना दिखा रहा है। कभी जीतने पर 1 करोड़ तो कभी 2 करोड़ और आजकल 4 करोड़ की राशि जीतने पर दी जा रही है। इस चक्कर में लाखों युवाओं को इस खेल की लत लगी हुई है और अपनी वर्षों की मेहनत की कमाई को यूं ही बर्बाद करने में लगे हुए हैं। उधर सरकारी क्षेत्र में तैनात कर्मचारी भी इसका शिकार बनते जा रहे हैं। आखिर बने भी क्यों ना दिन में कोई चैनल खोले तो ड्रीम 11 का विज्ञापन पल पल आपके आंखों के सामने चलता रहेगा। वही बड़े बड़े सितारे इस खेल का प्रचार करते देखे जाते हैं और विज्ञापन के अंत में यह जरूर बोलते हैं कि इसमें वित्तीय जोखिम है और इसकी लत लग सकती है। जब आस पड़ोस में कोई आदमी करोड़पति बनता है तो दिमाग का कीड़ा और जाग जाता है कि जब यह जीत सकता है तो मैं क्यों नहीं। अब तो देखा देखी में एक नहीं 15 से 20 टीमों में पैसे लगाकर करोड़पति बनने की फिराक में रहते हैं। जहां लालच आता ही है लेकिन यह लालच न आए उसके दृढ़ शक्ति बहुत कमजोर होती है। ऐसे भी कई लोग हैं जो ड्रीम 11 पर इसका शिकार हो रहे हैं। 59 रुपए लगाकर करोड़पति का सपना जब टूट जाए तो कहते हैं 59 रुपए ही तो गए लेकिन 59 रुपए भी तो मुफ्त में गए क्योंकि सामने वाले तो पहले ही बोला था वित्तीय जोखिम है लेकिन आपने नहीं सुनी। वही करोड़पति बनने के लिए एक नहीं कई कई टीमों में पैसे लगाकर इंतजार में बैठे रहते हैं जहां बाद में वो पैसे भी डूब रहे हैं। इस बबार्दी में युवा पीढ़ी ही नहीं कई बुद्धिजीवी भी प्रतिदिन हजारों रुपए इस खेल में लग रहे इस खेल में प्रतिदिन पैसे की बबार्दी देख मानसिक तनाव से पीड़ित हो रहे हैं। वहीं छोटी छोटी बातों पर परिजनों से नोकझोंक भी हो जाती है। वही युवाओं में तनाव व चिड़चिड़ापन देखा जा रहा है। ये खेल नशे की भांति युवाओं के मानसिक संतुलन को खोखला कर रहा है। समाज का एक वर्ग इस खेल को सही मानता है और एक वर्ग ने इसे आधुनिक जुए की संज्ञा दी है। अब युवाओं और बुद्धिजीवियों को खुद तय करना है कि इस खेल में भाग लेना है या दूरी बनानी है।

झारखंड, बंगाल सीमा पर स्थित चेक पोस्ट पर एसएसबी जवान व पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

उज्जवल दुनिया संवाददाता

बरहरवा: भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त चुनावी तारीख का ऐलान करते ही आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गई है। साथ ही लोकसभा आम चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने की दिशा में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सहित जिला पुलिस प्रशासन ने चुनावी प्रोटोकॉल के अनुरूप गाइडलाइन की अनुपालनार्थ में हर एक अवयवों पर गहनता के साथ अमलीजामा पहनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। नतीजतन चुनाव से संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा गठित सभी टीमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने में अहम किरदार अदा कर रहे हैं। वही मंगलवार की दोपहर 3:50 बजे अपराहन के आसपास इंटर स्टेट बॉर्डर (झारखंड पश्चिम बंगाल बॉर्डर) स्थित बरहरवा प्रखंड के फुटानी मोड़ चेक पोस्ट में तैनात पुलिस प्रशासन को मुस्तैदी से ड्यूटी करते हुए देखा गया। साथ ही आवागमन कर रहे सभी वाहनों की वाहन संख्या को रजिस्टर में दर्ज करने सहित निरीक्षण व साघनता से चेकिंग करते हुए भी देखा गया। उधर इंटर स्टेट बॉर्डर यानी झारखंड पश्चिम बंगाल बॉर्डर स्थित फुटानी मोड़ चेक पोस्ट पर तैनात बरहरवा थाना के एएसआई शिशिर कुमार यादव के नेतृत्व में जहां वाहनों का चेकिंग करते हुए देखा गया।

सोशल मीडिया परफॉर्मेंस इंडेक्स से संबंधित बैठक का आयोजन

साहिबगंज: समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा की अध्यक्षता में सोशल मीडिया परफॉर्मेंस इंडेक्स से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। जहां लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मतदाता को सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता करने के लिए किस प्रकार सोशल मीडिया से जुड़कर अधिक से अधिक लोगों को सोशल मीडिया से जोड़कर साहिबगंज जिला के मतदान प्रतिशत को बढ़ाने से संबंधित चर्चा की गई। इसको लेकर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से मतदान की तिथि एवं मतदाताओं को अधिक जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा छोटा छोटा जागरूकता वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम आदि के माध्यम से अपलोड कर मतदाताओं से वोट डालने की अपील किया जा रहा है। उधर बैठक में उपस्थित विभिन्न महाविद्यालय के प्राचार्य, विद्यालयों के प्राचार्य, संगीत शिक्षक, विभिन्न संस्थाओं एवं कला जगत के गणमान्य लोग और विभिन्न संस्थाओं के कंप्यूटर ऑपरेटर के द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के परिपेक्ष्य मतदाता जागरूकता क्रिएटिव आइडियाज एवं वीडियो क्रिएशन के माध्यम से सोशल मीडिया के माध्यम से किस प्रकार अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच जाएंगे उसके लिए सभी ने अपना अपना विचार व्यक्त किया। इस मौके पर अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरूण कुमार भोक्ता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसपीएल मार्टिन तारीक, विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, विद्यालयों के प्राचार्य, संगीत शिक्षक, कला जगत से जुड़े लोग एवं विभिन्न संस्थाओं के कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे।

प्रखंड क्षेत्र के 4 मतदान केंद्रों पर चलाया गया जागरूकता अभियान

उधवा: मंगलवार को प्रखंड उधवा अंतर्गत स्वीप कोषांग के तहत 4 मतदान केंद्रों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां पंचायत उत्तर पियारपुर के मध्य विद्यालय के मतदान केंद्र संख्या 357 में स्वीप के बैनर तले चुनाव का पर्व देश का गर्व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विशाल पांडे ने बताया की प्रखंड अंतर्गत 4 मतदान केंद्र जहां पिछले लोकसभा चुनाव में 50 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था इसलिए इन सभी मतदान केंद्रों में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किया जायेगा जिससे इस वर्ष मतदान प्रतिशत बढ़े। वही नोडल निर्वाचन सह बीपीओ गगन बापू ने आम जनता से अपील की इस चुनाव के महापर्व में सब बढ़ चढ़ भाग ले। इस दौरान चुनाव संवाद, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, डमी ईवीएम का प्रदर्शन भी किया गया। अंत में एईआरओ विशाल पांडे ने उपस्थित सभी लोगों को मतदाता का शपथ भी दिलाया। इसी प्रकार गंगा के टापू में स्थित मतदान केंद्र 347 बानू टोला, 371 में असराउल टोला और 368 पश्चिम प्राणपुर में सुपरवाइजर के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बीपीओ गगन बापू, स्वीप नोडल मो. सोहर वर्दी, सुपरवाइजर मनोज कुमार, रतन मंडल, जेएसएलपीस के आनंद कुमार, बीएलओ मेमनारा खातून, शबनम प्रवीण, रेजिना बीबी, रूबीना खातून सहित अन्य उपस्थित थे।

रामनवमी को लेकर पुलिस जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

बरहेट संवाददाता: रामनवमी पर्व को लेकर थाना प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान बरहरवा एसडीपीओ मंगल सिंह जमुदा, इंस्पेक्टर नुनुदेव राय, सीओ चोनाराम हेंब्रम के अलावा अन्य पुलिस बल मौजूद रहे। वही फ्लैग मार्च बरहेट बाजार, सोनाजोरी के अलावा विभिन्न चौक चौराहा से होकर फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान बरहरवा एसडीपीओ मंगल सिंह जमुदा ने कहा कि शांतिपूर्ण रूप से रामनवमी पर्व का त्योहार भाईचारे के रूप में मनाए एवं शांति वातावरण रखें किसी भी तरह का भेदभाव ना रखे। इस मौके पर एएसआई जमील के अलावा अन्य एसएसबी के जवान मौजूद थे।

उलगुलान न्याय महारैली को लेकर इंडिया गठबंधन दलों की ग्रामीण विकास मंत्री के पैतृक आवास इस्लामपुर में बैठक संपन्न

उज्जवल दुनिया संवाददाता

बरहरवा: कांग्रेस जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान की अध्यक्षता में मंगलवार को सूबे के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पैतृक आवास इस्लामपुर में उलगुलान न्याय महारैली को लेकर इंडिया गठबंधन दलों के कार्यकताओं की एक बैठक आहुत की गई है। उक्त बैठक में इंडिया गठबंधन के जिला स्तरीय, प्रखंड स्तरीय, प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजुद रहे। उक्त बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर अहम चर्चा हुई। वही इंडिया गठबंधन दलों की उलगुलान न्याय महारैली जो रांची में 21 अप्रैल को है उक्त कार्यक्रम में कार्यकताओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने को कहा गया। वही इंडिया गठबंधन के इस बैठक में मंच पर वर्तमान सांसद और राजमहल लोकसभा सीट से झामुमो के वर्तमान प्रत्याशी विजय हंसदा, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम, नजरुल इस्लाम आदि आज की बैठक में मौजूद थे। उधर बैठक करने का मुख्य उद्देश्य यह था की इंडिया गठबंधन के द्वारा आगामी 21 अप्रैल को अपराह्न 1 बजे प्रभात तारा मैदान धुर्वा रांची में उलगुलान न्याय महारैली का आयोजन किया गया है और इस रैली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं इंडिया गठबंधन के राष्ट्रीय स्तर के कई वरीय नेता और राज्य स्तरीय नेता उपस्थित रहेंगे। उधर वर्तमान समय में जो अभी देश की स्थिति है उसे देखते हुए जो हर तरह से जो वर्तमान सरकार मोदी सरकार कोई नियम कानून की परवाह किए बिना अपने मनमानी तरीके से या समझदारी तरीके से व लोकतांत्रिक तरीके से हर काम को करना चाहती है और कर रही है इसके लिए इंडिया गठबंधन में इस बार पूरा कमर कस चुकी है। वही आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को भगाना है और इंडिया गठबंधन की सरकार देश में बनाना है इसी के तहत 21 तारीख की रैली में ज्यादा से ज्यादा जुटान हो सके इसको लेकर यह बैठक की गई। वही पूरे देश भर में इंडिया गठबंधन के तहत एक संदेश हम लोग दे सके लोगों के बीच में एक संदेश जाए विश्वास जगे। वही इंडिया गठबंधन जो बना है उनकी सरकार आती है तो आज जो इतना महंगाई बेरोजगारी देश में बढ़ी हुई है इस पर अंकुश लगेगा इसलिए हम लोग बहुत ज्यादा से ज्यादा संख्या में विशेष करके साहिबगंज जिला और पाकुड़ जिला से कैसे पहुंचे इसके लिए सभी लोग आज यह बैठक कर रहे हैं और इस बैठक में सभी लोग अपने-अपने विचार को रखते हुए नजर आए। उधर बारी बारी से इस रैली को कैसे सभी लोग सफल बनाऐं और यहां से ज्यादा से ज्यादा में संख्या में लोग रांची पहुंचें इस बात पर चर्चा की गई। इस बैठक के मौके पर पाकुड़ जिलाध्यक्ष बलाई सरकार, साहिबगंज जिलाध्यक्ष बरकत खान, साथ में झामुमो पाकुड़ जिलाध्यक्ष श्याम यादव, झामुमो जिलाध्यक्ष शाहजहां अंसारी, जिला के पदाधिकारी सहित प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रखंड के पदाधिकारीगण मौजूद थे।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विद्या लक्ष्मी द्वारा शिव साई पब्लिकेशन प्रा. लि. , काठी टांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित , संपादकः मानवेंद्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, RNI No.-JHAHIN/ 2014/ 59794

लोकसभा चुनाव : बस्तर में मतदान कराने के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हुई पोलिंग पार्टी

बीजापुर / रायपुर(एजेंसी)। लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में मतदान दल आज सुबह (मंगलवार) को हेलीकॉप्टर से रवाना हो गए हैं। बस्तर के अंदरूनी इलाकों में हेलीकॉप्टर से 75 केंद्रों में आज मतदान दल भेजे जा रहे हैं। सुरक्षा कारणों से तीन दिन पहले ही मतदान दलों को केंद्रों में भेजा जा रहा है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में चुनाव कराना चुनाव आयोग के लिए बड़ी चुनौती है। यहां 19 अप्रैल को मतदान होना है।

बस्तर में मतदान को लेकर रायपुर स्थित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में राज्य के उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलाभ साहू ने मीडिया को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि, बस्तर नक्सल प्रभावित क्षेत्र है इसलिए चुनाव आयोग ने यहां 2 एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की है। जो किसी भी अप्रिय स्थिति में तत्काल चुनाव कार्य में लगे कर्मचारियों और फोर्स के लिए मौजूद रहेगी।

चुनाव आयोग के मुताबिक बस्तर में शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान दलों की रवानगी होगी। मतदान केंद्रों के आसपास पहले से सर्चिंग चल रही है। चुनाव के लिए अतिरिक्त फोर्स की तैनाती भी की गई है। बस्तर के कई हिस्सों में मतदान दलों को हेलिकॉप्टर से पहुंचाया जाएगा।

तीन दिन पहले हेलीकाप्टर से पोलिंग पार्टी को भेजा गया

बस्तर लोकसभा सीट के 1,957 मतदान केंद्र में से अतिसंवेदनशील 150 मतदान केंद्रों के लिए तीन दिन पहले हेलीकाप्टर से दलों को भेजा गया। इसमें से करीब 75 दल आज मंगलवार को भेजा गया, जबकि बाकी 75 दल बुधवार को भेजे जाएंगे। इसके लिए सुबह छह बजे से ही मतदान दलों को बुला लिया गया।

सुबह आठ बजे से पोलिंग पार्टी को लेकर हेलीकाप्टर ने भरी उड़ान

सुबह आठ बजे से पोलिंग पार्टी को लेकर वायुसेना के हेलीकाप्टर ने उड़ान भरी। इसके लिए वायुसेना के दस से अधिक हेलीकाप्टर की व्यवस्था की गई है। दूसरी ओर बस्तर में सुरक्षित मतदान कराने का संकल्प लेकर एक लाख से अधिक बल पिछले एक माह से बस्तर में निगरानी कर रहा है। केंद्र से सुरक्षा बल की 350 टुकड़ियां भी बस्तर पहुंच चुकी हैं।

वाहनों में लगाई गई है जीपीएस डिवाइस

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए प्रथम चरण में 159 मतदान केंद्र और द्वितीय चरण के कुल 112 मतदान केंद्र संवेदनशील इलाकों में हैं।

पहले चरण के लिए 69 रनर और द्वितीय चरण के लिए 132 रनर की व्यवस्था की गई है। सेक्टर आफिसर और ईवीएम, वीवीपैट के परिवहन के लिए कुल 11644 वाहनों में जीपीएस लगाए जा रहे हैं। अब तक पहले चरण के 6 जिलों के 1021 वाहनों में से 274 वाहनों में जीपीएस डिवाइस लगाई जा चुकी है।

धमतरी : बाल विवाह रोकने जिला प्रशासन ने की तैयारी, टीम गठित

धमतरी, (एजेंसी)। बालविवाह को लेकर शासन स्तर पर लगातार जागरुकता अभियान चलाए जाने के बाद भी कुछेक पालक अपने बच्चों का बाल विवाह कर देते हैं, जो चिंता का विषय है। पिछले आठ सालों में महिला एवं बाल विकास विभाग व जिला बाल संरक्षण विभाग ने 78 बाल विवाह रुकवाया है। रामनवमीं व अक्षय तृतीया पर्व पर सबसे ज्यादा बाल विवाह होने की आशंका रहता है। ऐसे में बाल विवाह पर नजर रखने के लिए जिला प्रशासन से तीनस्तरीय टीम गठित की गई है, जो इन दिनों विशेष तौर पर बाल विवाह कराने वाले परिवारों पर नजर रखेंगे।

जागरुकता के बाद भी बाल विवाह का नहीं रुकना जवाबदार अधिकारी-कर्मचारियों की विफलता है, क्योंकि जागरुकता के अभाव के कारण ही बाल विवाह जिले में आयोजित होता है। रामनवमीं व अक्षय तृतीया के दिन शादी का सबसे ज्यादा लग्न होता है, इस समय में बाल विवाह होने की आशंका रहता है। इस साल 17 अप्रैल को श्रीराम नवमीं और 10 मई को अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाएगा। दोनों मुहूर्त में कई शादियां है। इस बीच कुछ नाबालिग जोड़ों का ब्याह भी कर दिया जाता है, जो किसी से छिपा नहीं है। पकड़ में आने पर कार्रवाई हो जाती है, लेकिन जानकारी नहीं मिलने पर बाल विवाह आयोजित हो जाता है, जो नियम विरुद्ध है। ऐसे नाबालिग जोड़ों का ब्याह रुकवाने के लिए जिला प्रशासन इन दिनों अलर्ट हो गया है।कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से तीनस्तरीय निगरानी टीम बनाई जा रही है। जिला बाल संरक्षण टीम बाल विवाह को रुकवाने सतर्क हो गई है। बाल विवाह रोकने के लिए जिलास्तर व विकासखंडस्तर पर अधिकारी-कर्मचारियों की टीम गठित की गई है। वहीं ग्राम पंचायत स्तर पर समिति गठित की गई है। यह टीम वार्ड व गांव में निगरानी करते हुए बाल विवाह को रुकवाएंगे। ब्लॉकस्तर पर बनाए गए निगरानी टीम में परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, संबंधित थानों के थाना प्रभारी, प्रतिनिधि चाइल्ड लाइन शामिल रहेंगे। इसी तरह ग्राम पंचायत स्तर में गठित टीम में बाल संरक्षण समिति के अध्यक्ष, सरपंच एवं सचिव, पंच, ग्राम के सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, मितानिन, महिला समूह से दो महिलाएं तथा हाईस्कूल से दो छात्रों को समिति में सम्मिलित किया गया है।

धमतरी : उत्साह से निकलेगी भगवान श्रीराम की शोभायात्रा, भक्तों में उत्साह

धमतरी, (एजेंसी)। चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी तिथि पर बुधवार 17 अप्रैल के शुभ दिन रामनवमी का पावन पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। रामनवमीं को उल्लासपूर्वक मनाने के लिए श्रीराम जन्मोत्सव समिति ने तैयारी की है। आज शहर में भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

रामनवमी पर इस बार रवि योग का शुभ संयोग बन रहा है। इस अवधि में पूजन करने वाले भक्तों पर मयार्दा पुरुषोत्तम राम की विशेष कृपा बरसेगी। रामनवमी की तैयारी मंदिरों में भी जोरों पर है। मंदिर में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस बार रामनवमी पर्व खास है, क्योंकि सालों की प्रतिक्षा एवं संघर्ष के बाद अयोध्या में राम मंदिर बनने से भक्तों में खासा उत्साह है। इस बार यह पर्व सत्रह अप्रैल को मनाया जाएगा। ज्योतिषियों के अनुसार की रामनवमी चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमीं तिथि को मनाया जाता है। इस बार पर्व में पूरे दिन रवि योग का शुभ संयोग बन रहा है। उक्त अवधि में भगवान राम के पूजन करने वाले भक्तों पर विशेष कृपा बरसेगी। इसे लेकर भक्तों में दोगुना उत्साह देखने को मिल रहा है। इतवारी बाजार स्थित किले रामंदिर में भी रामनवमी पर्व के तहत राम जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके तहत सुबह सात बजे भगवान राम का अभिषेक, पूजन एवं श्रृंगार होगा। 10 बजे रामायण पाठ, सुंदरकांड पाठ के बाद भक्तिमय हनुमान चालीसा पाठ होगा। इसी तरह किले के हनुमान मंदिर, लालबगीचा के राम मंदिर, रूद्री स्थित रूद्रेश्वर मंदिर सहित अन्य स्थान के मंदिरों में भी राम जन्म उत्सव धूमधाम से मना रामनवमीं पर्व की खुशियां बांटी जाएगी।

शोभायात्रा में अस्त्र-शस्त्रों के प्रदर्शन पर रहेगा प्रतिबंधित

श्री रामनवमीं पर्व को शांतिपूर्वक ढंग से मनाने के लिए जिला पंचायत सीईओ और एसपी ने शांति समिति और रामनवमीं शोभायात्रा समिति के पदाधिकारियों की बैठक ली। जिसमें पुलिस, प्रशासन ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जुलूस में अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि विस्तार यंत्र भी न्यायालय के नियमानुसार निर्धारित समय बाद प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचरण संहिता का पालन करते हुए त्योहारों को पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ मनाएं।

लोकसभा चुनाव : मुख्यमंत्री साय ने कांग्रेस की मौजूदा स्थिति को लेकर कसा तंज

रायपुर, (एजेंसी)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की मौजूदा स्थिति को लेकर तंज कसा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस बिखराव की स्थिति में है। कल दुर्ग में भूपेश बघेल की भाभी सीमा बघेल ने बीजेपी में प्रवेश किया। आज कांग्रेस की स्थिति है कि बड़े नेताओं के घर में भी बिखराव हो रहा है। उन्होंने कांग्रेस के बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र यादव को लठैत कहे जाने पर कांग्रेस के यादव समाज का अपमान बताए जाने पर कहा कि यह गलत आरोप है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है। पहले भी मेरे कुछ बयान को तोड़मरोड़कर पेश किया गया था। मैंने यादव समाज को नहीं, देवेंद्र यादव को लठैत कहा था। देवेंद्र यादव ने अपने एक बयान में कहा था कि जरूरत पड़ेगा तो लठ भी उठा लेंगे, इसी का जवाब मैंने मजाक में दिया था।

वहीं कांग्रेस द्वारा महिलाओं से महालक्ष्मी गारंटी योजना के 35 लाख फार्म भरवाये जाने पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इसका कोई असर नहीं होने वाला है। कांग्रेस जनता का विश्वास खो चुकी है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा और कांग्रेस के बीच जारी कार्टून वार पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मोदी जी की मर्जी कहां चलती हैं। वह संकल्प पत्र बनाए हैं, जिससे पूरे देश भर से सबका सुझाव मंगाया है। ऑनलाइन मंगाया है। सबको मिला-जुला के मोदी की गारंटी 2024 और संकल्प पत्र बना है।

एक लाख के इनामी नक्सली सहित तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा, (एजेंसी)। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान पूना नर्कोम-नई सुबह, नई शुरूआत तथा अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से नक्सली संगठन में सक्रिय एक हार्डकोर नक्सली सहित कुल तीन नक्सलियों ने मंगलवार को नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में परमेश्वर तिलकवार, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सुकमा के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है।

आत्मसमर्पित नक्सलियों में वण्डो हिड़मा पिता स्व. नंदा (सिंघनमडगू आरपीसी. सीएनएम अध्यक्ष इनामी एक लाख रुपये) निवासी छोटेकेडवाल थाना चिंतागुफा, सोड़ी हुंगा पिता स्व. लक्खा (तुमालपाड़ आरपीसी डीएकेएमएस सदस्य) निवासी तुमालपाड़ थाना चिंतागुफा एवं सोड़ी देवा पिता स्व. हिड़मा (अरलमपल्ली पंचायत आरपीसी. उपाध्यक्ष) निवासी अरलमपल्ली पटेलपारा थाना पोलमपल्ली शामिल है।

इनामी नक्सली वण्डो हिड़मा को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में 131 वाहिनी सीआरपीएफ के आ-सूचना शाखा, सोड़ी हुंगा को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में 212 वाहिनी सीआरपीएफ के आसूचना शाखा एवं सोड़ी देवा को आत्समर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में डीआरजी तथा 208 वाहिनी कोबरा की आसूचना शाखा का प्रयास रहा है। सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधाएं प्रदाय कराये जाएंगे।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आत्मसमर्पित नक्सली वण्डो हिड़मा नक्सल संगठन में वर्ष 2005- 2015 तक सिंघनमडगू आरपीसी सीएनएम सदस्य, वर्ष 2016 से अब-तक सिंघनमडगू आरपीसी सीएनएम अध्यक्ष के पद पर सक्रिय रहा। आत्मसमर्पित नक्सली सोड़ी हूंगा नक्सल संगठन में वर्ष 2008-2009 तक ग्राम तुमालपाड़ बाल संघम सदस्य, वर्ष 2010-2018 तक बीमार होने के कारण संगठन छोड़कर घर पर निवासरत, वर्ष 2019 में पुनः संगठन में जुड़कर अब-तक तुमालपाड़ आरपीसी डीएकेएमएस सदस्य के पद पर सक्रिय रहा। आत्मसमर्पित नक्सली सोड़ी देवा नक्सल संगठन में वर्ष 2016 से 2018 तक ग्राम अरलमपल्ली डीएकेएमएस सदस्य, वर्ष 2019 से 2021 तक अरमलपल्ली पंचायत जनताना सरकार उपाध्यक्ष, वर्ष 2022 से अब-तक अरमपल्ली पंचायत जनताना सरकार उपाध्यक्ष के पद पर सक्रिय रहा।

निर्वाचन कार्य में संलग्न वाहन चालकों-परिचालकों व 3646 कर्मचारियों को जारी किया गया ईडीसी

जगदलपुर (एजेंसी)। लोकसभा निर्वाचन के तहत निर्वाचन दायित्व में सलंग्न अधिकारियों-कर्मचारियों व अन्य व्यक्तियों को ईडीसी (निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र) के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदाय की जा रही है। निर्वाचन आयोग की मंशा है कि मतदान दिवस में सभी नागरिकों को उनके मताधिकार का उपयोग करने का अवसर दिया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग लोकतंत्र के पर्व में जुड़कर देश के विकास और निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभा सकें। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा इस दिशा में निर्वाचन कार्य हेतु सलंग्न 3646 अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान करने के लिए निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम ने विद्या ज्योति स्कूल में निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र जारी की जा रही कार्य का निरीक्षण भी किया।

कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित ना हो इसी के तहत निर्वाचन कार्य में संलग्न वाहनों, अधिग्रहित बसों तथा अन्य वाहनों के चालक-परिचालकों को भी ईडीसी जारी किया गया है। जिले में चुनाव ड्यूटी में लगे ऐसे लगभग 150 चालक-परिचालकों को निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र जारी किया गया है। इस हेतु क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के सहयोग से पूर्व में ही संबंधित चालकों एवं परिचालकों से फार्म 12 क भरवा लिया गया है। इसके अलावा निर्वाचन कार्य के लिए साथ ही सुरक्षा बलों के जवानों को उनके आवेदन के आधार पर डाक मतपत्र से मतदान करने के लिए सुविधा दी जा रही है। इस हेतु मतदान दल प्रशिक्षण स्थल विद्या ज्योति स्कूल में डाक मतपत्र से मतदान के लिए सुविधा केन्द्र बनाया गया है। इसके अतिरिक्त डाक मतपत्र से मतदान के लिए सुविधा केन्द्र 17 अप्रैल को संयुक्त जिला कार्यालय में भी संचालित की जाएगी।डाक मतपत्र और ईडीसी में मुख्यतः अंतर यह होता है कि डाक मतपत्र का इस्तेमाल तब किया जाता है जब व्यक्ति निर्वाचन कर्तव्य में अपने निर्वाचन क्षेत्र से बाहर तैनात होता है, जबकि ईडीसी निर्वाचन क्षेत्र के अंदर तैनात होने की स्थिति में दिया जाता है। चूंकि बस्तर जिले की सभी विधानसभा क्षेत्र बस्तर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत ही आती है। अतएव इस चुनाव में निर्वाचन में संलग्न व्यक्तियों को ईडीसी जारी किया जा रहा है। इस प्रमाण पत्र को दिखाने पर संबंधित व्यक्ति अपने मतदान केन्द्र के अतिरिक्त किसी भी अन्य मतदान केन्द्र में ईव्हीएम से ही मतदान कर सकता है। इसके लिए कोई अन्य व्यवस्था करने की आवश्यकता नहीं होती है और मतदाता व मतदान दल दोनों को सहूलियत होती है। हालांकि सुरक्षा बल के ऐसे जवान जो मतदान दिवस पर किसी मतदान केन्द्र में सुरक्षा डयूटी की वजह से नहीं पहुंच पायेंगे उन्हें पूर्व की तरह ही डाक मतपत्र की सुविधा प्रदान कर सुविधा केन्द्र के माध्यम से मतदान कराया जा रहा है ताकि कोई मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न हो सकें।

विधानसभा वार मतदान दलों और माइक्रो ऑब्जर्वर का तृतीय रेंडमाइजेशन

जगदलपुर (एजेंसी)। लोकसभा निर्वाचन के तहत बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों, दिव्यांगजनों द्वारा संचालित मतदान केंद्रों, युवा मतदान केंद्र और संगवारी मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों का तृतीय रेंडमाइजेशन प्रेक्षक जे. गणेशन की उपस्थिति में मंगलवार को किया गया। प्रेक्षक गणेशन नारायणपुर जिले के एनआईसी कक्ष से जुड़े हुए थे। विधानसभा क्षेत्र कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, जगदलपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा (सुकमा) के जिला निर्वाचन अधिकारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में ऑनलाइन रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया किया गया।

जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के नेतृत्व में तृतीय रेंडमाईजेशन किया गया। बस्तर जिले के बस्तर विधानसभा क्षेत्र में 10 संगवारी मतदान केंद्र, एक दिव्यांगजनों द्वारा संचालित मतदान केंद्र और 05 युवा मतदान केंद्र, जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में 101 संगवारी मतदान केंद्र, एक दिव्यांगजनों द्वारा संचालित मतदान केंद्र और 05 युवा मतदान केंद्र और चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में 14 संगवारी मतदान केंद्र, एक दिव्यांगजनों द्वारा संचालित मतदान केंद्र और 05 युवा मतदान केंद्र सहित सभी मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों, रिजर्व मतदान दलों का रेंडमाइजेशन किया गया। इसके अलावा माइक्रो ऑब्जर्वरों का भी रेंडमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा सहित अन्य सहायक रिटर्निंग अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

विशाल रंगोली व मानव श्रृंखला बनाकर मतदान हेतु जागरुकता का दिया संदेश

सुकमा, (एजेंसी)। जिले में लोकसभा चुनाव अंतर्गत प्रशासन के द्वारा चलाये जा रहे जिलास्तरीय स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय सुकमा के खेल मैदान में आज मंगलवार को जिलास्तरीय वृहद स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने मतदाता जागरुकता हेतु विशाल रंगोली व मानव श्रृंखला बनाकर शत-प्रतिशत मतदान हेतु जागरुकता का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि नक्सल प्रभावित जिले में शत-प्रतिशत मतदान के प्रयास हेतु इस कार्यक्रम में जिले के समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी स्कूल के बच्चों ने सहभागिता निभाते हुए मतदान हेतु जागरुकता किया।

टी. पी. नगर कोरबा के सामने शीतल शरबत मंदिर का शुभारम्भ

कोरबा,(एजेंसी)।कोरबा विधायक कार्यालय टी. पी. नगर कोरबा के सामने शीतल शरबत का विधिवत शुभारम्भ पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने आज (मंगलवार) प्रातः 11:00 बजे किया। जयसिंह अग्रवाल की ओर से शांति देवी मेमोरियल सोसाईटी इसका संचालन करेगा। शीतल शरबत मंदिर का विधिवत शुभारम्भ जयसिंह अग्रवाल ने शरबत पिला कर किया।

जयसिंह अग्रवाल ने इस मौके पर कहा कि गर्मी के मौसम में प्यास से बेहाल लोगों को शीतल पेयजल व शीतल शरबत उपलब्ध कराना पुनीत कार्य है। यह कोरबा का प्रमुख मार्ग है और अब राहगीरों को इस गर्मी के मौसम में प्रतिदिन यहां शीतल शरबत मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले कई वर्षो से जयसिंह अग्रवाल के द्वारा उक्त स्थल पर प्रतिवर्ष शीतल जल व शीतल शरबत का निःशुल्क वितरण कराया जाता है।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुकेश राठौर ने बताया कि प्रतिदिन यहां भिन्न-भिन्न फ्लेवर के शरबत का वितरण कराया जाता है। जिसमें मैंगो, ऑरेंज, नींबू, चीकू, अनानस आदि फ्लेवर होते है। इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी लक्ष्मी नरायण देवांगन ने बताया कि किसी प्यासे को पानी पिलाना परोपकार और मानवता की सेवा है। उन्होने कहा कि पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल की गर्मी के मौसम में यह अनूठी पहल सराहनीय है।

इस मौके पर नत्थुराम यादव, सत्येन्द्र वासन, उषा तिवारी, भावना जायसवाल, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, विकास सिंह, राकेश पंकज, मस्तुल कंवर, डॉ ओम प्रकाश, सत्या साहू, गीता महंत, विनोद अग्रवाल सहित अनेकों कार्यकर्ता व आम लोग उपस्थित थे।

मां की अनोखी भक्ति : ईश्वरी चौहान कील पर लेटकर पेट पर जला रही मनोकामना ज्योति कलश, उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

कोरबा, (एजेंसी)। आदि शक्ति की 9 दिन तक चलने वाली भक्ति के पर्व नवरात्र पर्व पर माँ की भक्ति की अटूट श्रद्धा का उदाहरण पाली विकासखंड के ग्राम नेवसा में नजर आ रहा है। 9 दिन तक चलने वाले इस पर्व पर एक संकल्प के साथ निर्जल व्रत रहकर नेवसा निवासी 33 वर्षीय ईश्वरीय चौहान द्वारा लकड़ी के पटरा पर कील ठोकर पीठ के बल लेटकर पेट में जलते हुए मनोकामना ज्योति कलश को रखी हुई हैं। आमतौर पर पेट पर जलते मनोकामना ज्योति कलश रखने वाला भक्ति का स्वरूप दिखा है, किंतु खिले पर लेटकर पेट में ज्योतिकलश रखकर भक्ति का ऐसा स्वरूप कभी कभार ही दिखा है।

इस संबंध में ईश्वरीय चौहान पति छोटेलाल चौहान ने बताया कि एक वर्ष पूर्व से सपने में छोटी बच्ची दिखाई पड़ रही थी, जो पूजा करने के लिए प्रेरित कर रही थी. इसकी जानकारी वे अपने पति को दी और पूजा पाठ करने की बात कही। फिर क्वांर नवरात्रि से पूजा-पाठ करने की इच्छा बढ़ गई, तब पुनः एक सफेद साड़ी में एक महिला आकर रूद्राक्ष की माला से जोर- जोर आवाज से जाप करने लगी और कील का बिछावन दिखा, जब सुबह उठी तो वह मंत्र व सपना पूरी तरह याद रहा। इस सपना की सारी बात वे पति को बताई और कील ठोककर बाजवट तैयार किया गया तथा तीन माह से रुद्राक्ष माला एवं सपने में सुने मंत्र को जपने लगी। पूरे नौ दिनों तक अन्न जल फल न खाने न पीने का प्रण लिया। नोकिले कील पर सोने पर भी उसे साधारण बिस्तर पर लेटी हूं जैसे लग रहा है।

सरोज पांडेय ने जमा किया नामांकन, कहा जनता और माता का मिलेगा आशीर्वाद

कोरबा, (एजेंसी)। कोरबा लोकसभा क्षेत्र की भाजपा उम्मीदवार सरोज पांडेय ने आज 16 अप्रैल नवरात्रि के अष्टमी पर निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया।

नामांकन दाखिल करने के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि शक्ति और भक्ति का पर्व का जिसे हम सब इस पर्व को बड़े ही आस्था के साथ मनाते हैं, आज महाअष्टमी का पर्व है। इस मौके पर अपना नामांकन दाखिल किया है, माता और जनता का आशीर्वाद मिलेगा। जनता के बीच विकास और भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाकर समर्थन मांगा जा रहा है, पिछले पांच वर्षों में यहां विकास शून्य और भ्रष्टाचार असीम बना रहा है। उन्होंने बताया कि 18 अप्रैल को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में वरिष्ठ नेताओं के साथ पुनः नामांकन दाखिल किया जाएगा।

इस मौके पर केबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, आरिफ खान समेत भाजपा के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

कोंटा के 26, नारायणपुर के 33 व बीजापुर के 76 मतदान केंद्र हेतु मतदान दल हेलीकॉप्टर से हुए रवाना

जगदलपुर, (एजेंसी)। लोकसभा निर्वाचन 2024 प्रथम चरण के निर्वाचन के तहत बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को मतदान करवाने के लिए बस्तर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र कोंटा, बीजापुर और नारायणपुर से पी-3 के तहत मतदान दलों को हेलीकॉप्टर से आज मंगलवार से रवाना की जा रही है। मतदान दिवस से तीन दिन पूर्व तीनों विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील क्षेत्रों के मतदान केंद्रों हेतु मतदान करवाने के लिए मतदान दलों को विधानसभा क्षेत्र कोंटा के 26 मतदान केंद्र, नारायणपुर के 33 और बीजापुर के 76 मतदान केंद्रों के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना किया जा रहा है। दलों की रवानगी के दौरान तीनों विधानसभा क्षेत्र के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों ने उपस्थित होकर मतदान दलों का हौसला-अफजाई कर उन्हें शांतिपूर्ण ढ़ंग से निर्विघ्न एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न करवाने की शुभकामनाएं दी।

अष्टमी पर हवन पूजन, नौ कन्या भोज भी हुआ

धमतरी, (एजेंसी)।चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर तिथि पर 16 अप्रैल को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित देवी मंदिरों में हवन हुआ। हवन के बाद भक्तों ने प्रसादी पाई। कई स्थानों में नौ कन्या भोज भी कराया गया। अष्टमी पर शहर की आराध्य देवी मां विंध्यवासिनी, गंगरेल की मां अंगारमोती सहित अन्य देवी मंदिरों में माता का दर्शन करने भीड़ उमड़ी। चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन देवी स्थलों पर माता की विशेष आरती हुई। शुभ मुहूर्त में हवन पूजन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद माता के नौ रूपों को नौ प्रतीक स्वरूप भोग लगाने के उद्देश्य से नौ कन्या भोज का आयोजन विभिन्न स्थलों पर हुआ।